दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, मंगलवार, 6 फरवरी, 2024, माघ कृष्णपक्ष एकादशी विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-285 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज

ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद भी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। खुद को दिल्ली का मालिक और कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल ने ईडी के पांचवें समन को भी रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया है। वे यही तोता रटंत कर रहे हैं कि ईडी का समन अवैधानिक है। ईडी को उनका शुक्रगुजार होना चाहिए कि वे अभी तक ईडी के समन को ही अवैधानिक बता रहे हैं। वे तो ईडी को ही अवैधानिक बता सकते हैं।

//-- सुविचार --//

महानता वह नहीं होती कि आप गिर गये और उठें ही ना

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:27 प्रात:

अस्त : 05:38 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.0	12.0
जमशेदपुर	31.0	15.0
हजारीबाग	27.0	11.0
डालटनगंज	29.0	10.0

संक्षिप्त खबरें

हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

रांची : प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में ईडी से नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने को कहा है। उच्च न्यायालय अब इस मामले में 12 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के खिलाफ पहले ही झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बाद में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जहां से उन्हें झटका लगा था। सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा था। इसके बाद अब झारखंड हाईकोर्ट ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने शुक्रवार को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से हाईकोर्ट जाने को कहा। इससे पहले ईडी ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था।

चंपाई सोरेन की सरकार ने जीता विश्वास मत, पक्ष में 47, विपक्ष को मिले 29 मत

रांची। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपाई सोरेन की नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने सोमवार को विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपाई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान से दूरी बना ली। सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन बीमार होने की वजह से सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। विधायक इंद्रजीत महतो बीमारी की वजह से वोट देने के लिए उपस्थित नहीं हो सके। निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे। कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में वोट किया। विधानसभा अध्यक्ष

रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद कुछ देर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। फिर से सदन की कार्यवाही विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शुरू हुई। फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया, जिसके बाद विस अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें सत्ता पक्ष को 47 तो विपक्ष को 29 वोट मिले। वोटों की गिनती के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने पहले सत्ता पक्ष को हां कहते हुए अपनी जगह पर खड़े होने को कहा। विपक्ष के लिए भी यही तरीका अपनाया गया। विधानसभा कर्मियों ने दोनों पक्षों की उपस्थितियों की गिनती की, जिसके बाद सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट में पास हो गया। अब सारी राजनीतिक गतिविधियों पर विराम लग गया। चंपाई सोरेन अब पूर्ण रूप से सरकार को चलाएंगे।

किसे कितने वोट मिले

सत्ता पक्ष- जेएमएम-28, कांग्रेस-17 (प्रदीप यादव को लेकर), राजद-01, माले-01

विपक्ष- भाजपा- 25 (बाबूलाल को लेकर), आजसू-03, एनसीपी-01 (कमलेश सिंह)

कड़ी सुरक्षा में वोट देने आये हेमंत सोरेन

ईडी की कस्टडी में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय से विधानसभा पहुंचे। विधानसभा पहुंचते ही ईडी की टीम गेट नंबर एक पर रुक गयी। वहां से हेमंत सोरेन विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा में विधानसभा में दाखिल हुए। वो पहले की तरह नेता सदन की कुर्सी पर नहीं बैठे। उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ वाली आगे की कतार में बैठने की जगह मिली। अपने कुछ साथियों से उन्होंने बात भी की। लेकिन कोर्ट की मनाही की वजह से उन्होंने मीडिया में किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया।

सीएम चंपाई सात को करेंगे मंत्रिमंडल विस्तार

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सात फरवरी को अपना मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। इस दिन मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराये जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को अपने बाकी बचे मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराएंगे और मंत्री परिषद का विस्तार करेंगे। उसी दिन देर शाम तक मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिए जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चार वर्षो से रिक्त पद 12वां बर्थ भी इस बार भरा जायेगा। राजद को छोड़ दिया जाए तो जेएमएम और कांग्रेस में काफी बदलाव देखने को मिल सकता है। सोरेन परिवार की सीता सोरेन और बसंत सोरेन दोनों को मंत्रिमंडल में एडजस्ट किया जा सकता है। वहीं और भी कुछ चेहरे बदल सकते हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। इसमें प्रदीप यादव, दीपिका पांडे और जयमंगल उर्फ अनुप सिंह का नाम चल रहा है।

हेमंत-चंपाई में मंत्रणा

सरकार का विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दूसरी तरफ ले जाकर बैठ गए और लंबी मंत्रणा की। अपने पॉकेट से एक कागज निकालकर चंपाई सोरेन को सौंपा और करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की।

'मैं आंसू नहीं बहाऊंगा', विधानसभा में बोले हेमंत सोरेन

हिम्मत है तो मेरे नाम पर जमीन के कागज दिखाएं

रांची : हेमंत सोरेन ने फ्लोर टेस्ट से पहले विधानसभा में दिए अपने भाषण में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। हेमंत सोरेन ने कहा, 'मैं आज इस सदन में चंपाई सोरेन के विश्वास मत का हिस्सा बन रहा हूं। हमारी पूरी पार्टी और गठबंधन दल चंपाई सोरेन को समर्थन करता है। 31 जनवरी की काली रात रही। देश के लोकतंत्र में यह काली रात जुड़ी। देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी में राजभवन भी शामिल रहा। जिस तरीके से यह घटना घटित हुई है। मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं।'

2022 से लिखी जा रही थी पटकथा

हेमंत सोरेन ने कहा कि 'बड़े सुनियोजित तरीके से साल 2022 से ही इसकी पटकथा लिखी जा रही थी। इस पकवान को बहुत धीमी आंच पर पकाया जा रहा था, लेकिन अभी पकवान तैयार नहीं था और इन्होंने येन-केन प्रकारेण इसी पकवान को परोस दिया। बड़े सुनियोजित तरीके से मुझे गिरफ्तार किया गया।' पूर्व सीएम ने कहा 'बाबा साहेब आंबेडकर ने सबको समानता का अधिकार दिया। इसके लिए उन्हें अपना धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म अपनाना पड़ा। आदिवासियों के साथ भी ऐसा ही होता दिख रहा है। गरीबों, दलितों, पिछड़ों पर जो अत्याचार हो रहा है, उसका जीता जागता उदाहरण 31 जनवरी की रात को देखने को मिला।'

'...अगर ऐसा हुआ तो राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा'

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'यह झारखंड है, यह देश का

एक ऐसा राज्य है, जहां हर कोने में आदिवासी-दलित वर्गों से अनगिनत सिपाहियों ने अपनी कुर्बानी दी हैं। करोड़ों रुपये डकार कर इनके सहयोगी विदेश में जा बैठे हैं, उनका एक बाल बांका करने की ईडी-सीबीआई के पास औकात नहीं है। ये सिर्फ देश के आदिवासी दलित-पिछड़ों और बेगुनाहों पर अत्याचार करते हैं, अगर है हिम्मत तो सदन में कागज पटक कर दिखाए कि यह साढ़े 8 एकड़ की जमीन हेमंत सोरेन के नाम पर है, अगर हुआ तो मैं उस दिन राजनीति से अपना इस्तीफा दे दूंगा।'

हेमंत सोरेन ने कहा कि 'हमारे विरोधियों का वश चले तो हमें फिर जंगल में जाकर 100 साल पुराना जीवन जीना पड़े। मुझे इसका आभास था, इनके अंदर छिपी कुंठा आए दिन यह बयां करती थी। इनके आक्रमणों से मुझे एहसास हो रहा था, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। हमने अभी तक हार स्वीकार नहीं की है, अगर आपको लगता है कि आप मुझे जेल भेजकर सफल हो गए हैं तो ये झारखंड है, जहां कई लोगों ने अपने प्राण न्योछावर किए हैं।'

मुहतोड़ जवाब मिलेगा

हेमंत सोरेन ने कहा, 'मुझे कोई गम नहीं कि मुझे आज ईडी ने पकड़ा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का उदय झारखंड के मान, सम्मान, स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ है और जो भी बुरी नजर डालेगा उसे हम मुंह तोड़ जवाब देंगे।' पूर्व सीएम ने कहा, 'मैं आंसू नहीं बहाऊंगा, आंसू वक्त के लिए रखूंगा, आप लोगों के लिए आंसू का कोई मोल नहीं।'

इसमें कहीं न कहीं राजभवन भी शामिल

हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी की काली रात लोकतंत्र की काली रात थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली घटना है और इस घटना को अंजाम देने में कहीं न कहीं राजभवन भी शामिल रहा है, जिस तरीके से यह घटना घटी है, मैं काफी अचंभित हूं। मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं। नियम कानून का थोड़ा अभाव रहता है। बैद्धिक क्षमता अभी हमारे पास विपक्ष जितनी नहीं है। लेकिन सही गलत की समझ हर इंसान और जानवर भी रखता है।

ये हमें जंगल भेजना चाहते हैं

सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति काफी गुस्सा है। यह कहते हैं कि ये जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। बगल में बैठ जाने से इनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। इसी को पाटने का एक प्रयास किया गया था। यही बात इन्हें नहीं पची। यह हमें अभी भी जंगल में भेज देना चाहते हैं। ये लोग चाहते हैं कि आदिवासी जंगल में ही रहे। हम जंगल से आ गये तो इन्हें तकलीफ होने लगी। इनका बस चले तो फिर से आदिवासी को जंगल ही भेज दें। अगर ये सोच रहे हैं कि मुझे जेल में डालकर इनके मंसूबे पूरे हो गये तो ये लोग भूल रहे हैं, ये झारखंड है।

फिर से समय लौटेगा, मैं फिर आऊंगा, इंतजार करें

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड का इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। षड्यंत्र का जो पैमाने ऐसा है कि कानूनी रूप से कैसे गैरकानूनी काम करना है कोई इनसे सीखे। जिसे तरीके से बंधु तिर्की की सदस्यता गयी। मेरी भी चली जाए। लेकिन जेएमएम का उदय राज्य का मान-सम्मान बचाने के लिए हुआ है और इसके लिए जो लड़ाई लड़नी होगी मैं लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि फिर से समय लौटेगा। मैं फिर आऊंगा। इंतजार करें।

रांची में बोले कांग्रेस सांसद, एचईसी को अडाणी के हाथों में नहीं जाने देंगे

सरना कोड देना होगा : राहुल

रांची : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया। राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि बीजेपी ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम)-कांग्रेस- राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। राहुल गांधी सोमवार को रांची के शहीद मैदान में आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की।

पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा

राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा- यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है। हमारा पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने वादा किया कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी।

समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा

गांधी ने कहा, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा। यह सबसे बड़ा मुद्दा है - सामाजिक और आर्थिक अन्याय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि वह ओबीसी हैं, लेकिन जब जातीय जनगणना की मांग की गई तो उन्होंने कहा कि यहां केवल दो जातियां हैं- अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने दावा किया कि जब ओबीसी, दलितों, आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो मोदी जी कहते हैं कि कोई जाति नहीं हैं और जब वोट लेने का समय आता है, तो वे कहते हैं कि वह ओबीसी हैं।

भाजपा को आदिवासी मुख्यमंत्री स्वीकार नहीं

झारखंड विधानसभा में चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के विश्वास मत हासिल कर लेने के बाद गांधी ने भाजपा की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसने सरकार को हटाने की कोशिश की, क्योंकि वह यह स्वीकार नहीं कर सकती कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस, झामुमो एकसाथ उनके खिलाफ खड़े हुए और सरकार बच गई। वे जांच एजेंसियों और धनबल के माध्यम से विपक्ष शासित सभी राज्यों में ऐसा करते हैं। वे (भाजपा) लोकतंत्र, संविधान पर हमला कर रहे हैं और लोगों की आवाज दबाना चाहते हैं। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को दबाने नहीं देगा।

मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 67 दिनों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी से की मुलाकात

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की तस्वीर कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर भी ट्वीट किया। ट्वीट में लिखा गया है कि आज हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, आईएनडीआईए जीतेगा।

बजट सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए पीएम मोदी जताया सत्ता में वापसी का विश्वास, कहा

तीसरा कार्यकाल अगले 100 वर्षों की नींव रखेगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को फिर से सत्ता में वापसी पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल अगले 100 वर्षों की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसलों का होगा। वहीं उन्होंने निशाना साधा कि विपक्ष ने संकल्प लिया है कि वे लम्बे अरसे तक वहीं बने रहेंगे।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में संप्रग के समय के गड्ढे भरने में काफी समय और शक्ति लगाई। अपने दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के

निर्माण को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का तीसरा कार्यकाल बहूत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है कि अबकी बार 400 पार। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजग को 400 पार सीटें मिलेंगी, लेकिन भाजपा को 370 सीटें अवश्य मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार मंहगाई दर को दो युद्धों और कोरोना जैसी महामारी के बावजूद एक दायरे में सीमित रखने में कामयाब हुई है। पिछली सरकारों से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में मंहगाई दो अंकों में हुआ करती थी और सत्ता में आते ही मंहगाई फिर बढ़ जाती थी। उन्होंने कहा कि मंहगाई डायन खाय जात है और मंहगाई मार गई जैसे गाने भी कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान ही आए हैं।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि पार्टी ने कभी भी देश के सामर्थ्य पर विश्वास नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए। कांग्रेस की इस मानसिकता से देश को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस गति से काम हो रहा है, उसकी कांग्रेस पार्टी कल्पना भी नहीं कर सकती। मोदी ने कहा कि हमने गरीबों के लिए 04 करोड़ घर और शहरी गरीबों के लिए 80 लाख पक्के घर बनाए। अगर हम कांग्रेस की गति से चलते तो उसी पैमाने का काम पूरा करने में 100 साल लग जाते। 10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले एजेंसियों को काम करने नहीं दिया जाता था। कांग्रेस के समय ईडी ने 5 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। हमारे कार्यकाल में ईडी ने एक लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। देश का लूटा हुआ माल देना ही पड़ेगा। पहले सदन का पूरा समय घोटालों की चर्चा में जाता था, भ्रष्टाचार की चर्चा में जाता था। लगातार एक्शन की मांग होती थी, चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की ही खबरें होती थीं। आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती है तो ये लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं। राष्ट्रपति के भाषण का जिक्र करते प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए चार मजबूत स्तंभों पर हम सबका ध्यान केंद्रित किया है। उनका सही आंकलन है कि देश के चार स्तंभ जितने ज्यादा मजबूत होंगे, विकसित होंगे, समृद्ध होंगे। हमारा देश उतनी ही तेजी से समृद्ध होगा। उन्होंने देश की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब भाई-बहन और देश के किसान की चर्चा की है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगी। >> पेज 9 भी देखें

चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले पर सीजेआई ने की टिप्पणी

'इस तरह का बर्ताव लोकतंत्र की हत्या'

नई दिल्ली : चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने कहा कि सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह साफ है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को नष्ट किया है। कोर्ट ने सवाल पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव का आयोजन होता है। ऐसा बर्ताव लोकतंत्र की हत्या है। पूरे मामले से हम हैरान हैं। इस अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। क्या यह पीठासीन अधिकारी का व्यवहार है? गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आम आदमी पार्टी के पार्षद और पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने याचिका दायर की है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ ने सुनवाई की। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री समेत चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश दिया। वहीं अगली सुनवाई तक चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ था और मतपत्रों से छेड़छाड़ की गई।

केन्द्र सरकार चाहती है एचईसी काम करना बंद कर दे : राहुल गांधी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड में हैं। यात्रा के तहत यहां धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि एचईसी का गला क्यों घोटा जा रहा है। एचईसी के साथ अन्याय क्यों हो रहा है।

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की सरकार चाहती है कि एचईसी काम करना बंद कर दे। इसे भी प्राइवेटाइज कर दिया जाये। मोदी सरकार एचईसी के लोगों को बेरोजगार करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक उपक्रमों को खत्म कर रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लिए खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचईएल हो, एचएएल हो या एचईसी, सभी को धीरे-धीरे अडानी को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी, आदिवासी, दलित कितने लोग हैं इसकी संख्या बताने वाला कोई नहीं है। देश में 50 प्रतिशत ओबीसी के लोग हैं। तेलंगाना की सरकार ने वादा किया था, उसे पूरा करने का काम कर रहे हैं। जातीय जनगणना की शुरूआत होगी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस देश में दलित, पिछड़ा और आदिवासी कितने हैं। इसके पीछे का तर्क समझिए कि प्राइवेट कंपनी में कितने लोग हैं। पता चलेगा कि कोई नहीं है। सरकार जो पैसे खर्च करती है उसमें निर्णय लेने वाले 90 लोगों में से सिर्फ तीन पिछड़े के लोग हैं। बजट में निर्णय लेने वाले सिर्फ पांच प्रतिशत लोग हैं। दलित और आदिवासियों की संख्या शून्य है। सरकारी, प्राइवेट सेक्टर में आदिवासी, दलित और पिछड़ों की संख्या शून्य है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों की संख्या का पता चलने के बाद ही अधिकार मिल पायेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी से छोटे व्यापारियों को फायदा नहीं हुआ। मजदूर जीएसटी देता है। गरीबों का पैसा अरबपतियों के जेब में जा रहा है। छोटे व्यापारियों को पहले खत्म किया। नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। उसके बाद जीएसटी लागू कर दिया, जितना खोजना है, खोज लो छोटे व्यवसायी नहीं मिलेंगे।

राहुल ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री मोदी भाषण में बताते थे कि मैं ओबीसी से हूं। जब मैंने ओबीसी जनगणना की बात कही तो ओबीसी बोलना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय हो रहे हैं। इस अन्याय के खिलाफ हमने न्याय यात्रा की शुरूआत की है।

राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी सीएम को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर सकती है, इसलिए इस सरकार को हटाने का प्रयास हुआ। लेकिन गठबंधन एकजुट हुआ और सरकार बच गई। यह लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगा। राहुल ने कहा कि केंद्र सरकार को सरना कोड देना होगा।

झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में ईडी से नौ तक मांगा जवाब

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी एवं पुलिस रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखते हुए मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने मामले में ईडी को नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने का समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 12 फरवरी निर्धारित की। हालांकि ईडी की ओर से अधिवक्ता एके. दास ने जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की।

हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं रिमांड को हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार करते हुए उसे सुनने की अनुमति दे दी। इससे पहले ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास की ओर से कहा गया कि नए तथ्य आने के बाद उन्हें सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस पर हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी बेंच ने अगली सुनवाई 12 फरवरी तय की। उल्लेखनीय है कि अभी हेमंत सोरेन ईडी की पांच दिनों की रिमांड पर हैं।

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

आम सूचना

[illegible] DAY-NULM के SEP (Self Employment Program) [illegible] EDP [illegible] DAY-NULM [illegible] SEP [illegible]

शर्त :-

1. [illegible] / Affiliation हो।
2. Entrepreneurship development/training etc. का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. [illegible]
4. [illegible] EDP [illegible]
5. [illegible]
6. [illegible]
7. [illegible] Stationary Kit [illegible]
8. [illegible]
9. [illegible]

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 317981 Urban Development (23-24)_D

जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ने को कांग्रेस तैयार है : कन्हैया कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि झारखंड के लोगों के रगों में भगवान बिरसा का खून बहता है। इनके हक और अधिकार को कोई छीन नहीं सकता। हमारी कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार है।

कन्हैया कुमार सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हम भाजपा की साजिशों को नाकाम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के अंदर किस तरीके की परिस्थिति पैदा की गई है आप सभी जानते हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में किस तरीके से भाजपा के उम्मीदवार को मेयर बनाया गया। उसी दिन झारखंड में भी साजिश रची जा रही थी, लेकिन भाजपा के दांत खट्टे करने का काम आईएनडीआईए गठबंधन ने किया।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की साजिश देश के खिलाफ है। लोकतंत्र के खिलाफ है। हमें समझने की जरूरत है कि किस तरीके से हमारा गला दबाया जा रहा है। भाजपा के लोग सरकार खरीदने और बेचने का काम करते हैं। इसका जीता जागता प्रमाण बिहार है। यही कोशिश झारखंड में की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जहां-जहां होती है भारत जोड़ो यात्रा, वहां वहां होती है भाजपा को घबराहट। भाजपा की साजिश के तहत राज्य को परेशान किया जा रहा है।

मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जहां पर हम सभा कर रहे हैं यह एचईसी की ही जगह है। लेकिन कुछ लोग इसे बेचने की साजिश कर रहे हैं। राहुल गांधी आपके साथ हैं अब यहां की समस्याओं को आप ही सुलझाएं।

कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष में हम साथ हैं। यहां देख रही हूं एचईसी की समस्याओं को लेकर किस तरह हाथों में तख्तियां लेकर लोग खड़े हैं। एचईसी की स्थापना इसी कांग्रेस पार्टी ने किया, लेकिन इसे भाजपा सरकार प्राइवेट हाथों को देना चाहती है।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से, 766500 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा 26 फरवरी तक होगी। इस बार परीक्षा में 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें से मैट्रिक में 4,21,678 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 3,44,822 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट साइंस में 94,433, कॉमर्स में 25,907 और आर्ट्स में 2,24,502 परीक्षार्थी हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक ने परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 केंद्र बनाये गये हैं।

मंगलवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। वहीं, 26 फरवरी को आखिरी दिन मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की और इंटरमीडिएट में राजनीति विज्ञान की परीक्षा होगी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए केंद्रों में सीसीटीवी लगाये गये हैं। पूरी परीक्षा की निगरानी की जायेगी।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में अब ओएमआर शीट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। ऑब्जेक्टिव सवालों के जवाब अब आंसर सीट पर ही लिखना होगा। पहले की तरह परीक्षा तीन घंटे की होगी। साथ ही ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्नों की संख्या और अंकों में बदलाव किया गया है। इस वर्ष मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में 30 अंकों के ऑब्जेक्टिव एवं 50 अंकों के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे। बचे 20 अंक अंतरिम मूल्यांकन और प्रैक्टिकल के लिए दिए जाएंगे, जबकि 2025 में 20 अंक के ऑब्जेक्टिव और 60 अंक के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे।

Government of Jharkhand
Drinking Water & Sanitation Department
Directorate of SBM(G) Programme Management Unit, Doranda Bazar, Pani Tanki, Ranchi - 834002

Expression of Interest (Request for proposal)

HIRING SERVICES OF CHARTERED ACCOUNTANT FIRM FOR STATUTORY AUDIT FOR THE FINANCIAL YEAR 2022-23

Directorate, SBM(G) invites 'Request for Proposals (RFP)' from firms of Chartered Accountants empanelled with Comptroller & Auditor General of India and which meet all the conditions in the eligibility criteria given below for carrying out the statutory audit of the Directorate Accounts for Swachh Bharat Mission(G) at District level Accounts of SBM(G) & Compilation at State level for the financial year 2022-23 as per the Terms of Reference provided in the RFP.

Eligibility Criteria: The firm must (a) be empanelled with C&AG and ICAI, (b) have at least 3 full time partners who are fellow members of the ICAI for a period not less than 10 years (as per certificate of ICAI as on 01.01.2024, (c) have an average turnover of Rs. 50.00 lakh p.a. in the last 3 years; (d) have carried out at least 5 statutory Audits of corporate entities under PSU/ Government. (e) have at least 4 audit assignments in the social sector (excluding audit of Charitable Institutions & NGOs & Externally Aided projects). (f) Audit experience in similar work will be given preference all details must be filled in clearly in the particulars/ details of the firms.

We invite offers in two- bid system (Separate Technical bid and Financial bid) as detailed in the ToR. Guideline for submission of proposal may be referred to Section **IV** of Terms & Conditions.

Detailed RFP: Detailed Request for proposal (RFP) comprising Background, Terms of Reference (TOR) for submitting the proposal can be downloaded from website of Jharkhand Government. Details of SBM(G) can be seen at GOI website http://ddws.nic.in. In case of equality in the eligibility criteria in all respect, decision will be taken based on the firm having Headquarter in Jharkhand.

The Director will have the right to accept or reject any 'Expression of Interest' without assigning any reason thereof and the decision of the Govt. will be final and binding to all.

Important Dates

i. Last date of submission of proposal - **13/02/2024 upto 3.00 PM.**
ii. Date of opening of technical bid - **13/02/2024- 3.30 PM.**
iii. Date of opening of financial bid of qualified firm as per eligibility criteria. Qualified technical bidders will be informed accordingly on their mail ID.

Detailed Terms & condition can be seen at www.jharkhand.gov.in / dwsd.jharkhand.gov.in

Rates are to be quoted in space provided in Financial Bid.

EOI shall be dropped in the office Tender Box. Bidders or their authorized representative may wish to be present at the time of opening of EOI as per Sl. No. (ii) & (iii) above.

All dispute will be settled within the judicature of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi only.

Director
Swachh Bharat Mission(G),
Programme Management Unit
Doranda Bazar, Water Tower Compound,First floor, Doranda, Ranchi

PR317859 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

गुंजन सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर दी बधाई

रांची। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने सोमवार को झारखंड महिला कांग्रेस के जरिये यात्रा के क्रम में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और महिलाएं सशक्त होकर लोकसभा और विधानसभा पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयास करेंगी। इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में झारखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनकी टीम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा की ऑब्जर्वर प्रतिभा रघुवंशी, पिंकी सिंह, पुनीता चौधरी, रीता सिंह और सुंदरी तिर्की सहित अन्य उनके साथ शामिल थे।

सब पापों का नाश करने वाली षटि्तला एकादशी व्रत अनुष्ठान आज

रांची : छह फरवरी मंगलवार को माघ मास कृष्ण पक्ष की षटि्तला एकादशी को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान होंगे। प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन और नित्यार्चन, भोग, महा आरती, महा स्तुति आदि के पश्चात आम भक्त प्रातः 7:00 बजे से मंदिर में अपने अभीष्टों की पूर्ति के लिए, पूजा अर्चना कर सकेंगे। यह एकादशी षटि्तला के नाम से विख्यात है, जो सब पापों का नाश करने वाली है। आज के दिन भली भांति स्नान करके, पवित्र हो, शुद्ध भाव से

देवाधिदेव श्री विष्णु वेंकटेश्वर की पूजा करें। कोई भूल हो जाने पर श्रीवेंकटेश श्रीकृष्ण और गोविंद नामों का उच्चारण करें। चंदन अगरजा कपूर नैवेद्य आदि सामग्री से शंख चक्र और गधा धारण करने वाले देव देवेश्वर श्रीहरि बालाजी की पूजा करें। तत्पश्चात भगवान श्रीमन्नारायण का स्मरण करके बारंबार श्रीकृष्ण गोविन्द वेंकटेश नाम का उच्चारण करते रहे।

चंपई सोरेन सरकार के लिए संजीवनी साबित हुए राहुल गांधी

झारखंड पहुंच बचा लिया कांग्रेस विधायकों का बिखराव

रांची : झारखंड में सीएम चंपई सोरेन को विश्वास मत हासिल करने में कामयाबी मिल गई तो इसका श्रेय सीधे-सीधे राहुल गांधी को जाता है। राहुल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में झारखंड नहीं पहुंचते तो कांग्रेस के विधायक शायद पलटी मार देते। कांग्रेस विधायकों के पलटी मारने की आशंकाएं पहले से ही जताई जाती रही है। कोलकाता में कांग्रेस के तीन विधायक 49 लाख की नकद रकम के साथ पकड़े गए थे तो उसके तार भाजपा से जोड़े जा रहे थे। बीच में भी भाजपा पर आरोप लगता रहा है कि महागठबंधन की सरकार को अस्थिर करने की वह शुरू से प्रयास कर रही है। मनी लॉड्रिंग मामले में पूर्व हो चुके सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को भी महागठबंधन के नेता भाजपा की ही साजिश करार दे रहे हैं।

राहुल की वजह से एकजुट रहे कांग्रेस विधायक

कांग्रेस नेतृत्व को भी अपने विधायकों के इरादे पर संदेह रहा है। यही वजह थी कि चंपई सोरेन के सीएम पद की शपथ लेते ही कांग्रेस ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में महागठबंधन में शामिल तीनों दलों के विधायकों को भेजने और ठहरने की व्यवस्था की। हैदराबाद पहुंचे विधायकों पर चौकस नजर थी। लिफ्ट से लान तक विधायकों पर नजरदारी थी। महागठबंधन के विधायक जब रांची लौटे तो राहुल गांधी भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में रांची आ गए। उनके आने से महागठबंधन को नैतिक बल मिला। विधायकों को हैदराबाद भेजने की रणनीति भी राहुल गांधी की ही मानी जा रही है। राहुल के रांची में रहने से कांग्रेस के विधायक भी एकजुट रहे। जेएमएम के नाराज विधायक तो पहले ही मान गए थे। लोबिन हेम्ब्रम ने तो पार्टी छोड़ने की घोषणा ही कर दी थी, लेकिन बाद में वे चंपई सोरेन के पक्ष में वोटिंग करने को तैयार हो गए। उन्हें पार्टी ने मना लिया था। अगर चंपई सोरेन के पक्ष में 47 मत पड़े तो इसका मतलब साफ है कि जेएमएम में नाराजगी खत्म हो गई थी। कांग्रेस के विधायकों ने भी पलटी मारने की विपक्ष की आशंका पर पानी फेर दिया।

चंपई ने भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया

सीएम चंपई सोरेन ने विश्वास मत हासिल कर भाजपा के इरादे पर पानी फेर दिया है। भले ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि विधायकों के तोड़-फोड़ की भाजपा ने कभी कोशिश नहीं की, लेकिन जानकार मानते हैं कि भाजपा इस उम्मीद में जरूर थी कि विश्वास मत हासिल करना चंपई सोरेन के लिए आसान नहीं होगा। जिस तरह जेएमएम में खटपट की आहट सुनाई दे रही थी, उससे ही भाजपा सरकार गिरने की उम्मीद पाले हुई थी।

Government of Jharkhand Rural Works Department
JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re-eTender No.- 285/ 2023-24- 466 **Ranchi, Dated: 03.02.2024**

PR No 314531 Dated 27.12.2023 (3rd Call)

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organisation for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

Sr. No.	Package ID	District Name	Block name	WORK NAME	Road/ LSB	Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh)	Earnest Money (in Lakh)	Time Period
1.	JH-P3-23-24-KHU-02	Khunti	Murhu	T08-T07-Ragdi to Godaleda, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road NH-75E) via Kotme, Chechagara, Hetbgaba Road (L-[illegible] KM)	Road	2250.32	45.00	15 Months
			Murhu	H.L Bridge over Local Nala at 9+583 KM. of T07-Ragdi to Godaleda, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road) (L-38.64 M)	LSB			

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

Procurement Officer	Place of Opening	Availability of tender (on-line) for bidding		Date & time of opening (on-line) of tender	
		From	To	Technical bid	Financial bid
1	2	3	4	5	6
Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi	Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi	07.02.2024 at 10.00 AM	15.02.2024 upto 5.00 PM	15.02.2024 at 05.30 PM	To be informed later

* *Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*

** Cost may change.

Note :-

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/ fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

PR317805 (Rural Work Department)23-24*D

Chief Engineer JSRRDA, Ranchi

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया

भाजपा ने 2019 से ही सरकार को अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी : मुख्यमंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में विशेष सत्र की कार्यवाही जारी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया है। इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो राज्यपाल को सदन के बाहर छोड़कर सदन में आये। सरकार के विश्वास मत कार्यवाही के लिए स्पीकर ने स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, निरल पूर्ति और रामचंद्र सिंह को उप सभापति मनोनित किया।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी सरकार की ओर से सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी बात यह कहते हुए शुरू की कि हेमंत बाबू हैं तो हिम्मत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार की शुरूआत की गयी थी, लेकिन सरकार बनने के बाद से ही भाजपा ने सरकार को गिराने और अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी। चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार बनते ही कोरोना महामारी आ गयी। लेकिन हेमंत सोरेन ने किसी को भूखे मरने नहीं दिया। राज्य के बाहर पलायन कर रहे मजदूरों को हवाई जहाज से झारखंड लाया। इसके बाद जब कोरोना महामारी खत्म हुई तो सरकार ने बड़े पैमाने पर काम शुरू किया। पहले से ही राज्य में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति काफी खराब थी। हेमंत की सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त किया। किसी की भी भूख से जान नहीं गयी। लेकिन फिर से ये लोग सरकार को गिराने और अस्थिर करने के कोशिश में लग गये। अंतत इन लोगों ने अपनी एजेंसी द्वारा हमारे हेमंत बाबू को जेल भेजा और सरकार गिरा ही दिया। चंपई सोरेन ने कहा कि हम हेमंत सोरेन के सभी काम और योजनाओं का आगे लेकर जाएंगे।

चंपाई सोरेन ने कहा कि क्या गरीब के बच्चे को विदेश जाकर पढ़ने का हक नहीं है। हेमंत बाबू ने गरीब बच्चों को विदेश भेजा। राज्य बनने के बाद यहां विपक्ष की सरकार बनी। झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया। आदिवासी मूलवासी को क्या मिला?? उन्होंने कहा कि जब-जब यहां आदिवासी मूलवासी की सरकार बनती है, इन्हें दर्द होने लगता है। एक ऐसे मामले में हेमंत बाबू को जेल भेजा गया, जिसका न खाता है और न बही। हेमंत बाबू जनता के दिल में दिया जलाकर आये हैं, भाजपा के लोग उसे कैसे मिटा पायेंगे।

हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 है

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 हैं। शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम मिटने नहीं देंगे। सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि सात करोड़ का घोटाला करने वाले भानू प्रताप शाही पर ईडी की कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि भानू उधर चले गए। विपक्ष हमारे विकास को बर्दाश्त नहीं कर सका, इसलिए विपक्ष ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवा दिया। आज फिर से विश्वास मत हासिल करना पड़ रहा है, जिसे 2019 में ही हासिल कर लिया था। ये लोग देश में अजीब हालात पैदा कर दिये हैं। ऊपर वाले के घर में देर है, अंधेर नहीं।

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य अमीर लेकिन यहां के आदिवासी मूलवासी काफी गरीब हैं। यहां के गरीबों के पैर में चप्पल तक नहीं है। आखिर ऐसा क्यों है। इसी को सुधारने का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि जिस गांव में डीसी, डीडीसी और तमाम अधिकारी नहीं पहुंचे थे वहां आपकी योजना आपकी सरकार योजना की वजह से सरकार पहुंची। क्या ऐसा करना गुनाह है।

भाजपा पर बरसे आलमगीर आलम, कहा

विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है।

आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां विधायकों को बाहर ले जाने का काम किया। यह परंपरा आपने शुरू की है। कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वो जेल जायेगा।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबान में झांकें। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आए। हम भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।

आप गलत नहीं हैं तो सामना करें, भागे क्यों रहे थे : सुदेश महतो

सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं। व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया। इसलिए वो झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं तो सामना करें। भागे क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

रघुवर कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह

माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाएं और जांच करें।

हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं : बावरी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है। उन्होंने कहा कि क्या इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती है, राज्य सरकार लिखकर देती है। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया। अमर बावरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बावरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बनाकर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत बाबू इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया। गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलाई। यह सभी काम भाजपा ने किए। कांग्रेस जिसके साथ रही है उसे दीमक की तरह खाने का कम करती हैं। इसके कई उदाहरण हैं।

रांची पहुंची अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन, पूरा स्टेशन जय श्रीराम के नारे से गूंजा

रांची। झारखंड आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्याधाम राम जन्म भूमि मन्दिर से दर्शन कर सोमवार को वापस रांची पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। दो फरवरी को 1500 लोग आस्था स्पेशल ट्रेन से श्री अयोध्याधाम रामजन्मभूमि मंदिर तीर्थ के लिए रांची से गए थे। तीन फरवरी को ट्रेन श्री अयोध्या धाम पहुंची थी। तीन और चार फरवरी को वहां सभी लोग सरयू नदी, हनुमान गढ़ी, श्रीरामजन्म भूमि दर्शन किए और अयोध्या क्षेत्र भ्रमण कर वापस रांची लौटे।

यात्रा प्रमुख सह विहिप प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ने सोमवार को बताया की ट्रेन के अन्दर भी कोई जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा था,तो कोई हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहा था। सभी लोग श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर दर्शन के उत्सव के साथ इस तीर्थ क्षेत्र भ्रमण में गए थे। राम भक्तों की टोली में महिला,पुरुष बुजुर्ग सभी शामिल थे। महतो ने बताया कि यह सफर बहुत अच्छा रहा। अयोध्या पहुंचने के लिए रेलवे ने ये बहुत अच्छी सुविधा दी है। यहां से लेकर अयोध्या तक स्वागत देखकर मन प्रफुल्लित है।

प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रभु राम के दर्शन से जीवन धन्य हो गया। हमारे जीवन में यह अमृत पल आया और हम मन्दिर का दर्शन कर पाए। इस यात्रा में विश्व हिंदू परिषद्, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद,लघु उद्योग, वनवासी कल्याण केन्द्र, विद्या भारती, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं अन्य आयाम के लोग इस दर्शन में शामिल हुए।

बड़गाईं के राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद चार दिनों की ईडी रिमांड पर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने के ईडी के आग्रह पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड देने का आग्रह कोर्ट से किया गया।

कोर्ट ने भानु प्रताप से पूछताछ के लिए चार दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। रिमांड की अवधि मंगलवार से शुरू होगी। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। शनिवार को ईडी ने उन्हें इस मामले में भी गिरफ्तार किया था।

बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक भानु की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने की खारिज

रांची। जमीन घोटाला मामले में आरोपित बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी है। इससे पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरे होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में पठन पाठन और शिक्षण गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए कुशल व दक्ष स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की जा रही है। यह प्रबंधक अपने बेहतर संचार कौशल, प्रबंधन में दक्षता और प्रभावशीलता से स्कूल के संचालन की सभी पहलुओं की देखरेख करेंगे।

स्कूल प्रबंधक प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ स्कूल की सफलता के लिए स्कूल बोर्ड और समुदाय के प्रति जवाबदेह होंगे। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच संचार और सहयोग को बेहतर बनाने में भी यह अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक चरण में सात मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में 7 स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति कर ली गयी थी। अब दूसरे चरण में 73 पदों पर नियुक्तियों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगा गया है। राज्य शिक्षा परियोजना ने अधिसूचना जारी कर इन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति के लिए 73 में से 26 सीटें अनारक्षित वर्ग, 21 सीटें एसटी, आठ सीटें एससी, छह सीटें बीसी एक, पांच सीटें बीसी दो और सात सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित हैं। इन पदों के लिए वैसे उम्मीदवार आवेदन कर सकते है, जो सेवानिवृत्त प्राचार्य हों, किसी भी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीबीएससी और आईसीएससी स्कूल के उप प्राचार्य हों, सैन्य अधिकारी जो सशस्त्र बलों के अन्य विंग में कैप्टन या समकक्ष पद से नीचे के न हों, सशस्त्र बलों के शिक्षा कोर के अधिकारी शामिल हैं। इन पदों पर आवेदन की आखिरी तारीख 29 फरवरी है। राज्य शिक्षा परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उम्मीदवार इन पदों की विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

इन स्कूलों में नियुक्त हो चुके हैं विद्यालय प्रबंधक

टीवीएस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जगन्नाथपुर, रांची, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बमार्माइंस, जमशेदपुर, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय धनबाद, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय मेदिनीनगर, पलामू, बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चाईबासा, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग।

राज्य में संचालित हैं 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय

वर्तमान में राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा सेवा और सुविधाएं बच्चों को दी जा रही हैं। इनमें 24 बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, 24 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उत्कृष्ट विद्यालय, सात मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय और 25 जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय शामिल हैं।

विद्यालय प्रबंधकों की प्राथमिकताएं

छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षण वातावरण प्रदान करना अथवा इन स्कूलों के बुनियादी ढांचे, रखरखाव पर नजर रखना इन प्रबंधकों की प्राथमिकता होगी। स्कूलों के आर्थिक कोष की देखभाल करना, यह सुनिश्चित करना कि सब कुछ सुचारू व बेहतर रूप से चले, स्कूल में अनुशासन सुनिश्चित करना और छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रबंधकों की जिम्मेदारी होगी। स्कूल में स्वछता, प्रतियोगिताओं, गतिविधियों, स्कूल यात्राओं और वनभोज, आदि के आयोजन का ध्यान स्कूल प्रबंधक को रखना होगा। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए परस्पर संचार और सहयोग को बेहतर बनाना भी इन प्रबंधकों की जिम्मेदारी होगी।

एक नजर

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से स्पीकर, मंत्री सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात

रांची। झारखंड विधानसभा कक्ष में सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इसके अलावा मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही सभी ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

अरुण कुमार राय ने झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में ली शपथ

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को ज्यूडिशियल कमिश्नर (न्यायायुक्त) अरुण कुमार राय ने हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार, अधिवक्ता धीरज कुमार आदि उपस्थित थे। 31 जनवरी को न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार राय की हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई थी। 18 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अरुण कुमार राय को झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। अरुण कुमार राय ने 5 मई 2012 को ज्यूडिशियल सर्विस ज्वाइन किया था। उन्होंने झारखंड के विभिन्न स्थानों पर ज्यूडिशियल ऑफिसर के रूप में कार्य किया। वे रांची सिविल कोर्ट में ज्यूडिशियल कमिश्नर के रूप में कार्य कर रहे थे।

फाइलेरिया प्रभावित जिलों में 10 से शुरू होगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

रांची। राज्य भर में 10 फरवरी से फाइलेरिया प्रभावित जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। राज्य के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि राज्य के सभी 24 जिले फाइलेरिया मे प्रभावित हैं, जहां सुनियोजित रणनीति के साथ साल में दो बार कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रथम चरण 10 फरवरी से झारखंड के 14 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया या हाथी पांव एक गंभीर नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है।

झारखंड के 24 जिलों में भारत सरकार चला रही निःशुल्क डायलिसिस केंद्र

रांची। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसका उद्देश्य देश के सभी जिला अस्पतालों में बीपीएल लाभार्थियों को निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से किडनी के ऐसे मरीज जो डायलिसिस की राशि का वहन नहीं कर सकते उन्हें निःशुल्क डायलिसिस कराया जाता है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा में सोमवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य क्या है? और झारखंड में इस कार्यक्रम को कहां लागू किया गया है। कितने लोगों ने इसका लाभ लिया है। सांसद ने यह भी पूछा था कि इसके लाभार्थियों की संख्या क्या है और योजना के संचालन में झारखंड में सरकार के द्वारा अब तक कितनी राशि खर्च की गई है। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2020 से पेरीटोनियल डायलिसिस को भी इसमें शामिल किया गया है। वन नेशन वन डायलिसिस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का एक पोर्टल भी विकसित किया गया है, जो देश के सभी राज्यों में कार्यशील है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड में इस योजना का क्रियान्वयन पीपीपी मोड में किया गया है और राज्य के सभी 24 जिलों में 24 डायलिसिस केंद्र आरंभ किए गए हैं। इन 24 डायलिसिस केंद्रों में 88 हीमोडायलिसिस मशीन के जरिये बीपीएल परिवारों को निःशुल्क डायलिसिस उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखंड में अब तक 14701 लोगों को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान झारखंड में प्रधानमंत्री डायलिसिस कार्यक्रम के तहत तीन करोड़ 24 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। सांसद ने इस योजना के झारखंड में क्रियान्वयन को लेकर भारत सरकार के प्रति आभार जताया और यह भी आग्रह किया कि मरीजों की बढ़ती संख्या के अनुपात में इसका क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से हो सके, इसके लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए।

मांडर महाविद्यालय मे छात्र आजसू का सदस्यता अभियान प्रारंभ

रांची : सोमवार को मांडर महाविद्यालय में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने मांडर महाविद्यालय मे सुभम गुप्ता, अफजल खान, सहिश अंसारी, अनिका वर्मा के नेतृत्व मे सदस्यता अभियान चलाया गया। मांडर महाविद्यालय के छात्र आजसू के वरीय उपाध्यक्ष सुभम गुप्ता ने कहा की छात्र आजसू हमेशा विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को ले मुखर रहती है, एवं छात्र-छात्राओं के हित हित में हमेशा कार्य करती है जिसके फल स्वरुप छात्र-छात्राओं का झुका छात्र आजसू की ओर बढ़ रहा है। छात्र आजसू के मांडर महाविद्यालय इकाई के अफजल खान ने कहा विगत 2 वर्षों से छात्र आजसू के सदस्यों द्वारा रांची विश्वविद्यालय एवं मांडर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की समस्या को लेकर मुखर रही है विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन के मनमानी की खिलाफ आवाज उठाकर छात्र आजसू ने एक अलग पहचान बनाई है। आज के सदस्यता अभियान में लगभग 250 छात्र छात्राओं को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान चलाने वालों में मुख्य रूप से सुभम गुप्ता, अफजल खान, सहिष अंसारी, अनिका वर्मा के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे

चंपाई सरकार का विश्वास मत भाजपा को तमाचा : नायक

रांची : चंपाई सोरेन के विधानसभा में विश्वास मत हासिल करना लोकतंत्र की हत्या करने वाली एवं झारखंड में संविधान का गला घोटने वाली भारतीय जनता पार्टी के मुंह में बड़ा तमाचा है। उपरोक्त बातें आज चंपई सोरेन के द्वारा विश्वास मत हासिल करने पर अपनी प्रतिक्रिया में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड, छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने कही। उन्होने कहा कि झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर 47 विधायकों के समर्थन के साथ फ्लोर टेस्ट मे जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि भले ही भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सरकार झारखंड की सरकार को अदपस्थ करने का षड्यंत्र रच ले मगर उनका सपना पूरा नहीं होगा और उसका ही आज सदन मे मुंह तोड़ जवाब मिल गया।

तोरपा में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेले का हुआ समापन

कृषि के साथ आय के वैकल्पिक स्रोतों को अपनायें किसान: राज्यपाल

खूंटी (हि.स.)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आयोजित पूर्वी क्षेत्र किसान मेला किसानों के हित में की गई एक उल्लेखनीय पहल है। इस मेले में किसानों को नई कृषि तकनीकों के साथ ही आधुनिक कृषि पद्धति और उन्नत ऑर्गेनिक फार्मिंग का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ और विभिन्न स्थलों से आए प्रगतिशील किसानों ने अपना अनुभव भी साझा किया। इससे निश्चित ही उनकी उत्पादकता के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ेगी। राज्यपाल सोमवार कों तोरपा प्रखंड के दियांकल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेला के समापन समोराह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इसके पूर्व समापन समारोह का उद्घाटन राज्यपाल के राधाकृष्णन, डॉ अभिजीत कर, निदेशक, प्आइसीएआर-एनआइएसए, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एससी दुबे, डॉ निर्मल कुमार, उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल लगाये गये थे। राज्यपाल के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने इनका अवलोकन किया व कृषि संबंधी नवाचारों की जानकारी ली। निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने स्वागत भाषण दिया। मेले में कृषि संबंधी विभिन्न विषयों (उन्नत कृषि पद्धति, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, लाख व तसर उत्पादन आदि) पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया और प्रगतिशील कृषकों एवं कृषि-उद्यमियों को कई श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए गए। राज्यपाल ने कृषि मेले के दौरान लगाए गए स्टॉल में से चयनित 10 स्टॉल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कियाा। तृतीय स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र, जामताड़ा एवं जेएसएलपीएस, द्वितीय आइएसीआर निंफेट कोलकाता, नंदी ग्रीन सॉल्यूशंस और प्रथम पुरस्कार स्टेपपिफाई लेप्स प्रा लि को प्रदान किया गया। मेले में टाटा ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। मेले की थीम थी सतत एवं चक्रीय जैव अर्थव्यवस्थाः आत्मनिर्भर व विकसित भारत का उत्प्रेरक।

किसानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए ह्यपीएम किसान सम्मान निधि योजनाह्ल और ह्यप्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाह्ल शुरू की। उन्होंने 15 नवंबर, 2023 (भगवान बिरसा मुंडा की जन्म तिथि) को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। राज्यपाल ने कहा कि अर्जुन मुडा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण करने से पूर्वी क्षेत्र के किसान जागरूक होंगे और इस क्षेत्र की जलवायु के अनुसार कृषि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां की मिट्टी के लिए कौन सी फसल श्रेयस्कर है, इसकी जानकारी किसानों को मिलेगी। इससे कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।

उन्होंने किसानों को कृषि के साथ आय के अन्य वैकल्पिक स्रोतों जैसे बागवानी, सब्जी उत्पादन, फूल उत्पादन, बकरी पालन, गौ पालन आदि अपनाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि यह किसान मेला किसानों के लिए वरदान साबित होगा और वे उन्नत कृषि कें लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने किसानों को सम्मानित करते हुए कहा, अन्नदाता सुखी भव।

सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट और आईआईटी कानपुर के बीच समझौता

रांची : नोएडा स्थित सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट (एसआरआई-नोएडा) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) के साथ पांच साल के लिए एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विकास के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें आईआईटी कानपुर के छात्रों, फैकल्टी और सैमसंग के इंजीनियर्स की संयुक्त शोध परियोजनाएं शामिल होंगी, जिससे छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। ये अनुसंधान परियोजनाएं स्वास्थ्य, विजुअल, फ्रेमवर्क और बी2बी सुरक्षा जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ जनरेटिव एआई और क्राउड जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में फैली होंगी। शोध परियोजनाओं के अलावा यह एमओयू एआई, क्लाउड और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सैमसंग इंजीनियरों को कौशल बढ़ाने के अवसर प्रदान करना चाहता है। एसआरआई-नोएडा के प्रबंध निदेशक क्यूंगयुन रू और आईआईटी कानपुर के अनुसंधान एवं विकास विभाग के डीन प्रो. तरूण गुप्ता ने आईआईटी कानपुर डायरेक्टर प्रोफेसर एस गणेश, आईआईटी कानपुर में डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री के प्रोफेसर संदीप वर्मा, डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तुषार संधान और सैमसंग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

वी बिजनेस ने लॉन्च किया आईओटी स्मार्ट सेंट्रल

रांची: प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता और सबसे बडे आईओटी प्लेयर्स में से एक वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने भविष्य के लिए तैयार, पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, सेल्फ केयर आईओटी कनेक्टिविटी एवं डिवाइस मैनेजमेन्ट प्लेटफॉर्म वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल का लॉन्च किया है। नया लॉन्च किया गया वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल प्लेटफॉर्म उद्यमों को रियल टाइम में आईओटी असेट को नियन्त्रित, मॉनिटर एवं प्रबन्धित करने में सक्षम बनाएगा। वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल सभी आईओटी असेट्स का व्यापक दृष्टिकोण पेश करेगा तथा विभिन्न उद्यमों जैसे ऑटोमोबाइल्स, बैंकिंग, युटिलिटीज आदि को आसान से मुश्किल परियोजनाओं के रिमोर्ट प्रबन्धन एवं नियन्त्रण में सक्षम बनाएगा। यह सिस्टम में इन्स्टॉल की गई किसी भी आईओटी डिवाइस के लिए रियल टाईम डायग्नोसिस एवं रिमोट ट्रबलशूटिंग को सुनिश्चित करता है तथा मुश्किल मुद्दों के लिए एलर्ट देता है। वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल की खास बात यह है कि यह अडवान्स्ड एनालिटिक्स का उपयोग कर उद्यमों को फुल-फ्लेज्ड डायनामिक बिल्डिंग मॉडल एवं इस्तेमाल के पैटर्न के आधार पर टेलर्ड रेट प्लान्स के साथ सशक्त बनाता है।

आदिवासी, दलित और पिछड़ों का उत्थान कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा : मरांडी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार को आज आदिवासी, दलित, पिछड़ों की याद आ रही है, लेकिन अब पछताये क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। राहुल जितनी यात्रा कर सकते हैं कर लें, लेकिन जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को केवल वोट बैंक समझा, इनके उत्थान की चिंता कभी नहीं की। अगर कांग्रेस पार्टी को आदिवासी विकास की चिंता होती तो अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा करने के लिए भाजपा के सरकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। कांग्रेस पार्टी तो आंदोलन का मोलभाव करती रही। दलितों का सम्मान कांग्रेस पार्टी कितना करती है यह तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब मिला और किसने दिया इसी से पता चलता है।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के कारण जम्मू कश्मीर के दलित समाज ने आजाद भारत में दंश झेला, उसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देना चाहिए। वर्षों तक जम्मू कश्मीर के पढ़े लिखे दलित युवक आरक्षण की सुविधा से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग वर्षों तक कांग्रेस के शासन में संवैधानिक दर्जा के लिए तरसता रहा। मरांडी ने कहा कि ये सबके बावजूद कांग्रेस पार्टी आदिवासी दलित के हितैसी होने का डींग हांकना चाहती है। मरांडी ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के संकल्पों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। भाजपा सरकार की योजनाएं आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है, जिसे जनता महसूस कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, जन धन योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं इन्हीं वर्गों को लाभान्वित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने केवल अलग राज्य नहीं दिया, बल्कि केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने किया। आज मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को नमन किया, जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। आज केंद्र सरकार में जनजाति समाज के आठ मंत्री हैं। यही कांग्रेस है जिसने देश की पहली आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राजधानी रांची में सोमवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा में 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। उनकी सुरक्षा में जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दिखी। रामगढ़ से रांची सीमा ओरमांझी में प्रवेश करने के बाद रांची -खूंटी सीमा तक उनकी सुरक्षा के लिए 11 सेक्टर बनाये गये थे। उस 11 सेक्टर में 421 ऊंची इमारतों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। उन ऊंची इमारतों पर हथियार बंद दस्ता की तैनाती की गयी थी। राजधानी में प्रवेश के दौरान राहुल गांधी के कारकेड में वार्निंग कार, सीआरपीएफ और जिला पुलिस का स्कॉर्ट, जैमर, वीआइपी कार, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तैनात थे। राहुल गांधी ओरमांझी से बूटी मोड़ से बरियातू रोड, रणधीर वर्मा चौक(मछली घर के समीप), न्यू मार्केट चौक, हरमू रोड, अरगोड़ा चौक, सेटेलाइट गेट, एचइसी गेट होकर शहीद मैदान पहुंचे। इस दौरान सभी चौक-चौराहों पर राहुल गांधी का लोगों ने गुलाब फूल देकर स्वागत किया। राहुल गांधी ने भी लोगों का हाथ हिला कर अभिवादन किया। धुर्वा स्थित शहीद मैदान कार्यक्रम स्थल के चारों ओर सुरक्षा की विशेष इंतजाम किये गये थे।

प्रदेश कांग्रेस की गलत नीतियों के वजह से राहुल गांधी से ना मिलने पर मन काफी दुखी

रांची। स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल रहे जयसवाल परिवार के राय साहब लक्ष्मी नारायण जायसवाल के पोते एवं कांग्रेस में पांचवीं पीढी. आदित्य विक्रम जायसवाल सोमवार को रांची पहुंचे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अपने नेता राहुल गांधी से मुलाकात नहीं कर पाने पर काफी दुःखी हैं। आदित्य जयसवाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी की बेतहर प्लान नहीं रहने के कारण आज हम कांग्रेसजन काफी निराश हुए हैं। राहुल गांधी सबों के चहेते हैं, आदरणीय है सबों की इच्छा राहुल से मिलने की रहती है। राहुल गांधी के स्वागत के लिए सोमवार को दीनदयाल प्रतिमा के समक्ष 1940 के रामगढ़ अधिवेशन में महात्मा गांधी के द्वारा सवारी की हुई कार रखी गई थी, प्रदेश कांग्रेस के सही दिशा-निर्देश नहीं रहने के कारण राहुल गांधी अवलोकन नहीं पर पायें।



आदित्य विक्रम ने बताया कि वर्ष 1940 में जब महात्मा गांधी झारखंड रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में आए थे तो वे राय बहादूर लक्ष्मीनारायण जायसवाल के मेहमान बने। लक्ष्मी नारायण अपनी फोर्ड कार में बैठाकर उन्हें रामगढ ले गए। बापू की यादगार यह कार को आज भी संभाल कर रखा हूँ। बापू जिस कार से बैठकर रामगढ गए थे रांची में उस समय यह कार चुनिंदा लोगों के पास थी आज सिर्फ मेरे दादा 1932 में कांग्रेस के विधायक थे, स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहने के चलते अंग्रेजों ने साजिश के तहत जहर देकर मार दिया था। इसके बाद 1971 में उनके दादा राजा रामशास्त्री सांसद रहे उन्हें ताम्रपत्र भी मिला। मेरे परिवार द्वारा बिरसा मुंडा समाधि स्थल की जमीन दान की गई, गरीबों के लिए स्कूल, अस्पताल बनाया गया, कांग्रेस पार्टी के लिए पूरा तन-मन लगाया। लेकिन क्या आज पुराने कांग्रेसी या परिवार की कांग्रेस पार्टी में अहेमियत है ?

ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव का खिताब पाली फुटबॉल टीम को

ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को सरकार की ओर से संसाधन मिले तो झारखंड में और बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे : बाबूलाल

रातू प्रतिनिधि। नवीन स्पोर्टस एकेडमी द्वारा आयोजित आठ दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब पाली फुटबॉल टीम ने जीत लिया।सोमवार को हुए फाइनल में पाली ने ट्राइब्रेकर में चंदाघासी को 4-2 से पराजित कर खिताब जीता। वहीं बालिका वर्ग के प्रदर्शनी मैच में हुलहुंडू ने कांके को 1-0 से पराजित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हार से निराश नही होना है, हारने वाला ही अच्छा प्रदर्शन कर आगे जीत सकता है। उन्होने पढ़ाई के साथ जीवन में खेलकूद को भी प्राथमिकता देने की बात कही।बाबुलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार का खिलाडियो के प्रति कोई जिम्मेवारी नही दिख रही।अगर खिलाडियो को संसाधन के साथ उचित मंच मिले तो धैनी और दीपिका जैसे और खिलाडी मिलेगें। एकेडमी के संरक्षक विधायक नवीन जयसवाल ने खिलाड़ियों से अनुशासन के साथ प्रैक्टिस करते रहने को कहा तथा

एकेडमी के द्वारा प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियो के लिए कमल कल्ब खोला था ताकि स्थानीय खिलाडियो की प्रतिभा सामने लाया जा सके।सरकार बदली और सब खत्म हो गया। इसके बाद पाली की विजेता टीम के खिलाड़ियों को 51 हजार, चंदाघासी की उप विजेता टीम को 31हजार, तृतीय टीम बाजपुर को 21 हजार, चतुर्थ टीम सपारोम को 21 हजार नगद व खस्सी, कप तथा प्रतियोगिता मे शामिल 32 टीम के खिलाड़ियों को ट्रैकशूट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सिरीज अरविंद उरांव (पाली), मैन ऑफ द मैच व बेस्ट गोलकीपर ऋषभ उरांव, बेस्ट डिफेंडर विक्टर होरो को चुना गया। इससे पूर्व अतिथियों चंदनक्यारी अमर कुमार बाउरी,डाल्टेनगंज के आलोक चौरसिया,भवनाथपुर के भानु प्रताप शाही,भाजपा के महेश महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बॉल में कीक मार कर फाईनल मैच का उद्घाटन किया। पुरस्कार वितरण के बाद नागपुरी कलाकार पवन राय, इग्नेश कुमार, सुमन गुप्ता द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किया गया।

गंगा प्रसाद बुधिया जी की मनायी गयी 120वीं जयंती

फोटो : एनएसए

रांची। सोमवार को मारवाड़ी कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद बुधिया की 120 वीं जयंती कॉलेज परिसर में मनाई गई।सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार जी ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे है, सदा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया, जिससे 18 हजार छात्र छात्रा पढ़ रहे हैं, इस कॉलेज में झारखंड के सब से अधिक

नामांकन के आवेदन आते है, यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि हम लोगों का सौभाग्य है कि हमलोग सृजन शील समाज सेवी गंगा प्रसाद बुधिया द्वारा स्थापित महाविद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला।मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका, कन्या पाठशाला के सचिव वेद प्रकाश बागला ने अपने उद्गार व्यक्त किए एवम विश्वनाथ नरसरिया ने संचालन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आर आर शर्मा, डॉ रोनाल्ड खालको, डॉ उमेश कुमार, डॉ राजीव रजक, डॉ एम सारंगी, अनुभव चक्रवर्ती महोदय सहित कई लोगो ने गंगा बाबू के सत कार्यों की चर्चा की एवम उन्हें जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, एलुमनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवम शुभम मंत्री ने कॉलेज के प्राचार्य, बुधिया परिवार की वरिष्ठ महिला शारदा बुधिया एवम अरुण बुधिया को अंगवस्त्र देकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पवन मंत्री, कृपाल सिंह, हरबिंदर सलूजा,सुरेश जैन, मनोज चौधरी,पवन शर्मा, सतपाल सलूजा उर्फ गुड्डी, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया, विष्णु कांत खेमका, सुरेश चंद अग्रवाल, ओ पी लाल, महावीर महेश्वरी,सुनीता जैन, रजनी बुधिया, राजेंद्र अग्रवाल सहित भरी संख्या में समाज के लोग एवम छात्र छात्रा उपस्थित थे सब ने अपने अपने उद्गार व्यक्त कर सृजन शील गंगा प्रसाद बुधिया जी के वृहद सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला,मनोज रूईया ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में भरपूर मेहनत की। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक भी भारी संख्या में मौजूद थे, वे भी अपने से ज्यादा समाज के लिए सोच कर काम करने वाले गंगा बाबू के जीवन से प्रेरणा मिली , उन्होंने उनके आदर्श को जीवन में अपने एवम प्रचारित करने कि शपथ ली।

एक नजर

बेड़ो में तैयार हुआ मां दुर्गा का भव्य मंदिर

बेड़ो: महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा के मंदिर का भव्य मंदिर तैयार किया जा रहा है। मां दुर्गा की मूर्ति राजस्थान से मंगाई गई है। वही मंदिर का गुम्बद में रंग व फर्श में ग्रेनाइट का कार्य जारी है। जिसमें समिति ने सहयोग की अपील किया है। जन सहयोग से लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मंदिर पूरे प्रखंड वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। वही मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों की देखरेख में चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभी गुंबद व फर्श में ग्रेनाइट का काम चल रहा है। इसके बाद गर्भगृह में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। समिति ने मां के भक्तों से सहयोग की अपील की है। समिति ने मंदिर निर्माण में अभी तक सहयोग प्रदान करने वाले मां के भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही मां के भक्तो से अपील किया है कि मंदिर के निर्माण में बढ़ चढ़ कर मंदिर निर्माण कार्य को पूरा कराने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। समिति के अशोक पंडा के पास अपना सहयोग राशि दान स्वरूप जमा कर सकते है। इसके अतिरिक्त यूको बैंक के एकाउंट नं. 08030110072301 में भी जमा कर सकते है। मंदिर निर्माण के लिए मंदिर निर्माण समिति ने प्रखंड व आसपास क्षेत्र के लोगों एवं श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है।

जंगली हाथी ने खिरदा स्कूल का दरवाजा तोड़ा, खाया चावल

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी लगातार तबाही मचा रहा है। जहां रविवार की रात लगभग दो बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिरदा का दरवाजा तोड़कर स्कूल में रखे मध्याह्न भोजन का चावल खाकर व छींटकर बर्बाद कर दिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुधीर वेक ने बताया कि हाथी ने स्कूल के दरवाजा को तोड़ दिया है।साथ ही स्कूल में बच्चों के लिए बनने वाले मिड डे मील के लिए रखे गए दो बोरा चावल को खाकर और जमीन में छींटकर बर्बाद कर दिया। पंकज कुजूर ने बताया कि एक हाथी पूरे प्रखंड के गांवों में उत्पात मचा रहा है। वहीं वन विभाग द्वारा अभी तक जंगली हाथियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इधर हाथी के भय से शाम होते ही ग्रामीण घरों में दुबक जा रहे हैं।

जिला परिषद सदस्य ने किया नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

अनगड़ा। जिला परिषद सदस्य नामकुम सह भाजपा नेता राम अवतार केरकेटटा ने सोमवार को गोंदलीपोखर में आयोजित एक अभिनंदन समारोह में नव मनोनीत भाजपा के रांची जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो का स्वागत सम्मान किया गया। रामअवतार केरकेटटा ने लगातार तीसरा कार्यकाल के लिए सुरेन्द्र महतो को बधाई दी। कहा कि सुरेन्द्र महतो के नेतृत्व में भाजपा ग्रामीण जिला में और सशक्त और जन जन की आवाज बनेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, अजय कुमार महतो, रामनाथ महतो, नरेश साहू, समाजसेवी फिरोज खान, आजसू नेता सज्जाद खान, राजेन्द्र चौधरी, प्रमोद सिंह, दिलीप साहू, गोरखनाथ सिंह, उमाकांत राय सहित अन्य उपस्थित थे।

उषा मार्टिन विवि का चार दिवसीय उष्मा उत्सव सात फरवरी से

अनगड़ा। उषा मार्टिन विवि अनगड़ा में चार दिवसीय वार्षिक उष्मा उत्सव सात से 10 फरवरी को आयोजित की जा रही है। उष्मा उत्सव में विविधि प्रकार के शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व स्पोर्टस इवेंट आयोजित की जाएगी। सात व आठ फरवरी को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें कई इवेंट आयोजित किए जाएंगे। नौ फरवरी को लोक-संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। 10 फरवरी को प्रसिद्ध शालिनी दुबे बैंड के द्वारा शानदार प्रस्तुती दी जाएगी। चार दिवसीय कार्यक्रम में अनेक विषयों के विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान भी आयोजित होगी। जिससे विवि के विद्यार्थियों का का मार्गदर्शन हो सके।

एसएसबी अनगड़ा में मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षुओं के बीच टूल किट व प्रमाणपत्र का वितरण

अनगड़ा। एसएसबी 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा में चल रहे एक पखवाड़ा के मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का सोमवान को समापन हो गया। कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देशन में रांची के अनेक सुदूरवर्ती गांव के 20 युवाओं को मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यवाहक कमांडेंट द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार ने किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र व टूल किट प्रदान किया गया। कमांडेंट एसडी शेरखाने ने कहा कि आज का युग मोबाइल का युग है। मोबाइल सभी की जरूरत बन गया है। मोबाइल रिपेयरिंग आज की जरूरत बन गया है। इसमें रोजगार की असीम संभावना है। स्वरोजगार शुरू करने का यह बेहतर माध्यम है। मोबाइल रिपेयरिंग एक ऐसा स्वरोजगार है जो युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकतें है। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी एवं बलकर्मी उपस्थित थे।

तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 10 से

अनगड़ा। बेड़वारी झटनीटुंगरी में नवनिर्मित श्रीश्री 108श्री हनुमत मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। कलश यात्रा व शोभायात्रा के साथ अनुष्ठान की शुरूवात की जाएगी। आयोजन को लेकर बनाए गए समिति के संरक्षक भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो व सेवाराम महतो, अध्यक्ष छोटु महतो व कोषाध्यक्ष छोटेलाल महतो बनाए गए हैं।

कांग्रेसमय हुआ धुर्वा का शहीद मैदान

रांची। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड में हैं। यात्रा के तहत वह धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला।

कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयुआई की राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर आरुषि वंदना रांची में सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुई।

एक नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत कर सराहनीय कार्य : अमित

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किए जाने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ता अपने आप को गर्वानित महसूस कर रहे है। भाजपा के नगर प्रवक्ता अमित कुमार पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आडवाणी जी को भारत रत्न से अलंकृत कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी में आडवाणी जी ने जो अपना संघर्षपूर्ण जीवन का बहुमूल्य समय उन्होंने दिया इसके लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को चरितार्थ करने का प्रयास किया है। भाजपा नेताओं ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की उपाधि दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, संजय गुप्ता अजय ओझा अर्जुन केसरी कुंवर सिंहअजय कुमार सिंह प्रकाश गोस्वामी प्यारेलाल ओझा मुन्नालाल कसेरा जोखन चंद्रवंशी सहित कई अन्य लोग शामिल है।

नियमित टीकाकरण के तहत बच्चों को रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण का कार्य किया गया



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड क्षेत्र के कई आगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग एंव आंगनबाड़ी सेविकाओं के सहयोग से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण के तहत कई बच्चों को रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण का कार्य किया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक इरफान खान ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे एंव तीसरे सोमवार को टीकाकरण का कार्य होता है। वही टीकाकरण कार्य आंगनबाड़ी केंद्र सूर्यपुरा एक, अगरेड कला, सुरहुरिया, कोसंदा, इमिरिता सहित छह केंद्रों पर टीकाकरण का कार्य हुआ। वही टीकाकरण केंद्रों पर माताओ को बच्चो के स्वास्थ्य से संबंधित कई बातों को बताया गया तथा समय पर टीकाकरण दिलाने और कोई भी परेशानी बच्चो के प्रति हो तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर चिकित्सक से सलाह लेने की बात कही।

हो रही बारिश से किसानों में खुशी

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। सहित पूरे जिले में सोमवार की आधी रात से हो रही, बूंदाबांदी व मध्यम बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी की मुस्कुराहट देखी जा रही है. किसान अलख सिंह, सुरेंद्र सिंह, इंदर सिंह, राम सुरेश सिंह, मुनिराज सिंह, कल्लू सिंह सहित कई अन्य किसानों ने बताया कि हो रही बारिश से रबी फसल को काफी लाभ मिलने की संभावना है. किसानों की माने तो गेहूं, मंसूर, चना सहित दलहनी व तिलहनी फसल को हो रही बारिश (मघेर) से काफी लाभ होगा. जबकि कुछ किसानों ने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि हो रही बारिश अगर अधिक हुई तो, कुछ फसलों को नुकसान भी हो सकता है। मौसम विभाग ने दिया था सूचना- रविवार चार फरवरी को बारिश होने के संबंध में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत, मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने 24 घंटे पहले रविवार को ही सूचना दे दिया था की पांच व छः फरवरी को राज्य के दक्षिण व पश्चिमी हिस्से में मेघ गर्जन व वज्रपात के साथ बारिश होने की प्रबल संभावना है. सात व आठ फरवरी को आकाश में बादल छाए रहने के कारण तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है. तत्पश्चात नौ व दस फरवरी को आकाश साफ रहने के कारण तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान बताया गया है। कितनी हुई बारिश-मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिकों के अनुसार सोमवार सुबह 8:30 बजे डेहरी में 4.8 मिली मीटर, नौहाटा में 10.4 व कैमूर के अधौरा में 14.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई. जबकि सुबह का तापमान पूरे राज्य में डेहरी का सबसे न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को ले जिला जज ने की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। नेशनल लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज सह प्राधिकार के अध्यक्ष त्रिलोकी दुबे ने दिन सोमवार को विधिक सेवा सदन के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एव सभी बैंक के वरीय पदाधिकारी एवं शाखा प्रबंधक तथा इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक की गई। जिला जज दुबे ने कहा कि इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत हेतु आप लोग अधिक से अधिक लोन वाले पक्षकारों को जागरूक करें तथा उनके साथ प्री सीटिंग करके वादों के निष्पादन पर विशेष बल देने की बात कही। वहीं जिला सूचनाओं जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह जल्द से जल्द सभी जगह पर नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु बैनर तथा हडिंग लगावें।

युवा थाना अध्यक्षों से जनता की उम्मीद बढ़ी

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिस प्रकार जिला पुलिस कप्तान ने सभी थाना अध्यक्षों को स्थानांतरण करते हुए उनकी जगह नए युवा पुलिस कर्मियों को थाना अध्यक्ष का कमान सौपा है अब छोटा बाबू से बड़ा बाबू बने ये नए युवा पीढ़ी के दरोगा जी जनता और कई मामलों के उद्वेदन करने में उनकी भूमिका पूरी तरह सक्रिय देखनें और सुनने को मिला तभी तो इन सभी का मेहनत रंग लाया और आज ऐ युवा पीढ़ी के सब इंस्पेक्टर आज थाने का कमान संभालने का मौका मिला है । जिसपर ये लोग पूरी ईमानदारी से सरकार की नीतियों को जरूर आगे बढ़ाएंगे जहां नगर थाना में मनोज कुमार सिंह कमान संभाले ,वही मुफस्सिल में ज्वाला कुमार सिंह कमान संभाले हैं, मनुआपुल में नरेश कुमार कमान संभाले हैं ,मझौलिया में अखिलेश कुमार मिश्रा कमान संभाले हैं, नौतन में राजेश कुमार कमान संभाले हैं, गोपालपुर में राजन कुमार कमान संभाले हैं, सिकटा में राज रौशन कमान संभाले हैं ,बैरिया में मुकेश कुमार कमान संभाले हैं, श्रीनगर ओपी में संजीव कुमार कमान संभाले है, शिकारपुर में अवनीश कुमार कमान संभाले हैं, कुमार बाग ओपी में देवेंद्र कुमार, लौरिया थाना में संतोष कुमार शर्मा, यातायात थाना में प्रमोद कुमार पासवान, साठी थाना में धीरज कुमार, योगापट्टी थाना में कंचन भास्कर, चनपटिया थाना में सम्राट सिंह, मैनाटांड़ थाना में मंटू कुमार, बलथर थाना में नीतीश कुमार, कंगली थाना में काफील अजहर इसी तरह सभी आदि अन्य थानों में नए युवा थाना अध्यक्ष अपनी-अपनी जिम्मेवारी ले लिए है। अब पुलिस और जनता के बीच सौहार्द बनाए रखने के साथ अपराध पर अंकुश लगाने का पूरा आश्वासन आम जनता को दे रहे हैं और आम जनता उनके इस आश्वासन पर विश्वास करती नजर आ रही है वही एक ओर पत्रकारों का संगठन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह, सचिव निरंकार भास्कर, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार, प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, शेखर सोनी, राकेश कुमार, रवी कुमार, मिथिलेश कुमार समेत युवा समाजसेवी जयप्रकाश सिंह, नौतन प्रखंड क्षेत्र के गहरी कोठी के समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, संत कबीर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर धर्मेश कुमार, सरगटिया के झुनू सिंह, दीपू कुमार यादव, आचार्य शिवकुमार द्विवेदी, निगरानी सह सेवानिवृत्ति डीएसपी रमेश चंद्र उपाध्याय आदि ने सभी नए थाना अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए पब्लिक और पुलिस के बीच समन्वय बनाए रखने की बात के साथ एक सफल थाना अध्यक्ष बनने की उम्मीद की है।

आरा के नागरि प्रचारिणी सभागार में आयोजित हुआ अटल श्री सम्मान समारोह

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। भारतीय अटल सेना के द्वारा आज आरा के नागरी प्रचारिणी सभागार अटल श्री सम्मान समारोह का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता भारतीय अटल सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित दुबे और संचालन अटल युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी ने किया। समाज हर क्षेत्र से चयनित लोगो को अटल श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। भारतीय अटल सेना के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हरी जी तिवारी ने कहा की भारतीय अटल सेना अच्छे कार्य करने वाले को सम्मान देने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस शंभू सिंह, पिरो नगर परिषद के अध्यक्ष किरण उपाध्याय पूर्व मेयर रूबी तिवारी,सामाजिक कार्यकर्ता कामेश्वर सिंह रहे। कार्यक्रम में भारतीय अटल सेना के संस्थापक सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, ममता पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रूपम श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री सुशील पांडेय, राष्ट्रीय महामंत्री उदय आनंद, प्रदेश महामंत्री प्रमोद ओझा, जिला महामंत्री मिथलेश ओझा अटल दुर्गा वाहिनी बिहार की अध्यक्षा सीमा तिवारी, जिला महामंत्री भाई मुना ने भाग लिया। कार्यक्रम में भोजपुर से बाहर के झारखंड के देवघर से रेणु दुबे, भभुआ से, पटना दे दीपा राजपूत को भी सम्मानित किया गया।

94 लाख गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा दो लाख : नीतीश कुमार

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार लघु उद्यमी योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लख रुपये सहायता राशि स्वरोजगार के लिए दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जाति आधारित गणना करवाई ताकि जाति के साथ-साथ हर किसी की आर्थिक स्थिति का भी पता चल सके। सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि 94 लाख से अधिक गरीब परिवार हैं जिनको आर्थिक मदद की जरूरत है। हमलोग ऐसे सभी परिवार के लाभुकों को 2-2 लाख रुपया सहायता राशि देंगे ताकि वे लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। इसकी ट्रेनिंग भी अलग से दी जाएगी। सीएम ने कहा कि आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को स्व-रोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु "बिहार लघु उद्यमी योजना" लागू की गयी है। योजना के अन्तर्गत राज्य के आर्थिक रूप से गरीब सभी परिवारों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी इस कार्यक्रम से जुड़े हुये हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि कि इस योजना के अलावे अगर कोई अपना रोजगार करना चाहता है तो उनकी भी पूरी मदद करें। हम आप लोगों से अनुरोध करेंगे कि हर जाति, धर्म के लोगों के बीच इस योजना को प्रचारित-प्रसारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के क्रियान्वयन में जितना पैसा लगेगा सरकार खर्च करेगी। हमलोग अगले 5 वर्ष के लिये पहला टर्म शुरू कर रहे हैं। इस योजना के बेहतर ढंग से कार्यान्वयन के लिये आप लोग ठीक से कार्य करें। हम यही चाहते हैं कि सभी को मदद मिल जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उल्लेखनीय है कि बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरूआत "हर घर उद्यमी, हर घर रोजगार, ऊंची उड़ान के लिए बिहार है तैयार" थीम के साथ की गई है। आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं राज्य में बेरोजगारी दर में कमी लाये जाने के उद्देश्य से बिहार लघु उद्यमी योजना लागू की गयी है। जाति आधारित गणना के दौरान 94 लाख से अधिक गरीब परिवार पाये गये। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत ऐसे गरीब परिवार में लाभुक को 2-2 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। आज इस योजना के लिए आवेदन के पोर्टल का लोकार्पण किया गया है। इसके लिये 61 परियोजनाओं को चिह्नित किया गया है जिसमें छोटे-छोटे उद्यम को शामिल किया गया है। यह पोर्टल आवेदकों के लिए खोल दिया गया है। 20 फरवरी तक इस योजना के लिये आवदेन किये जायेंगे। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक की परिवारिक आय प्रतिमाह 6000 रुपए से कम होनी चाहिए। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को तीन किस्तों में राशि दी जायेगी।

प्रथम किस्त में परियोजना लागत की 25 प्रतिशत, द्वितीय किस्त में परियोजना लागत की 50 प्रतिशत एवं तृतीय किस्त में परियोजना लागत की 25 प्रतिशत राशि लाभुकों को दी जायेगी। योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु राज्य अनुश्रवण समिति के गठन का प्रावधान है जबकि जिला स्तर पर योजना के अनुश्रवण हेतु जिला अनुश्रवण समिति का गठन किया जायेगा।

प्रधानाध्यपाक के सेवा निवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि काराकाट। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा में पदस्थापित प्रधानाध्यपाक देवंती कुमारी के सेवानिवृत होने के उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यपाक ममता मणिराज की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम का उदघाटन प्रा. शिक्षक संघ अध्यक्ष रोहतास सिद्धनाथ सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यपाक ममता मणिराज, डीडीओ लाल मोहर राम ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रुप से किया ।कस्तूरबा बालिका विद्यालय जयश्री के छात्राओं अंशु, निति, लक्की, पूजा, काजल, रौशनी, पायल ने स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मजहर हुसैन ने किया। सेवानिवृत प्रधानाध्यपाक के ईमानदारी पूर्वक किये गये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा की चर्चा की गई । देवंती कुमारी ने शिक्षा की अलख जगाते हुये काराकाट में वर्ष 1991 से 2024 तक अनवरत सेवा किया गया ।उक्त विद्यालय में 6 अगस्त 2019 से 31 जनवरी 2024 तक प्रधानाध्यपाक के पद पर कार्यरत रही । प्रभारी प्रधानाध्यपाक ममता मणिराज ने कहा कि सरकारी नौकरी में एक तय सीमा के अंदर सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है। आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। देवंती कुमारी सरलता, सौम्यता और बुद्धिमता के प्रतिमूर्ति थी । इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने इनके कार्यकाल में किये गये कार्य की सराहना किया ।सभी ने उनकी दीघार्यु और स्वास्थ्य जीवन की कामना की । वहीं लोगों ने कहा कि मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और निष्ठा का एक उपहार है। स्कूल के छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया प्रधानाध्यपाक की विदा होने पर स्कूल के छात्राएं व शिक्षकों की आंखे नम हो गयी। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों द्वारा सेवानिवृति प्रधानाध्यपाक देवंती कुमारी को फूलों की माला पहना कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकताओं ने कई उपहार भेंट स्वरूप दिये। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यपाक देवंती कुमारी ने कहा कि विद्यालय एक परिवार की तरह होता है जिसमें शिक्षक, अभिभावक और छात्राओं के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर भविष्य का निर्माण किया जाता है। मौके पर शिक्षिका प्रभावती कुमारी, मनीष सागर, विवेक कुमार, वीरेंद्र कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, जनार्दन यादव, अनील कुमार पासवान, कामेश्वर सिंह, रवि कुमार, शशी कुमार, प्रेम रंजन, लाला यादव, किशु कुमार, सुशील कुमार गुप्ता सहित स्कूल शिक्षक व छात्र, अभिभावक थे।

स्कूल में जो भी अच्छा सीखते हैं उसको वास्तविक और व्यवहारिक जीवन में उतारना सीखें : गरिमा



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया वार्ड 39 के प्राइमरी स्कूल हरदिया पहुंचीं। स्कूल के कक्षा दो और चार के छात्र छात्राओं से उनके शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में देर तक संवाद किया। महापौर सिकारिया ने छात्र छात्राओं से कहा कि अपने स्कूल में सीखी गई अच्छी बात और जानकारी को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना सीखें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी पाठ्य पुस्तकों के चेप्टर रूप में छपे दूसरे का अनुभव पढ़ते हैं। अगर हमें अपने वास्तविक जीवन में सफलता की ऊंचाई चढ़ना है तो इसके साथ स्कूल में सीखी गई हर एक अच्छी बात को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना होगा। इसके साथ ही महापौर ने पाठ्य पुस्तक से संबंधित गणित और हिन्दी के अनेक सवाल किए। इसके साथ ही सिकारिया ने बताया कि अपने गुरुजन, माता पिता और समाज के बड़े बुजुर्ग का आदर करने की सोच आप सबके लिए बहुत उपयोगी होगी। क्योंकि मनुष्य की उत्तम सोच ही उसके सफल जीवन की सबसे मजबूत सीढ़ी होती है। इस मौके पर पार्षद मुनमुन देवी, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने आसन्न लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रस्तावित पोलिंग पार्टी डिस्पैच एवं ई.भी.एम. डिस्पैच सेन्टर का किया निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा आसन्न लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर 1-वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र एवं 4- बगहा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रस्तावित पोलिंग पार्टी डिस्पैच एवं ई0भी0एम0 डिस्पैच सेन्टर के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया गया।उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि विगत लोक सभा उप चुनाव के अवसर पर बगहा-01 प्रखंड कार्यालय के समीप अवस्थित सी.आर.एम. गोदाम का उपयोग पोलिंग पार्टी एवं ई.भी.एम. डिस्पैच के लिए किया गया था। नार्थ बिहार सुगर मिल्स प्लस टू उच्च विद्यालय, नरईपुर एवं रा0 मध्य विद्यालय, नरईपुर आस-पास अवस्थित है। इसके पश्चिम दिशा में बगहा सुगर मिल के दो हिस्सों में बंटे हुए बड़े-बड़े दो मैदान हैं, जिसका उपयोग वर्तमान में गन्ना लदे ट्रैक्टरों के पड़ाव स्थल के रूप में हो रहा है। बाबा भूतनाथ इंटर महाविद्यालय, बगहा, एस.एस.बी. कैम्प से लगभग 200 मिटर पहले अवस्थित है। इस परिसर में बड़ा मैदान एवं दो फ्लोर पर नवनिर्मित बिल्डिंग अवस्थित है। नवनिर्मित बिल्डिंग में दोनों फ्लोर पर 08-08 कमरे अवस्थित है। इसके अतिरिक्त इस परिसर में नवनिर्मित बिल्डिंग के सामने लम्बाई में दो और बिल्डिंग अवस्थित है। वाहन पड़ाव के लिए एस0एस0बी0 21 वीं बटालियन, बगहा के परिसर पर भी विचार करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। जिला पदाधिकारी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, बगहा-1/बगहा-2 को पोलिंग पार्टी डिस्पैच तथा ई0भी0एम0 डिस्पैच के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप उक्त प्राप्त प्रस्तावों पर गहन विचार करते हुए शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा आसन्न लोक सभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक तैयारियों, सीमा गश्ती आदि बिंदुओं पर कमाण्डेंट, 21 वीं. बटालियन, एस.एस.बी. बगहा के साथ समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी के द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि सीमा पर विशेष चौकसी बरती जाए। उन्होंने कहा कि एसएसबी पूरी तरह चौकस रहकर प्रत्येक आने-जाने वालों की निगरानी करें। डॉग स्क्वायड की मदद से तस्करों पर नजर रखी जाय और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाय। उन्होंने निदेश दिया कि आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाकर रखी जाय और उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। इस दौरान लोगों से आपसी प्रेम व सद्भाव बनाये रखने तथा देश विरोधी असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

बड़ा तालाब के छठ घाट पर मार्वेल टाइल्स लगा कर लगेगा स्टील पाइप



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर छठीया तालाब के छठ घाट का अब बहुरेंगे दिन इसके सौंदर्यीकरण के लिए स्थानीय बक्सर सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के सांसद मद से छठ घाटों की मरम्मत के साथ ही मार्बल टाइल्स एवं स्टील पाइप लगाने के लिए जेइ ने किया स्थल मापी छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि सांसद विकास मद से कार्य कराने वाले जेई संतोष कुमार तिवारी के द्वारा बड़ा तालाब छठ घाटों का मापी कर प्राक्कलन बनाया गया। वही जेइ ने बताया कि लगभग 15 लख रुपए की लागत से उक्त छठ घाट के सौंदर्यीकरण करने के साथ ही मार्बल टाइल्स लगाने एवं स्टील पाइप तथा लोहे की सीकड़ से घेरा बंदी की जाएगी. बताते चले की स्थानीय बक्सर सांसद सह केंद्रीय मंत्री चौबे के द्वारा छठ पूजा 2023 के अवसर पर स्थानीय तालाब के पास सूर्य महाआरती में उपस्थित हो उनके द्वारा छठ घाट की सौंदर्यीकरण के लिए घोषणा की गई थी। जिसको लेकर जेई के द्वारा भूमि मापी कर प्राक्कलन तैयार किया गया। मौके पर जयराम कुमार, मो रहीम सियाराम शर्मा, अजय साह के साथ ही कई अन्य लोग मौजूद थे।

खलिहान में लगी आग, 40 बीघा धान के पुआल का कुटी जला

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। प्रखंड अंतर्गत घुसियां खुर्द पंचायत के सहेजनी टोला पर रखे एक बड़े पुआल के कुट्टी में आग लगने से कुट्टी जल कर खाक हो गया.कुट्टी बिक्रमगंज वार्ड 24 के निवासी अख्तर खान का था। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम को आग पर काबू पाने के लिए घंटों तक मसक्कत करनी पड़ी, तब जा कर आग बुझ पाई। लेकिन कुट्टी पूरी तरह खराब हो गया। मौके पर मौजूद कुट्टी रखने वाले व्यक्ति अख्तर खान ने बताया की मैं इसी का व्यवसाई हूं.हर साल किसान से पुआल खरीद कर कटवाता हूं और उसे इकठ्ठा कर के रखता हूं।

प्रशांत किशोर का पीएम मोदी और अमित शाह पर बड़ा हमला, बोले-अमित शाह ने नीतीश कुमार के लिए दरवाजे तो बंद कर चुके थे लेकिन कुंडी लगाना भूल गए

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि नीतीश जी पलटूराम हैं ये तो बिहार का पूरा बच्चा-बच्चा जानता है, लेकिन अभी कुछ दिन पहले जो हुआ उससे ये भी पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी उतने ही बड़े पलटूराम हैं। बिहार में आज से कुछ महीने पहले अमित शाह ने एक रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि बिहार का एक-एक आदमी कान खोल कर सुन लें नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। लेकिन मौजूदा समय में मजाक क्या हो रहा है मजाक यह हो रहा है कि अमित शाह ने दरवाजा तो ठीक बंद किया पर कुंडी लगाना भूल गए। फिर पलट कर नीतीश कुमार के साथ चले गए। तेजस्वी जब विपक्ष में होते हैं तो उनको शराब में माफियागिरी दिखने लगती है, लेकिन जैसे ही नीतीश के साथ उप-मुख्यमंत्री बनते हैं तो उन्हें अपना राजनीतिक गुरु बना लेते हैं। नीतीश कुमार RJD से पलट कर भाजपा के साथ गए हैं तो भाजपा वाले भी तो उनके साथ गए हैं। यही हाल RJD के नेता तेजस्वी यादव का है। तेजस्वी यादव साल भर पहले नीतीश कुमार को पलटूराम बता रहे थे पर जैसे ही नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को उप-मुख्यमंत्री बनाया तो तेजस्वी नीतीश को विकास का मसीहा बताने लगे। जब विपक्ष में थे तो शराब में उनको माफियागिरी दिख रही थी पर ठीक जैसे ही उनको उप-मुख्यमंत्री बनाया गया तो नीतीश कुमार में उनको अपना राजनीतिक गुरु दिखने लगा। तो सिर्फ नीतीश कुमार पलटूराम नहीं हैं। नीतीश कुमार सिर्फ पलटूराम के सरदार हैं, बाकी सभी नेता भी उतने ही बड़े पलटूराम हैं।

सदर अस्पताल के एसएनसीयू में उपलब्ध हुई वेंटिलेटर की सुविधा

वेंटिलेटर मशीन सांस लेने में दिक्कत होने वाले नवजातों के लिए होगा कारगर

नवप्रदेश प्रतिनिधि सासाराम। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार दुरुस्त किया जा रहा है और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम लोगों का विश्वास बढ़ा है लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहें है। इधर सदर अस्पताल स्थित नवनिर्मित एमसीएच भवन में एसएनसीयू सिफ्ट होने के बाद कई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। 20 बेड के एसएनसीयू में अब नवजातों के लिए वेंटीलेटर की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। पहले वेंटीलेटर की सुविधा नहीं होने से सांस लेने में तकलीफ होने वाले नवजातों को बाहर रेफर करना पड़ता था। लेकिन अब वैसे नवजातों को रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सदर अस्पताल में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ इरफान ने वैंटीलीटर मशीन को इंस्टॉल किया। इस दौरान सांस लेने में तकलीफ वाले नवजात को वेंटीलेटर पर रख का इलाज शुरू किया गया। एसएनसीयू में कार्यरत स्टाफ नर्स विदुसी लता ने बताया की हर महीने 4 से 5 बच्चे ऐसे आते थे जिन्हे सांस लेने में तकलीफ होती थी। परंतु वेंटीलेटर की सुविधा नहीं होने पर वैसे बच्चों को रेफर करना पड़ता था परंतु अब नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया की सांस लेने में दिक्कत होने की वजह से अधिकांश नवजातों की मौत होती है। ऐसे में यह वेंटिलेटर मशीन कारगर साबित होगा।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है सदर अस्पताल का एसएनसीयू

सासाराम स्थित सदर अस्पताल का एसएनसीयू कई मामलों में अहम स्थान रखता है। बेहतर डॉक्टर और नर्स के साथ साथ अत्याधुनिक मशीनों से लैस यह एसएनसीयू शिशु मृत्यु दर में गिरावट लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में 20 बेड वाले एसएनसीयू में 20 वार्मर, 9 फोटोथेरेपी, 17 सक्सन मशीन, निबुलाइजर, इन्फुजन पंप, वेंटीलेटर, सीपैप, पारा मॉनिटर, सेंट्रल लाइन ऑक्सीजन, ओ 2 कंसलट्रेटर, इंक्यूवेटर जैसे अत्याधुनिक मशीनों से लैस किया गया है जो निजी अस्पतालों के एसएनसीयू को भी पीछे छोड़ रहा है।

कई सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

अस्पताल प्रबंधक अजय कुमार ने बताया की नए भवन में एसएनसीयू सिफ्ट के बाद कई कार्य अभी बाकी है। एसएनसीयू को बेहतर बनाने के लिए कई कार्य जारी है। उन्होंने बताया की बच्चो को ब्रेस्ट फीडिंग कार्नर के साथ साथ कंगारू मदर केयर कार्नर अलग अलग बनाया जा रहा है।

सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं हो रही मजबूत

रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर के एन तिवारी ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से काफी बेहतर हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों में लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है जिसका मुख्य कारण कई सेवाओं का विस्तार होना है। डॉ के एन तिवारी ने कहा कि सदर अस्पताल के नवनिर्मित एमसीएच में गायनी विभाग, प्रसव विभाग के साथ-साथ एसएनसीयू को एक ही जगह शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे शिशु मृत्यु दर को कम करने में काफी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल का एसएनसीयू काफी बेहतर कार्य कर रहा है और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

संपादकीय

व्यक्तित्व को सम्मान

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के सरकार के निर्णय को भले ही सियासी नजर से देखा जा रहा हो, इस फैसले की टाइमिंग के कारण यह दृष्टिकोण भी गलत नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 2024 के आम चुनाव में अब चंद महीने ही शेष हैं, परंतु आडवाणी इस पुरस्कार के असली हकदार हैं। वे भले ही देश के प्रधानमंत्री नहीं बन पाये, लेकिन शुचिता के बल पर भारतीय राजनीति में अपनी पहचान बनायी और राजनीति के शिखर तक पहुंचे। 1996 में हवाला डायरी का किस्सा तो सभी जानते हैं कि आडवाणी ने सिर्फ इसलिए लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि उनके नाम का संकेत करने वाले कुछ शब्द उस डायरी में पाये गये थे। हालांकि उस वक्त आडवाणी की तरह ही कई और दलों के नेताओं के नाम भी थे लेकिन आडवाणी ही ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने ऐलान किया कि जब तक वे निर्दोष साबित नहीं होंगे, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसा नहीं कि सार्वजनिक जीवन में उन्होंने शुचिता का पालन किया, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी उन्होंने अपने स्द्धिांतों से कभी समझौता नहीं किया। ये बहुत कम लोगों को मालूम है कि जब उन्हें दिल्ली में अपना एक प्लॉट बेचने की नौबत आयी तो उस वक्त भी उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर वित्तीय घाटा तो उठाया लेकिन सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। दरअसल, दिल्ली के प्रीत विहार में उनका प्लाट था। कुछ वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आडवाणी को ये प्लॉट बेचना पड़ा, लेकिन मामला उस वक्त अटक गया, जब आडवाणी इस बात पर अड़ गए कि वे वही रकम लेंगे, जो रजिस्ट्री में निर्धारित होगी। दरअसल, जब प्रापर्टी बिकती है तो उस पर खरीददार टैक्स कम देने के लिए रजिस्ट्री में प्रापर्टी की कीमत कम दिखाकर बाकी हिस्सा कैश देता है। लेकिन आडवाणी इसके लिए तैयार नहीं हुए। दिल्ली के कुछ नेताओं ने आडवाणी को समझाने की कोशिश की कि पूरी वाइट रकम की जिद की तो शायद प्लॉट की पूरी कीमत न मिले। लेकिन आडवाणी अड़े रहे। नतीजा ये हुआ कि उस प्लॉट की जो रकम उन्हें मिल सकती थी, उससे लगभग 30 लाख रुपये उन्हें कम मिले। लेकिन इसके बावजूद अपने सिद्धांत पर अड़े रहे। आडवाणी चाहे पार्टी अध्यक्ष रहे, सांसद या फिर उपप्रधानमंत्री, उनका अपने कार्यकर्ताओं के साथ संबंधों पर कभी कोई असर नहीं दिखा। बिधूड़ी के मुताबिक जब वे उप प्रधानमंत्री बने तो वे गुर्जर समुदाय के लोगों के साथ उनका सम्मान करना चाहते थे। किसी तरह मान मनौव्वल से आडवाणी तैयार हो गए। आडवाणी को बताया गया कि 60 से 70 लोग ही होंगे लेकिन सम्मान वाले दिन सात सौ से अधिक लोग पहुंच गए। इतनी भीड़ देख आडवाणी, बेहद नाराज हो गए और कार्यक्रम को कुछ देर लेट कर दिया। बाद में पता चला कि आडवाणी नहीं चाहते थे कि उनके घर जो लोग भी आए हैं, वे बिना चाय पानी लिए वापस जाएं। सांसद रहते हुए वे नियमित तौर पर न सिर्फ संसद पहुंचते बल्कि पूरा समय वे सदन में रहते और संसदीय कार्य में रुचि भी लेते। आडवाणी का जीवन राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

सामयिकी

संतुलन से बनेगा बेहतर जीवन

सुंदरचंद ठाकुर

पिछले संडे मैं अपनी 12वीं मुंबई मैराथन दौड़ा। मैंने पहली मैराथन 2012 में दौड़ी थी। इन 12 सालों में जबकि मेरी उम्र 44 वर्ष से 56 वर्ष पहुंच गई, मैराथन दौड़ने के समय में लगभग एक घंटे की कमी आई है। पहली मैराथन मैंने 4 घंटे 55 मिनट में पूरी की थी जबकि इस मैराथन में मैंने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए इसे 3 घंटे 57 मिनट में पूरा किया। रनिंग के इस परफॉर्मेंस की तुलना करने पर हम सहज ही स्वीकार कर सकते हैं कि उम्र महज एक नंबर है बशर्ते कि हम जीवन को हेल्दी बनाने वाली दिनचर्या को अपनाएं, जीवन और शरीर के विज्ञान को समझें और अपने जीवन की प्राथमिकताओं को थोड़ा संतुलित बनाएं। प्रकृति के तीन गुण हैं जो हर चीज में मिलते हैं झ्र तमस, रजस और सत्व। तमस जड़ता और स्थिरता लेकर आता है। रजस गति और चंचलता लेकर आता है। तमस और रजस के संतुलन से हमें सत्व की प्राप्ति होती है, जिसे कि आदर्श स्थिति मान सकते हैं। जिस तरह कार में ब्रेक और एक्सीलेटर दोनों होते हैं। ब्रेक तमस है। वह रोकता है। एक्सीलेटर रजस है। वह गति बढ़ाता है। लेकिन ब्रेक लगाए रखने या एक्सीलेटर देते रहने से बात नहीं बनती। दोनों को संतुलन में इस्तेमाल करना पड़ता है। तब हम जिंदगी के सफर का आनंद ले पाते हैं। इसी तरह ही शरीर, मन और आत्मा हैं। जीवन का सही मायनों में विकास तभी संभव है जबकि हम तीनों स्तर पर ग्रो करें। शरीर के स्तर पर उसे मजबूत बनाना, लचीला बनाना बहुत जरूरी है। योगासन यही काम करता है। मन के स्तर पर ध्यान और प्राणायाम जरूरी है और आत्मा के स्तर पर परमात्मा के प्रति ग्रेटिट्यूड और प्रार्थना जरूरी है। योग में संतुलन को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जो लोग तमस यानी जड़ता का शिकार हैं, आलस्य का शिकार हैं, वे एक ही जगह पर स्थिर रहते हैं। जिस शहर में जन्मे पूरा जीवन उसी में निकाल दिया। जैसी काया मिली उसी में जीवन काट दिया। जो लोग रजस का शिकार हैं वे पैसा कमाने के पीछे अंधाधुंध दौड़े जा रहे हैं। उन्हें शरीर का कोई होश नहीं, बच्चों, बीवी का होश नहीं, बस भाग रहे हैं। कुछ लोग राजनीति में भाग रहे हैं। ताबड़तोड़। दिनरात। जाने कौन-सी ट्रेन छूट रही। रुकने का नाम नहीं ले रहे। वे ऐसे भागते-भागते ही टेक ऑफ कर जाते हैं। इस बात को समझने की कोशिश करें कि जो योगी अध्यात्म की राह पर निकलते हैं, वे शरीर को भी साधते हैं क्योंकि रुग्ण शरीर में शक्तिशाली आत्मा कैसे रह सकती है। इसलिए वह श्री श्री रविशंकर हों या सद्गुरू जग्गी दोनों, सच्चे आध्यात्मिक गुरुओं को आप हमेशा शरीर से भी फिट पाएंगे। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि शरीर नश्वर है आत्मा अजर अमर। लेकिन अजर अमर आत्मा का घर शरीर ही है। शरीर जब बहुत रुग्ण हो जाता है, बूढ़ा जर्जर हो जाता है, तो आत्मा उसे छोड़ देती है। लेकिन सवाल यह है कि शरीर किस उम्र में जाकर जर्जर होता है। भारत में तो ऐसे योगियों की भी बात होती है जिनके बारे में कहा जाता है कि वे ढाई सौ साल तक जीवित रहे। आज भी बनारस के बाबा शिवानंद 126 की उम्र में भी किसी युवा की तरह बात करते, योग करते दिखते हैं। लेकिन दूसरी ओर राकेश झुनझुनवाला जैसे भी हैं जो पैसा कमाने के पीछे ही एूं भागते रहे कि शरीर की ओर देखा ही नहीं। जीवन को सही मायनों में सफल बनाना है, तो शरीर, मन और आत्मा के विकास में संतुलन बनाना सीखना ही होगा। एक उज्जवल, शक्तिशाली आत्मा आप तभी बनेंगे जबकि आप अपने मन और तन दोनों को उज्जवल और शक्तिशाली बनाएंगे।

बजट- राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण

पीयूष गोयल

स्वच्छ और हरित- मोदी सरकार का स्वच्छ और हरित विकास पर भी विशेष ध्यान है। बजट इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। रूफटॉप सोलर योजना से एक करोड़ परिवारों को निःशुल्क बिजली मिलेगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि लोग ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचकर 20,000 रुपये तक की धनराशि अर्जित करेंगे। यह उद्यमिता के लिए अवसर भी प्रदान करेगा।

इस वर्ष के बजट प्रस्ताव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण तथा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर विशेष जोर के साथ, 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति प्रदान करेंगे। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की सराहना की जानी चाहिए और उन्हें बधाई दी जानी चाहिए।

राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण-विकास-उन्मुख बजट घोषणाओं के बारे में वास्तव में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि और बड़े पैमाने पर काम के अवसरों की उपलब्धता व रोजगार सृजन के साथ-साथ उदार व लक्षित कल्याण के उपाय, राजकोषीय जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ-साथ लागू किये जायेंगे। यह अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छी खबर है, क्योंकि कल्याणकारी योजनाओं तथा रोटी-कपड़ा और मकान की बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान से लाभार्थियों की जेब में पैसे की अधिक बचत होती है, जिसे वे विभिन्न उत्पादों पर खर्च करते हैं और इससे अर्थव्यवस्था में मांग में वृद्धि होती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजकोषीय अनुशासन और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर ऐसे समय में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जब देश आम चुनावों की तैयारी कर रहा है। वैश्विक स्तर पर, जब किसी देश में चुनाव होते हैं, तो अधिकांश निवेशक राजकोषीय लापरवाही का सामना करते हैं, क्योंकि सरकारें अक्सर राजकोषीय अनुशासन की अनदेखी करती हैं और लापरवाह लोकलुभावन उपायों का सहारा लेती हैं।

निवेशकों की सराहना- मोदी सरकार अलग है। इसके राजकोषीय अनुशासन के सख्त पालन ने यह सुनिश्चित किया कि महामारी और यूक्रेन संकट की दोहरी बाधाओं के बावजूद, भारत उथल-पुथल भरी दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा, क्योंकि इसने देखभाल और करुणा को समझदार अर्थशास्त्र के साथ संयोजित किया। इस वर्ष की बजट घोषणाएं इसी भावना के अनुरूप हैं। निवेश करने वाला समुदाय भी इसे मान्यता देता है। भारत के साथ व्यापार करने में वैश्विक रुचि से यह परिलक्षित होता है। भारत के शेयर बाजार भी निवेशकों के उत्साह को दर्शाते हैं। भारत का शेयर बाजार हाल ही में 4.33 ट्रिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ हांगकांग को पीछे छोड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है।

हर तरह से पहले स्थान पर- पूंजीगत व्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे भारत की अवसंरचना में और भी सुधार होंगे एवं आधुनिकीकरण होगा, जो 10 साल पहले की तुलना में पहले से ही प्रभावी रूप से बेहतर है।

उच्च पूंजीगत व्यय और बड़ी परियोजनाओं के कार्यान्वयन से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

मोदी गारंटी- प्रधानमंत्री मोदी ने एकदम सही कहा है कि इस वर्ष का बजट 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में भारत के पथ की आधारशिला को मजबूत करने की गारंटी देता है। इस यात्रा का मुख्य हिस्सा, महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के निर्धारण और उन्हें हासिल करके गरीबों का सशक्तिकरण करने से संबंधित है। इसके बाद का कदम है- और भी बड़ी आकांक्षाओं को पूरा करना।

आवास-निर्माण के प्रति मोदी सरकार की उपलब्धि और आकांक्षा से यह बात स्पष्ट होती है। सरकार पहले ही गांवों और शहरों में गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है। सरकार ने अब मध्यम वर्ग के लिए दो करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। महिला-नेतृत्व आधारित विकास- इसी तरह 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को 50% बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया है। आशा और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने 30 करोड़ मुद्रा ऋण के जरिये भी महिलाओं को सशक्त बनाया है। पिछले दशक में उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में 28% की वृद्धि दर्ज की गयी है। शिक्षा के क्षेत्र में, विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक अनुपातों में से एक है।

बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए, वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार 9-14 वर्ष की आयु की किशोरियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की देखभाल और करुणा युक्त शासन को प्रदर्शित करती है। कार्यान्वयन में तालमेल के लिए, मातृ एवं शिशु देखभाल से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को एक समग्र कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

मध्यम वर्ग को लाभ- लोगों के जीवन को आसान बनाने और उत्पीड़न को रोकने की सरकार की रणनीति के अनुरूप, बजट में नई आयकर योजना की घोषणा की गई है, जो एक करोड़ लोगों को राहत प्रदान करेगी। यह पहले की तुलना में एक स्वागत योग्य बदलाव है, जब पिछली सरकार ने दशकों तक आम आदमी के सिर पर इस तलवार को लटकाए रखा था। मध्यम वर्ग को अवसंरचना में सुधार और रोजगार सृजन में अपेक्षित तेज वृद्धि से भी लाभ होगा। युवाओं के लिए स्वर्ण युग- 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन से भारत के युवाओं को सबसे अधिक लाभ होगा। बजट में युवाओं के महत्व पर जोर दिया गया है। बजट में रोजगार के अवसर, स्टार्ट-अप के लिए सहायता और नवाचार को बढ़ाने के प्रावधान के साथ युवाओं को मदद करने से जुड़े उपायों की घोषणा की गई है।

वित्त मंत्री ने ठीक ही कहा कि भारत के तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए यह एक स्वर्ण युग होगा। सरकार 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित करेगी। यह निजी कंपनियों को अनुसंधान और नवाचार का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। वित्त मंत्री ने उन कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारत के युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं।

स्वच्छ और हरित- मोदी सरकार का स्वच्छ और हरित विकास पर भी विशेष ध्यान है। बजट इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। रूफटॉप सोलर योजना से एक करोड़ परिवारों को निःशुल्क बिजली मिलेगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि लोग ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचकर 20,000 रुपये तक की धनराशि अर्जित करेंगे। यह उद्यमिता के लिए अवसर भी प्रदान करेगा।

कई मायनों में, पीएम मोदी ने सदियों के संघर्ष के बाद सूर्योदय के युग की शुरूआत की है। बजट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से परिपूर्ण राष्ट्र- विकसित भारत 2047 - की आधारशिला रखता है।

अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज



आशीष वशिष्ठ

मुस्लिम समाज को ये बात समझ लेनी चाहिए कि जिन राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर वह सच्चाई की स्वीकार करने से बचता है उनका उद्देश्य मात्र उनके वोट प्राप्त करना है। जहां मूर्ति हो और जिस भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, वहां मस्जिद बनाने और नमाज पढ़ने को कुरान और पैगम्बर दोनों ने मना किया है। मस्जिद को हटाने का भी कुरान में निषेध नहीं है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता शृंगार गौरी की पूजा हो रही थी।

ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं।

होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिन्दुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिन्दुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिन्दुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिन्दुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिन्दुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई। देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता का कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यथार्थ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ित हैं।

सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों को राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व में भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिन्दुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है। अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है।

1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया उसके अनुसार 15 अगस्त, 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिन्दुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दोराय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्मस्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं।

ज्ञानवापी में हिन्दू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाई कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था। ज्ञानवापी परिसर में स्थित माता शृंगार गौरी भी पूजा का अधिकार मांगा जा रहा है। देखा जाए तो, मुस्लिम पक्ष द्वारा इस बारे में वही गलती दोहराई जा रही है जो अयोध्या विवाद में देखने मिली। इसलिए इस विवाद को निपटाने के लिए अदालत ही एकमात्र विकल्प बचता है, जहां ठोस प्रमाणों के आधार पर निर्णय होते हैं। अयोध्या में हिन्दू मंदिर होने की बात भी वहां किए गए उत्खनन से ही तय हुई। वही प्रक्रिया ज्ञानवापी के बारे में भी अपनाई जा रही है।

मुस्लिम समाज को ये बात समझ लेनी चाहिए कि जिन राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर वह सच्चाई की स्वीकार करने से बचता है उनका उद्देश्य मात्र उनके वोट प्राप्त करना है। जहां मूर्ति हो और जिस भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, वहां मस्जिद बनाने और नमाज पढ़ने को कुरान और पैगम्बर दोनों ने मना किया है। मस्जिद को हटाने का भी कुरान में निषेध नहीं है। ऐसे में वो विशाल हृदय का प्रदर्शन करते हुए अतीत में मुगल शासकों द्वारा हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर बलपूर्वक अधिकार जमाने और नियंत्रण किए जाने वाली गलती को सुधारने की पहल करते हुए उनकी सद्भावना प्राप्त करें। सद्भावना और सहिष्णुता एकपक्षीय नहीं, द्विपक्षीय होती है। एक पक्ष को अपमानित करके दूसरे पक्ष को सम्मान देने से सद्भाव को नहीं, शत्रुता का जन्म होता है। जन-जन को दिग्भ्रमित करने के दुष्चक्र की लंबी कहानी है।

(लेखक, स्वंत्रत टिप्पणीकार हैं।)

मीना कुमारी कैसे बनीं साहब बीवी और गुलाम की छोटी बहू

अजय कुमार शर्मा

ऐसी कई फिल्मों से मीना केवल इस कारण हाथ धो बैठी थीं, क्योंकि कमाल साहब उन फिल्मों को 'न' कर चुके थे। क्या अजीब बात है कि मीना की पूरी फिल्मों में आधे से अधिक फिल्में उनकी अपनी चुनी हुई नहीं थीं।

बॉलीवुड के अनकहे किस्से

साहब बीबी और गुलाम गुरुदत्त की ऐसी पहली फिल्म थी जिसकी शूटिंग शुरू होने से पहले ही पूरी पटकथा तैयार कर ली गई थी। सबको अंदाज था कि यह फिल्म गुरुदत्त ही निर्देशित करेंगे लेकिन उन्होंने अपने सहयोगी अबरार अल्वी को इसका निर्देशन सौंपा। यह उनकी पहली फिल्म थी। लेकिन इसके सभी गाने गुरुदत्त ने ही शूट किए थे। बाद में इसका कारण उनकी बहन ललिता लाजमी ने बताया था कि गुरुदत्त उन दिनों अपनी निजी जिंदगी में बहुत तनाव से गुजर रहे थे। अबरार अल्वी से पहले उन्होंने सत्येन बोस या नितिन बोस से भी यह फिल्म निर्देशित करवाने के बारे में सोचा था।

इसके महत्वपूर्ण किरदार छोटी बहू के लिए गुरुदत्त ने मीना कुमारी को ही ध्यान में रखा था। मगर गुरुदत्त ने जब फिल्म के सिलसिले में मीना कुमारी को पैगाम भेजा तो जवाब माफी की सूरत में आया। कमाल अमरोही ने स्क्रिप्ट देखी तो उन्हें लगा शराब पीती हुई छोटी बहू का किरदार मीना के करियर के लिए अच्छा नहीं होगा। यह उनके भीतर के पति का निर्णय था क्योंकि किसी निर्देशक का तो यह निर्णय नहीं हो सकता था। खैर हुआ यह कि उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़कर यह कह कर वापस कर दी की मीना कुमारी इतनी व्यस्त हैं कि उनके लिए अभी कोई फिल्म साइन करना मुमकिन ही नहीं है।

गुरुदत्त निराश हुए और उन्होंने छोटी बहू के लिए किसी और अदाकारा की तलाश शुरू कर दी। इस सिलसिले में लंदन में रहने वाली छाया आर्य को मुंबई बुलाया गया। छाया आर्य फोटोग्राफर जितेंद्र आर्य की पत्नी थीं। दोनों लंदन में रहते थे, लेकिन गुरुदत्त ने दोनों को मुंबई आने के लिए मना लिया । छाया आर्य ने लंदन में कुछ स्टेज शो और तथा नाटकों में काम किया था।

दोनों मुंबई आए और छाया आर्य के साथ फोटोशूट हुआ। उन्हें टेप पर रिकॉर्ड की हुई पटकथा भी सुनवाई गई और उनकी संवाद अदायगी का टेस्ट भी लिया गया। हालांकि जब फोटोशूट के चित्र आए तो गुरुदत्त और अबरार अल्वी दोनों ही निराश हुए। छाया तराशे हुए नैन-नक्श के साथ एकदम शहरी लग रही थीं। गुरुदत्त छोटी बहू के कठिन किरदार के लिए नर्म 'ममतापूर्ण' नैन-नक्श के साथ स्वच्छंद चेहरा चाहते थे। छाया के लिए यह बेहद दिल तोड़ देने वाली बात थी जो इसी फिल्म के लिए लंदन से अपना ठिकाना छोड़कर मुंबई शिफ्ट हुई थीं। हालांकि, फिल्मकार के रूप में गुरुदत्त ने समझौता नहीं किया।

तब तक स्टार बन चुकी वहीदा रहमान भी छोटी बहू का किरदार करना चाहती थीं। उन्होंने बंगाली साड़ी पहनकर टेस्ट भी दिया था और फोटोशूट भी कराया था लेकिन फोटोग्राफ गुरुदत्त को अच्छे नहीं लगे थे उन्हें लगा कि वहीदा बहुत छोटी लग रही हैं

जबकि किरदार के लिए एक परिपक्व अभिनेत्री की जरूरत थी। उनके फोटो देखकर गुरुदत्त ने हंसते हुए कहा था, ₹तुम तो चूहा लग रही हो ।₹ इसके बाद नरगिस से भी बात की गई मगर वे भी तब तक फिल्मों को अलविदा कहने का मन बना चुकी थी। फिल्म फ्लोर पर जा चुकी थी गुरुदत्त ने जब तक ऐसा किया कि छोटी बहू के किरदार के अलावा जितने भी सीन थे, उन सब की शूटिंग कर ली। इस सब के बाद एक बार दोबारा मीना कुमारी से संपर्क किया गया। इस बार मीना ने खुद स्क्रिप्ट पड़ी और रात के 2:30 बजे फोन कर फिल्म के लिए हां कर दी। इस वक्त उनकी उम्र 32 साल थी और वह अपने करियर की ऊंचाइयों पर थीं। ऐसे किरदार को स्वीकार करके उन्होंने न सिर्फ खुद को मुश्किल में डाला था बल्कि अपने करियर के लिए भी खतरा मोल लिया था। मीना कुमारी इस वक्त तक शराब के असर से दूर थीं लेकिन इसके बावजूद इस तरह का किरदार अदा किया। इसके लिए आलोचक और प्रशंसकों दोनों से उन्हें खूब वाहवाही मिली।

1962 में यह फिल्म जब रिलीज हुई तो कारोबार के लिहाज से स्वयं गुरुदत्त तथा फिल्मी पण्डितों को भी इस फिल्म से कुछ ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं, लेकिन जब सिनेमाघरों के सामने इस फिल्म को देखने के लिए आने वालों की लम्बी कतारें नजर आने लगीं तो गुरुदत्त, मीना कुमारी और दूसरे लोगों को खुशी के साथ-साथ हैरत भी हुई। 1963 में मीना कुमारी ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ग्यारहवें फिल्म फेयर अवार्ड के सिलसिले में वह तीन फिल्मों में बेहतरीन अदाकारा के अवार्ड के लिए नामजद हुईं। बेहतरीन अदाकारा के तौर पर उनका मुकाबला किसी और से नहीं, खुद अपने आपसे था। 1962 में रिलीज होने वाली जिन तीन फिल्मों के लिए वे नामजद हुई थीं, उनके नाम थे साहब बीबी और गुलाम, आरती और मैं चुप रहूंगी। साहब बीबी और गुलाम के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इतना ही नहीं फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए भी फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुए।

चलते-चलते

एक तरीके से मीना कुमारी को यह फिल्म जाते-जाते अनायास ही मिल गई। कुछ अरसा पहले बिमल रॉय अपनी फिल्म 'देवदास' के लिए मीना कुमारी को हीरोइन के तौर पर साइन करने के लिए कमाल अमरोही के पास गये थे। कमाल अमरोही ने न जाने क्या सोचकर इस अहम प्रस्ताव को मना कर दिया था। यह किरदार बाद में सुचित्रा सेन ने किया और फिल्म बेहद कामयाब रही। फिल्मी दुनिया में कोई बात लंबे समय तक छुपी नहीं रहती। यह राज भी कुछ समय बाद ही बाहर आ गया। 'बेनजीर' की शूटिंग के दौरान एक बार बिमल रॉय ने महज अपनी हैरत दूर करने के लिए मीना कुमारी से पूछा कि उन्होंने इतनी महत्वपूर्ण फिल्म में इतना यादगार किरदार अदा करने से इनकार क्यों किया? इस पर मीना कुमारी ने हैरत जताते हुए कहा कि उन्हें तो मालूम ही नहीं कि उनके लिए इस किस्म की कोई भूमिका आयी थी।

बहरहाल वजह चाहे कुछ भी रही हो, मीना को इस बात से बहुत दुख पहुंचा था कि आखिर क्यों कमाल उन्हें ऐसी बेहतरीन फिल्मों से महरूम कर रहे हैं? यह एक घटना नहीं थी। ऐसी कई फिल्मों से मीना केवल इस कारण हाथ धो बैठी थीं, क्योंकि कमाल साहब उन फिल्मों को 'न' कर चुके थे। क्या अजीब बात है कि मीना की पूरी फिल्मों में आधे से अधिक फिल्में उनकी अपनी चुनी हुई नहीं थीं। पहले पिता अली बक्श और अब पति ही उनकी फिल्मों की शिनाख्त कर रहे थे। एक आश्चर्यजनक सत्य यह भी है कि मीना ने जिन सफल फिल्मों में काम किया उनसे ज्यादा सफल वे फिल्म हुईं, जो उन्हें ध्यान में रखकर लिखी गयीं, मगर उन्हें मीना तक पहुंचने से पहले ही उनका भला चाहने वालों ने ही खारिज कर दिया था।

(लेखक, वरिष्ठ कला-साहित्य समीक्षक हैं।)

भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर बेचने में मनमानी, हंगामा

पलामू। भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर बेचने में मनमानी के साथ-साथ पक्षपात करने पर सोमवार को हंगामा किया गया। सुदना गायत्री मंदिर रोड के निवासी संवेदक कमल पाठक ने हंगामा करते हुए विभाग के एजाज नामक कर्मी पर मनमानी और पक्षपात करने का आरोप लगाया। कमल पिछले कई दिनों से भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर खरीदने के लिए जा रहे थे, लेकिन उन्हें अगली बार देने का हवाला देकर वापस भेज दिया जा रहा था।

अन्य दिनों की तरह सोमवार को कमल पाठक टेंडर पेपर खरीदने के लिए विभाग में पहुंचे थे। पूर्व की तरह एजाज नामक कर्मचारी ने कमल को टेंडर पेपर नहीं दिया और कार्यपालक अभियंता से बात कर लेने की नसीहत दी। कहा कि कार्यपालक अभियंता से बात होने के बाद ही उन्हें टेंडर पेपर दिया जायेगा। इससे कमल भड़क गए और कार्यालय में हंगामा करने लगे।

कमल का आरोप था कि टेंडर पेपर बेचने में मनमानी की जा रही है और पक्षपात हो रहा है। कमल ने यह भी कहा कि कर्मी एजाज का कहना था कि विभाग से जुड़े हुए एक दर्जन ठिकेदार पैसा देकर फंड लाते हैं। काम सिर्फ उन्हीं को दिया जायेगा। कमल ने कहा कि एक साल से उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।

इस संबंध में कार्यपालक अभियंता महेन्द्र राम का पक्ष जानने के लिए उनसे दूरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

बिल्डिंग डिविजन बना भ्रष्टाचार का अड्डा: विजय ओझा

सूचना मिलने पर पलामू सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा बिल्डिंग डिविजन मेदिनीनगर कार्यालय पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी ली। विजय ने कहा कि बिल्डिंग डिविजन भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कई संवेदक ने उन्हें फोन करके इस संबंध में जानकारी दी। स्थिति की जानकारी ली गई। कहा कि आज जिले भर के लिए टेंडर निकला था, जिसका पेपर भी बिक रहा था, परंतु जिन संवेदकों का भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ बेहतर संबंध है। उसे ही दिया जा रहा था। 17 जनवरी को भी इसी तरह की स्थिति थी। टेंडर सिर्फ मेन और डमी को देकर कार्य मैनेज किया जाता है। जिनका टोकन मनी जमा किया गया था, उसी को पेपर कैशियर एजाज दे रहे थे, जिनका पहले से तय नहीं था, उनकों कार्यपालक अभियंता से बात करने के लिए बोल रहे थे। विभाग की मिलीभगत से भवन निर्माण में टेंडर मैनेज होता है। आज हुए टेंडर को रद्द करने के लिए उपायुक्त पलामू से आग्रह किया जायेगा, जो स्थिति नजर आयी उससे सरकार को राजस्व का नुकसान होता नजर आया।

एक नजर

घटनास्थल पर आधा दर्जन खदान एवं दर्जनों क्रेशर मौजूद

डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा बटियो नदी पुल के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से आस पास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव को देखने से ऐसा प्रतित होता है कि पिछले 1-2 दिनों से शव पड़ा था. साथ हीं अंदाजा लगाया जा रहा है कि शराब के नशे मे धुत होकर गिर गया हो व ठंड लगने के कारण पुल के निचे सोने गया होगा जिसके बाद ठंड लगने से ईसकी मौत हो गई हो। शव मे मिट्टी लगा था एवं पैर देखने से लग रहा था कि चूहा कुतर दिया हो। मिली जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति का मवेशी पुल के निचे चला गया था उसे निकालने के लिए निचे गया तो देखा गया की पुल के निचे किसी व्यक्ति का शव है तो उन्होंने हो - हल्ला किया औ? भारी संख्या मे लोग ईकट्टा हो गए. वहीं नवलशाही थाना को सूचना दी गई। जिसके बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया. वहीं ईस सबंध मे प्रशासन ने कहा की जिसका भी शव होगा वो सदर अस्पताल कोडरमा से संपर्क करें दो दिन तक शव को सदर अस्पताल मे हीं रखा जाएगा। अगर कोई इसका परिजन नहीं आएंगे तो अंतिम संस्कार प्रशासन द्वारा कर दिया जाएगा। बता दें की जिस जगह से शव बरामद हुवा है उस जगह के अगल-बगल आधा दर्जन खदान एवं दर्जन भर से अधिक क्रेशर है. ईस खदान-क्रेशर मे सैकड़ो बाहरी मजदूर काम करने आते हैं। घटना या साजिश फिलहाल पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

सतगांवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में पशु-चिकित्सक के खिलाफ अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी बीस सुत्री सदस्य

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में प्रखंड बीस सुत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य ब्यूटी कुमारी ने प्रखण्ड के पशु-चिकित्सक डॉ रविकांत कुमार के मनमानी रवैया और खुलेआम रिश्वत मांगने और कोविड 19 के समय बकरी वितरण में 15 लाख रुपये के गबन की जांच कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं हैं। उल्लेखनीय रहे कि सतगावां प्रखण्ड में पदस्थापित प्रखण्ड पशु-चिकित्सक डॉ रवीन्द्र कुमार पद स्थापना काल से ही प्रखण्ड में लूट मचा रखें हैं। कोविड 19 के समय में सरकार गरीब लाभूकों बीच जे.एस.एल.पी.एस के माध्यम से चयनित लाभूकों बीच 15 लाख रुपये की बकरी वितरण राशि निर्गत की गई थी. लेकिन किसी भी लाभूक को बकरी नहीं मिला है. इसकी जांच के लिए लिखित आवेदन देकर प्रखण्ड बीस सुत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य ब्यूटी कुमारी ने जांच कर कार्रवाई की मांग की थी. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं गव्य विकास विभाग झारखंड सरकार के योग्य पशुपालकों को गौ पालन के पंचायतों के माध्यम आवेदन मांगा गया था। पंचायत स्तर पर आवेदन पशु-चिकित्सक डॉ रविकांत कुमार को भेजा गया। डॉ रविकांत कुमार प्रखण्ड में बिचौलियों के माध्यम से फोन करा कर लाभूकों से रिश्वत की मांग की जा रही जो लाभूक रिश्वत नहीं देते हैं उनके फार्म को कूड़ेदान दान में फेंक दिया जाता है। उपरोक्त आरोप अनिश्चितकालीन अनशन बैठी सतगावां प्रखण्ड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य ब्यूटी कुमारी ने लगाई।

बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक गोपाल कृष्णा ने किया सतगावां के बसोड़ीह शाखा का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश, सतगावाँ। प्रखंड में पहली बार उप महाप्रबंधक का दौरा ग्राहकों के बीच शामिल हुए राष्ट्रीय बैंकिग समूह के आंचलिक कार्यालय के वरीय अधिकारी झारखंड के बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय बैंकिंग समूह के उप महाप्रबंध गोपाल कृष्णा ने सतगांवाँ प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया के बासोडीह शाखा का निरीक्षण किया। उप महाप्रबंधक गोपाल आंचलिक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक विमल कांत झा एवं अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार उप महाप्रबंधक ने ग्राहकों के बीच उत्पादों के बारे में चर्चा की एवं बैंक के सभी ग्रहकों को ऋण देकर उनके सामजिक उत्थान में सहायता करने का भरोसा दिया उन्होंने स्पष्ट संदेश दोहराया की सभी लाभूकों के बीच बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान आश्वासन दिया। बैंक ऑफ इंडिया सतगांवा शाखा के ग्राहकों की समस्या सुनकर उनके निराकरण करने का आश्वासन दिया।बासोडीह शाखा शाखा के प्रबंधक आलोक रंजन एवं सतगावां शाखा प्रबंधक गौरव कुमार के द्वारा दोनों शाखा से 50- 50 लोगों को बैंक से जेनरेट किया गया, जो बैंक के द्वारा ग्राहकों की प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू। सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय हनुमन्ता के प्रधानाध्यापक सरदार यादव के सेवानिवृत्त उपरांत सोमवार को हनुमन्ता मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।।बिदित हो कि सरदार यादव 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे।। इस समारोह में राणा मनीष सिंह प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं जिला सचिव राम उपेंद्र कुमार पांडे मुख्य रुप से उपस्थित हुए। इस मौके पर हनुमन्ता मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील पाण्डेय ने कहा कि नौकरी पेशा में आये लोग को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है। परन्तु बेदाग सेवानिवृति से ब्यक्ति की गरिमा बना रहता है। उन्होंने कहा कि सरदार यादव के समय मे ही यह विधालय खुला था। इन्होंने विद्यालय विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ा है। यहाँ इनकी पहचान गुरु जी के रूप में रही हैं।ये कार्य के प्रति पूरी ईमानदार रहे हैं।इस मौके पर सरदार यादव को अंगवस्त्र, फूलमाला व उपहार भेट कर स्वागत किया गया।इस मौके पर शिक्षक अशोक सिंह, राजेंद्र महतो, नागेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, अजय तिवारी, नागेंद्र सिंह, शाहिद अंसारी, हाजिम अंसारी वकील अंसारी ने भी सरदार यादव को माल्यार्पण कर स्वागत किया।तथा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बिदित हो कि सहयोगी शिक्षक के रूप में पोलपोल व सरजा पंचायत के पहले शिक्षक हैं जिन्हें 60 बर्ष सेवा पूर्ण होने व सेवानिवृत्त उपरांत बिदाई दी गई।

16 फरवरी से माता शबरी मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव, समिति ने पूर्व विधायक को किया आमंत्रित

चौपारण। अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति चौपारण द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री रुद्र चंडी एवमं माता शबरी वर्षगाँठ महोत्सव की तैयारी जोरो पर है। 16 फरवरी को आयोजित कलश यात्रा में शामिल होने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को आमंत्रित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि माता शबरी की कृपा से माता शबरी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक था। इस वर्ष पहले वार्षिकोत्सव भी भव्य होगा।

लोकसभा चुनाव में भाजपा हासिल करेगी 400 पार का लक्ष्य : सुनीता सिंह

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि हमारा संगठन सशक्त हैं हमारे कार्यकर्ता सक्षम हमारे केंद्र की सरकार मोदी के नेतृत्व में देश ही नहीं पूरे विश्व में डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्यक्रम चलो गांव की ओर इस कार्यक्रम में हमारे सभी पदाधिकारी गांव गांव जाकर केंद्र सरकार की योजना को की जानकारी देंगे आने वाला लोकसभा चुनाव में 400 पार लोकसभा सीट जितना लक्ष्य को हमें पूरा करना है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के लोग भारत की ओर देख रहे हैं। हमारा केंद्र सरकार जो गांव का विकास कर रहा है। पिछले 60 वर्षों में वह विकास नहीं हुआ था। हमारे सभी कार्यकताओं से आग्रह है केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाकर पहुंचाना है और बताना है कि यह सभी योजना मोदी के द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्त हो रही है पंचायत सशक्त हो रहे हैं युवा सशक्त हो रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण हमारी केंद्र सरकार की सभी योजना हैं। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पुराने एवं सक्रिय कार्यकर्ता से मिले और उनकी समस्या जानते हुए उन्हें एक्टिव करेंए ताकि आने वाला समय में उन्हें चुनाव में ज्यादा से ज्यादा उनका हम लाभ ले सकें।

भाजपा का गांव चलो अभियान के साथ दीवाल लेखन कार्यक्रम का आयोजन

नवप्रदेश, डोमचांच। लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी कमर कस ली है। भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष कामिनी देवी ने डोमचांच प्रखण्ड अन्तर्गत नवाडीह के रूपनडीह बगिया में दिन रविवार को घर-घर जाकर और चबूतरे में बैठक कर महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत फूल बनकर एक बार फिर मोदी सरकार लिखकर संपन्न किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि 47 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद, लगातार कांग्रेस सरकारों ने गांवों को सम्मानजनक जीवन के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, स्वच्छता, जल निकासी जैसी बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान करने के लिए बहुत कम काम किया है। मौके पर शिला देवी, आशा देवी, शोभा देवी, लिलावती देवी, इन्द देदी, बिन्दु देवी, सुनिता सिन्हा, रिकी देवी, फूलमती देवी, संगीता देवी, पिंकी देवी, लक्ष्मी देवी, प्रेमा देवी, संजु देखी, प्रवती देवी, बलती देवी, गीता देवी, सुमित्री देवी, सावित्री देवी, मुनिया देवी मौजूद थी।

जिले भर में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

नवप्रदेश, कोडरमा। जिला परिवहन कार्यालय (सड़क सुरक्षा कोषांग) कोडरमा एवं सक्षम सवेरा के संयुक्त तत्वाधान में जिले के विभिन्न स्थान पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नेक नागरिक योजना, हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाने के साथ- साथ वाहन चलाते समय नशा नहीं करने, अपनी वहां को दुरुस्त रखना सहित सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर, सतगावां, कोडरमा, झुमरी तिलैया, चंदवारा यदि जगहों पर नाटक कर लोगों को जागरूक किया जा चुका है। सतगांवा में लोगों को जागरूक करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सहायता करने वाले नेक नागरिक को अस्पताल द्वारा तत्काल 2000 तथा केंद्र सरकार द्वारा 5000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

11 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के जयंती को लेकर जैनामोड में बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

जैनामोड़। झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक पार्टी कार्यालय जैनामोड़ में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी व संचालन प्रखंड सचिव अतुल रजवार ने किया। आयोजित बैठक में चिलगड्डा व जैनामोड़ में आगामी 11 फरवरी को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के जयंती को लेकर तैयारी पर चचाएं करते हुए वक्ताओ ने अपने - अपने विचार दिये। बैठक में मुख्य रुप से झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का षड़यत्र के तहत फंसाया है। क्योकि वे राज्यहित में कई फैसले लेने के लिए सक्ष्म थे। आखिरकार उन्हे दवाब देकर पद से इस्तिफा देने का काम किया है। उन्होने कहा कि गांव-गांव जाकर पार्टी के कार्यकर्ता केन्द्र की भाजपा सरकार ने षडयंत्र के तहत मुख्यमंत्री को फंसाया है। इस षडयंत्र के विरूद्ध लोग को जागरुक करना है। कहा कि पार्टी हमेशा शहीदो को सम्मान देने का काम करता है। बाबा तिलका मांझी राज्य नही देश का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी है। बैठक मे झामुमो महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अम्बिका देवी, रामा मांझी, पूर्व प्रमुख बाबूचांद सोरेन, आजाद अंसारी,अशोक मुर्मू, राजेश मुर्मू, बिंदेश्वर बेसरा, नंदकिशोर टुडू, सोमर मुंडा, संतोष महतो, दीपक सोरेन, डोमन मुर्मू, बबीता देवी, भालचांद मराण्डी, बाबू चांद सोरेन, गोविन्द लेहरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

चंपई सरकार महागठबंधन सरकार के अधूरे कार्यों को पूरा करेगी: डॉ आरसी प्रसाद मेहता

हजारीबाग। चंपई सरकार ने बहुमत से विश्वास मत हासिल किया, इसके लिए महागठबंधन परिवार के ओर से माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को हार्दिक शुभकामनाएं। पक्ष में 47 एवं विपक्ष में 29 वोट प्राप्त किया गया जो पूर्व अनुमानित था झारखंड में गठबंधन द्वारा हेमंत सरकार बहुत अच्छी तरह से चल रहा था 2 साल तकरीबन कोरोना काल रहा इसके बावजूद अन्य राज्यों के तुलना में गठबंधन सरकार ने सराहनीय कार्य किया है गठबंधन सरकार के माननीय कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भक्ता के पहल पर हजारीबाग जिले वासियों को लोलटैक्स निशुल्क किया गया। हेमंत सरकार द्वारा प्रदेशवासियों कोरोना काल में ज्यादा से जायदा सहयोग किया। हेमंत सरकार के अधूरे कार्यों को चंपई सरकार निश्चित पूरा करेगी। यह बातें कांग्रेस के प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा रामगढ़ से लौटने के दौरान कहा। डॉ मेहता ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जन-जन के जमीनी नेता शालीनता के प्रतीक है चंपई सरकार झारखंडियों के सपनों को सकार करेंगे। झारखंड अपराध मुक्त होगा।भारत जोड़ो नया यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो डॉ दीपक सिंह एडवोकेट संजय दास सुदीप धवन राजबल्लभ प्रसाद ब्रजकिशोर मेहता वीरेंद्र सिंह मनोज मेहता खगेंद्र कुशवाहा विनोद कुशवाहा मिस्टर अंसारी राजबल्लभ मेहता शशिकांत मेहता महेश महतो प्रदीप प्रसाद राजेंद्र प्रसाद मिथलेश मेहता भवन पवार रंजीत प्रसाद मेहता झण्डा मरांडी अजय कुमार इत्यादि दर्जनों लोग भाग लें।

ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान पहुंचा चैनपुर

मेदिनीनगर पलामू । पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के द्वारा आगामी 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी के लिए की चलाई जा रहे रथ यात्रा के तहत आमंत्रण रथ पहुंचा चैनपुर प्रखंड। डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के आदि विभिन्न पंचायतो मे रथ यात्रा के माध्यम से आगामी 11 फरवरी दिन रविवार समय 9:00 बजे मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में उपस्थित होकर पिछड़ा वर्ग ओबीसी के इस जागरूकता महा अभियान सह महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। चैनपुर प्रखंड के खुरा पंचायत के प्रत्येक गांव और मोहल्ले में नुक्कड़ सभा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शैलेश चंद्रवंशी मुस्तकीम अंसारी धीरज चंद्रवंशी सुरेश ठाकुर नुक्कड़ सभा में भाग लिए शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि कहा कि जनसंख्या के हिसाब से पिछड़ा वर्ग ओबीसी के छात्र-छात्राओं को ना तो शैक्षणिक संस्थानों में निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था होती है ना ही उनके पढ़ने के लिए छात्रावास की व्यवस्था कराई गई है यह तो सरासर अन्याय है। मौके पर चैनपुर प्रखंड के ओबीसी समाज के जागरूक लोग उपस्थित थे।

स्वदेशी मेला के निमित्त भूमि पूजन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रही स्वदेशी मेला के निमित्त स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 21 वां स्वदेशी मेला हेतु मेला मैदान के लिए भूमि पूजनअनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता के कर कमलों से संपन्न हुआ। वैदिक पुरोहितों द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि खनिज संपदा से भरपूर झारखंड की धरती आज विकास के लिए मोहताज है। अक्षम नेतृत्व एवं गलत नीतियों के कारण झारखंड आज पिछड़ों की श्रेणी में है। आज के युवा बेरोजगारी के अवसाद से गुजर रहे हैं। जिसके कारण उनके कदम अब लड़खड़ाने लगे हैं। जिस कारण उनका झुकाव अपराध की ओर बढ़ रहा है। इस बार मेले में कई बड़ी कंपनियां जैसे बोकारो स्टील प्लांट, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड ,बोकारो पावर सप्लाई, डालमिया सीमेंट, इलेक्ट्रो स्टील, ओएनजीसी के अलावा कंज्यूमर क्षेत्र से भदोही के कारपेट, खादी वस्त्र, लाह की चूड़ी, राजस्थान से अचार, गुजरात से गुजराती कपड़े, भोपाल से जड़ी बूटी, दिल्ली से सूती वस्त्र, साड़ियां, कानपुर के अचार, टीवीएस के मोटरसाइकिल, उषा इंटरनेशनल, कोचीन एवं बोकारो औद्योगिक क्षेत्र से कुछ कंपनियां डीआरडीओ के माध्यम से उनसे जुड़े एनजीओ के माध्यम से बने वस्तु लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योग के समान का प्रदर्शन आदि में लोगों आकर्षण होगा। भूमि पूजन में क्षेत्र संयोजक अमरेन्द्र कुमार सिंह, मेला संयोजक दिलीप वर्मा,

संपर्क प्रमुख अजय चौधरी, विभाग के सहसंयोजक अजय कुमार सिंह, जिला संयोजक कुमार संजय, सहसंयोजक द्वैय प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम प्रकाश, जिला समन्वयक शशांक शेखर, पत्रिका प्रमुख नवीन कुमार सिंह, कोष प्रमुख विनोद कुमार चौधरी, जिला समिति के सदस्य सुरेश कुमार सिन्हा, नारायण सिंह, जयशंकर प्रसाद, सुजीत कुमार ,मनीष कुमार सिन्हा, अशोक रंजन, ददन कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

कोडरमा पुलिस की बड़ी कार्रवाई साढ़े सात लाख मूल्य का पत्थर जप्त, दो गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह को यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी. कि कोडरमा थाना क्षेत्र के पुरनानगर स्थित संजय पंडित के मकान में ब्लु स्टोन पत्थर का अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है। जिसके खरीद -बिकी के लिए जिला से बाहर लेकर जाने वाले है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी कोडरमा द्वारिका राम के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर 04.02.2024 के मध्यरात्री में संजय पंडित के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में संजय पंडित के कमरा एवं उनके भाई राजु पंडित के कमरे से लगभग 96 कि० ग्रा० ब्लू स्टोन पत्थर के साथ एक मोबाइल फोन, एक डायरी जिसमें ब्लू स्टोन खरीद-बिकी से संबंधित पैसे का हिसाब की बरामदगी की गई। जिसका अनुमानित मुल्य लगभग 7,50,000/- (साढ़े सात लाख) रुपए है। इसमें संलिप्त अन्य आरोपियों के विरूद्ध कोडरमा थाना काण्ड संख्या-19/24, दिनांक 05.02.2024 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त में 1. संजय पंडित उम्र 36 वर्ष, राजू पंडित उम्र 41 वर्ष, दोनो पिता जगदीश पंडित, ग्राम पुरणानगर, थाना-कोडरमा, जिला कोडरमा। छापेमारी दल में सामिल पु०अ०नि० कुन्दन कुमार, पु०अ०नि० सलीम लुगुन कोडरमा थाना। व कोडरमा थाना पैंथर एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

नाम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि, शहीद सूरज की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

मेदिनीनगर पलामू। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ खुर्द गांव में शहीद सूरज दूबे की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई, इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज का आगमन हुआ वहीं चैनपुर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया भी उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सर्वप्रथम गांव के गुरु बाबा अगस्त द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण के साथ शहीद सूरज की तस्वीर पर पूजा एवं दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात श्रीगंगा पुत्र स्वामी जी महाराज ने पुष्पांजलि अर्पित किया इस कार्यक्रम में पूर्वडीहा पंचायत से सैकड़ो लोगों उपस्थित हुए । सूरज दूबे अमर रहे, भारत माता की जय, एवं वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा आज से

नवप्रदेश, कोडरमा। वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 दिनांक 06.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 तक संचालित होगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाहन 9.45 बजे से 1.00 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में 2.00 बजे अपराहन से 5.15 बजे अपराहन तक जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित किया जायेगा। उक्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किया गया है। इस दौरान दिनांक-06.02.2024 से दिनांक-26.02.2024 तक (दिनांक-11.02.2024, 14.02.2024, 15.02.2024, 18.02.2024, 24.02.2024 एवं 25.02.2024 को छोड़कर) 8.00 बजे पूर्वाहन से 6.30 बजे अपराहन पाँच तक या पाँच से अधिक व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्र सीमा से 100 मीटर के अन्दर अनावश्यक रूप से जमा होना या मटरगस्ती करना (परीक्षार्थियों एवं परीक्षा में कार्यरत कर्मचारियों तथा पुलिसकर्मियों को छोड़कर), बैठक करना, लाउडस्पीकर बजाना तथा माईक पर बोलना, तेज हथियार, लाठी तथा अग्नेयाश्त्र लेकर चलना। (पुलिसकर्मियों को छोड़कर), किसी भी व्यक्ति द्वारा परीक्षा संबंधी किसी भी गोपनीयता को भंग करना, किसी भी होटल, पान दुकान, चाय दुकान और अन्य दुकान के पास जमा होकर चिट्ठा पूर्जी बनाना, लेन- देन करना अथवा भीड़ इकट्ठा करने इत्यादि पर पूरी तरह से निषेधाज्ञा लागू रहेगा।

एक नजर

पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडये ने फुसरो में ग्रीन अकैडमी प्ले स्कूल का उद्घाटन किया

बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के बाटा गली फुसरो में ग्रीन अकैडमी प्ले स्कूल का उद्घाटन रविवार को गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडये ने किया। पूर्व सांसद पांडेय ने कहा कि फुसरो शहर में प्ले स्कूल की आवश्यकता है। यहां नजदीक में प्ले स्कूल नही है। कहा कि प्ले स्कूल खुलने से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। अभिभावक बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्ले स्कूल भेजे। कहा कि बच्चों का मस्तिष्क का 90 प्रतिशत विकास पांच वर्ष के उम्र तक हो जाता है। जो प्ले स्कूल कारगार साबित होगा। कहा कि इस विद्यालय में बच्चे खेलकूद के साथ बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने विद्यालय निदेशक तारिक हबीब को विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद का भी बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया। निदेशक तारिक हबीब ने कहा कि विद्यालय में यूकेजी से आठवीं तक शिक्षण की व्यवस्था है। यहां बच्चों को शिक्षण के साथ-साथ खेल की भी शिक्षा दी जाएगी। साथ ही स्कूल आने अथवा जाने के लिए सुरक्षित वाहन की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर रिजवान हैदर, हाजी मो. इसराइल, मो. जलालुद्दीन, कमर आलम, पूर्व पार्षद भरत वर्मा, वैभव चौरसिया, भाई प्रमोद सिंह, मो. नईम, लक्ष्मण वर्मा, मो. शमीम, परबेज आलम, अजय पंडित, अरविंद वर्मा, संदीप पॉल आदि थे।

झामुमो उलगुलान ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

बेरमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान का 52 वां स्थापना दिवस रविवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत राजा बंगला ढोरी बस्ती के ग्राउंड में धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो और संचालन केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो ने किया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झामुमो उलगुलान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्ण मार्डी, केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने झारखंड केसरी पूर्व सांसद स्व. बिनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्श पर चलते हुए झारखंडवासियों के हक और अधिकार के लिए आंदोलन करने का शपथ लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृष्णा मार्डी ने कहा कि जिस उद्देश्य से स्व. बिनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में जिस उद्देश्य से झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना कर झारखंड आंदोलन लड़ा गया वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। शिबू सोरेन गुट ने झारखंड को लूट खंड में बदल दिया। जिसके करण कभी पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जेल गए तो कभी मधु कोड़ा जेल गए। अब मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने जेल भेज दिया। कहा जो लूटेगा वह जेल जाएगा। श्री मार्डी ने कहा कि संपन्न झारखंड के लोग गरीबी में पल रहे हैं रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों को पलायन कर रहे हैं लेकिन सत्ता में काबिज होने वाले लोग जनता की चिंता छोड़ सिर्फ अपनी जेब भरने का काम किया। कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की कमी नहीं है लेकिन झारखंड में खनिज, कोयला, लोहा, बालू यदि मिनरल्स को लूटा जा रहा है। यह सब सत्ताधारी दल के इशारे पर लूट हो रहा है कहा कि इसलिए झारखंड अलग राज्य के लिए झारखंड के अनेकों शहीदों ने शहादत नहीं दिया था आज झारखंड अलग राज होने के बावजूद झारखंडवासियों के चेहरे पर उदासी है। उन्होंने कहां की झामुनों की स्थापना झारखंड को शोषण मुक्त झारखंड बनने के लिए गठन किया गया था लेकिन शिबू सोरेन कंपनी की गलत नीतियों के कारण झामुमो मार्डी बना, अब झामुमो उलगुलान बना है।

बरतुआ गांव में पुल का शिलान्यास उत्सव का माहौल

गोमिया। बरतूआ गांव में उस समय उत्सव का माहौल बन गया जब आजादी के 75 वर्षों बाद गांव को बाहरी दुनिया से जोड़ने के लिए गांव में पुल का शिलान्यास करने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी तथा गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो पहुंचे। पिछले 75 वर्षों से बरतुआ गांव के ग्रामीण समय समय पर लगातार चिड़वा नदी पर एक पुल निर्माण की मांग करते रहे थे। जिसे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अपने कार्यकाल में पूरा करते हुए ग्रामीणों के सपनों को साकार कर दिया। शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों के चेहरे की चमक, उत्साह और खुशी यह बता रही थी कि यह पुल ग्रामीणों के जीवन में कितना महत्व रखती है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो को श्रेय देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि बागलतवा और बरतुआ गांव के बीच बहने वाली चिड़वा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हमलोगो के लिए सपना साकार होने जैसा है।

फ्लोर टेस्ट में चंपई सोरेन की सरकार ने बहुमत हासिल कर भाजपा के षड्यंत्र को धराशाही कर दिया : डा0 नीलम मिश्रा

धनबाद। विधानसभा फ्लोर टेस्ट में चंपई सोरेन की सरकार ने बहुमत हासिल कर भाजपा के षड्यंत्र और उसके काले करतूत को पूरी तरह से धराशाही कर दिया और चंपैय सोरेन जी के नेतृत्व में हेमंत पार्ट 2 पुनः बहुमत की सरकार गठन कर झारखंड में भाजपा के घिनौने हथकंडे को जनता के सामने उजागर कर दिया । झारखंड के लोकप्रिय सरकार और जनप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की तानाशाही सरकार किस प्रकार से प्रताड़ित कर रही है यह झारखंड की जनता भली-भांति समझ चुकी है। हम सब मजबूती से हेमंत सोरेन के साथ हैं। भाजपा की यह घिनौनी हरकतें अल्प समय के लिए परेशान तो कर सकती हैं पर पिछड़े दलित आदिवासी अल्पसंख्यक और हाशिये पर रहने वाले समूहों के संकल्प और महत्वाकांक्षाओं को पराजित नहीं कर सकते। भाजपा के ऑफर को ठुकरा कर हेमंत सोरेन ने बगावत की एक लंबी लकीर खींच कर बता दिया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के वंशज हैं। उनके रगो में सिद्धू कान्हु, नीलांबर पीतांबर, शेख भिखारी, पांडे गणपत राय और शिबू सोरेन जैसे महान आंदोलनकारी का खून दौड़ता है। आज अगर यह भाजपा के साथ समझौता कर लेते तो आज हेमंत सोरेन जी हम लोगों के बीच उपस्थित होते। लेकिन हेमंत सोरेन ना अजीत पवार है ना छगन भुजबल है और ना ही हेमंता विश्व शर्मा जैसे राजनीतिक कायर लोग हैं। आज हेमंत सोरेन झारखंड ही नहीं पूरे देश का गौरव है।

सचित उरांव हत्याकांड में पहली पत्नी ही निकली पति की हत्या की सूत्रधार

लोहरदगा । पुलिस ने शहरी क्षेत्र के करचा टोली में 31 जनवरी को हुई सचित उरांव हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया। हत्या में शामिल किशोरी उरांव (31) , चितरंजन कुमार (18) तथा सुलेंद्र कुमार (19) को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में एसपी हारिस बिन जमा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव ही हत्या का मुख्य आरोपित निकली। किशोरी उरांव अपने प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार से मिलकर अपने पति की हत्या करवायी। एसपी ने बताया कि घटना के बाद मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी से मामले को लेकर पूछताछ की गई। आरोपितों की पहचान भी उससे कराई गई परंतु किशोरी उरांव अपराधियों को पहचानने से इनकार कर दिया। पहचान न करने की स्थिति एवं मानसिक स्थिति देखकर किशोरी उरांव की घटना में संलिप्ट होने का संदेश के आधार पर तकनीकी शाखा से उसके मोबाइल नंबर 89 6958 8544 एवं 9142 340379 का सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण करने पर उनकी संलिप्तता तथा कथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार के साथ मिलकर हत्या करने का बात प्रकाश में आया। किशोरी उरांव की हत्या में संलिप्तता की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में महिला ने अपना जुर्म कबूल किया। उन्होंने बताया कि वह अपने प्रेमी चितरंजन कुमार और उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार के साथ षड्यंत्र रच कर सचित कुमार की हत्या कराने की बात स्वीकार की। किशोरी उरांव के निशानदेही पर घटना में शामिल अभियुक्त चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार को पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र के कुमारू गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए हत्या में प्रयुक्त चाकू के संबंध में जानकारी दी। पुलिस दोनों अभियुक्तों को घटनास्थल पर लेकर पहुंची जिसके बाद घटनास्थल वाले मकान के बगल में चाकू को बरामद किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहने हुए कपड़े, इंफ्रिक्स कंपनी का दो एंड्राइड मोबाइल, आईटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल, पोको कंपनी का एक एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया।

एडमिट कार्ड नहीं मिलने से आक्रोशित छात्राओं ने किया सड़क जाम

गिरिडीह। सदर क्षेत्र के पूर्णानगर की 70 से अधिक छात्राओं को इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड नहीं मिलने से आक्रोशित छात्राओं और उनके परिजनों ने सोमवार को गिरिडीह - धनबाद रोड जाम कर जैक बोर्ड के साथ प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्राओं को रोड जाम में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिला। स्थानीय लोग भी छात्राओं के साथ रोड जाम कर बीच रोड में भी बैठ गए। एक घंटे से अधिक देर तक सड़क जाम लगा रहा , नारेबाजी होती रही। इस दौरान सदर एसडीएम विशालदीप खलखो और डीएसई अरविंद कुमार सहित पुलिस अधिकारी छात्राओं और स्थानीय लोगों के साथ परिजनों से वार्ता के लिए पहुंचे। छात्राओं ने भी पूरी बात एसडीएम और डीएसई को सुनाया। लोगों ने कहा की मंगलवार से परीक्षा शुरू होना है और अब तक उन्हें एडमिट कार्ड नहीं मिला है। ऐसे में उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। जबकि स्कूल प्रबंधन पहले से उन्हें भरोसा दिलाता रहा है कि एडमिट कार्ड जल्दी मिलेगा। लेकिन अब जब मंगलवार को परीक्षा होना है तो 70 छात्राओं को एमडमिट कार्ड नहीं मिला है। वहीं दूसरी ओर छात्राओं की परेशानी सुनकर एसडीएम ने माना की स्कूल प्रबंधन के साथ उच्च स्तर पर लापरवाही हुई है। एसडीएम ने डीसी स्तर पर वार्ता कर समस्या दूर कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद सड़क जाम हटाया गया।

जैनामोड फोर लेन में पुनर्वास जमीन को किया अतिक्रमण से मुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। निदेर्शाणालय परियोजना भूमि एवं पुनर्वास बोकारो के माध्यम से जैनामोड़ स्थित फोरलेन चौक के समीप अतिक्रमण के विरुद्ध एक ही परिवार के छह घरों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। सोमवार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रखंड के अधिकारी समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। अतिक्रमण हटाने को लेकर लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता रंजीत कुमार रवानी को बतौर दंडाधिकारी के रूप में प्रति नियुक्त किया गया। अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सीओ प्रणव ऋतुराज, बीडीओ जयपाल महतो जेएसएस मोहनलाल ठाकुर, थाना प्रभारी अमित कुमार राय के अलावे भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात थे। वही मौके पर डीपीएलआर के कर्मचारियों भी टीम में मौजुद थे। बेरमो अनुमंडल दंडाधिकारी तेनुघाट के आदेश पर अतिक्रमण को जेसीबी से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मालूम हो कि डीपीएलआर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर दंडाधिकारी सहित पदाधिकारी व डीपीएलआर के कर्मचारी कई बार अतिक्रमण हटाने आए पदाधिकारी वापस लौट गए थे मगर आज सभी घरों को तोड़ते हुए। निदेर्शाणालय परियोजना भूमि एवं पुनर्वास बोकारो दे दिया गया। बता दें कि एक ही परिवार के लोगो द्वारा कई बरसों से उक्त की जमीन को अतिक्रमण करके रखा गया था। प्रशासन की कितनी बड़ी कार्रवाई के बाद डीपीएलआर की जमीन को अतिक्रमण करके घर बनाकर कब्जाधारियों के बीच खौफ है। घर टूटता देख परिजन करो रो कर बुरा हाल है।

स्व. डॉ. जे. के. सिंहा के जन्मदिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

धनबाद। बस्ताकोला स्थित शिशु विहार स्कूल में संस्थापक स्व. डॉ. जे.के. सिंहा के जन्म दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ओलंपिक एसोसिएशन धनबाद के संयुक सचिव तारकनाथ दास,विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. शोभा सिन्हा निर्देशिका, स्नेहलता वा सचिव ए.के. वर्मा का स्वागत प्राचार्या लोपामुद्रा ने किया। सभी ने संस्थापक स्व.जे. के. सिंहा की तस्वीर पर माल्यार्पण झंडातोलन वा मशाल जलाकर खेल का शुभारंभ किया। उपस्थित छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत वा नृत्य प्रस्तुत किया। खेल प्रतियोगिता में बिस्किट दौड़, बास्टिंग बलून, टॉफी रेस, गणित दौड़, बोरा दौड़, स्पून मारबल दौड़, शेक रेस, निडिल रेस हुआ। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल व सर्टिफिकेट दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन पार्थो सर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र प्रताप सिंह, अमित चटर्जी, एके वर्मा, मौसमी मोइत्रा, शारदा शर्मा, मिताली बनर्जी, किरण सिंह, उमा मिश्रा, गीता, रिया वर्मा, परना बनर्जी, सारा, आयशा, शिखा, देवाशीष बनर्जी, रोहित साव, लक्ष्मी साव, रिया घोष, सुदीप, प्रवीर दत्ता, सन्याल आदि थे।

मिर्गी के मरीजों के लिए निःशुल्क इलाज जांच शिविर का आयोजन

गुमला। जिले में मिर्गी के मरीजों के इलाज के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार कल दिनांक 6 फरवरी को सदर अस्पताल गुमला में एपिलेप्सी (मिर्गी) के मरीजों के लिए निःशुल्क मिर्गी रोग जांच एवं इलाज हेतु प्रोजेक्ट आशा के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रांची के रिम्स अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंटल हेड डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा जिले के मरीजों का चेकअप किया जाएगा साथ ही मिर्गी के मरीजों को निः शुल्क दवाई भी दी जाएगी। गुमला जिले में लगभग 2500 मिर्गी के मरीजों को चिन्हित किया गया है जिन्हे बेहतर इलाज की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुमला, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार मिर्गी के इलाज हेतु अब जिले में नियमित रूप से विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं मरीजों का निः शुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कि मिर्गी की बीमारी एक विकार है जिसमें मर्सतिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की अवस्था बिगड़ जाती है जिससे दौरे पड़ते हैं। आनुवांशिक विकार या मस्तिष्क पर आघात या स्ट्रोक जैसी चोट के कारण भी मिर्गी का दौरा पड़ सकता है। दौरा पड़ने पर, व्यक्ति असामान्य व्यवहार, लक्षण, और उत्तेजना अनुभव करता है, और कभी-कभी चेतना खो देता है। सिविल सर्जन ने सभी से अपील की है की दिनांक 6 फरवरी को गुमाल सदर अस्पताल में आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर अपने अथवा अपने परिवारजनों को जो सांभावी रूप से भी मिर्गी के मरीज हो सकते हैं को अस्पताल लेकर आएं एवं उन्हें स्वास्थ्य बनाने में सहायता करें।

बीसीसीएल सीएमडी ने 50 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए बस से किया रवाना

प्रशिक्षण पश्चात रोजगार मुहैया कराएगी बीसीसीएल

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। कोयला मंत्रालय के आदेश पर कौशल विकास योजना को लेकर बीसीसीएल एवं इंडो डेनिश टूल रूम के बीच हुए समझौते के बाद सोमवार को प्रशिक्षण के लिए 50 युवाओं से भरी पहली बस को धनबाद के कोयला नगर स्थित बीसीसीएल मुख्यालय से बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित युवाओं को मोबाइल रिपेयरिंग, एसी और घरेलू उपकरण तथा हैन्डहैल्ड उत्पाद का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा। बीसीसीएल द्वारा धनबाद वासियों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। इसी कड़ी में कंपनी के सीएसआर के तहत परियोजना प्रभावित लोगों और उनके आश्रितों के लिए कौशल विकास एवं रोजगार प्रशिक्षण के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। जिसके तहत बीसीसीएल द्वारा इंडो डेनिश टूल रूम (आईडीटीआर) के एमएसएमई सैमसंग टेक्निकल स्कूल वाराणसी में हैन्डहैल्ड उत्पाद जैसे टेबलेट्स, मोबाईल फोन, एलईडी, एलसीडी, प्लाज्मा टीवी, होम ऐप्लाईनस में फ्रिज, एसी, माइक्रोवेब, वाशिंग मशीन आदि का प्रशिक्षण देगी। जिसके बाद उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जाएगा।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से पीएपी और उनके आश्रित छात्रों के लिए बीसीसीएल द्वारा प्रायोजित है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को मुफ्त भोजन और आवास की सुविधा के साथ स्टाइपेंड भी मिलेगा। बीसीसीएल के सीएमडी और डायरेक्टर पर्सनल ने बताया कि केंद्र में निर्धारित 3, 4 और 6 महीने के प्रशिक्षण कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद युवाओं को रोजगार मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा छात्र स्वरोजगार भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बीसीसीएल अपने सीएसआर मद से इस कुल 7 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च कर रही है। इसी मद से धनबाद के 150 युवक-युवतियों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा। बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता ने बताया कि अगले वर्ष इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 18 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि धनबाद के ज्यादा से ज्यादा युवकों को रोजगार मुहैया कराया जा सके। इस फ्री स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण के लिए बस्ताकोला, लोदना एवं अन्य जगहों से कुल 50 युवक-युवतियों के चयन किया गया है। जिन्हें सोमवार को बस से बनारस स्थित एमएसएमई सेमसंग टेक्निकल स्कूल भेजा गया। वहीं इस प्रोजेक्ट के लिए चयनित युवकों में इसको लेकर खासा उत्साह दिखा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

मेदिनीनगर पलामू। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सभी एमओ व सहायक गोदाम प्रबंधक संग उप विकास आयुक्त के सभागार में बैठक कर आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की.सर्वप्रथम उन्होंने जनवरी माह 2024 अंतर्गत एनएफएसए व माह सितंबर 2023 के आवंटन के अनुरूप चना दाल के वितरण की समीक्षा की.इस दौरान उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड के तहत कार्ड धारी के बीच खाद्यान्नों का वितरण ससमय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत पीवीटीजी समूह के लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी एमओ को कम से कम दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये साथ ही उपस्थित रहने वाले तिथि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओ को 5-5 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का औचक रूप से निरीक्षण करने की भी बात कही साथ ही आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो यह

भारत जोड़ो न्याय यात्रा | स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर राहुल गांधी की यात्रा का किया स्वागत

रामगढ़ में दूसरे दिन भी निकली राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

रामगढ़। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरे दिन भी रामगढ़ जिले में निकली। सोमवार की सुबह शहर के सिद्धू कान्हू मैदान से राहुल गांधी अपने काफिले के साथ निकले और चट्टी बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचे। यहां स्कूली बच्चों ने गुलाब का फूल देकर उनकी यात्रा का स्वागत किया। बच्चों को देखकर राहुल गांधी भी मंत्र मुक्त हो गए।

वे न सिर्फ गाड़ी से उतरे बल्कि अपनी जीप के बोनट पर बैठकर बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवाई। बच्चों से बात करते-करते राहुल गांधी भी बच्चे बन गए। एक बच्चे ने तो अपने स्वेटर का बाजू उठाकर अपना डोले शोले भी उन्हें दिखाए। इस दौरान बच्चे खूब हंसे और राहुल गांधी ने भी इस मौके का खूब फायदा उठाया। कुछ स्कूली बच्चियां परंपरागत परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत कर रही थी। राहुल गांधी ने उन बच्चों का भी हौसला बढ़ाया। गांधी चौक से सुभाष चौक की तरफ जब राहुल गांधी का काफिला बढ़ा तो वह खुद खुली जीप पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे।

फोटो खिंचवाने के लिए युवाओं और बच्चों की लगी रही भीड़

राहुल गांधी के साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए युवाओं और बच्चों की भीड़ लगी रही। थाना चौक पर पहले से ही स्कूली बच्चे और युवा उनका इंतजार कर रहे थे। उनका काफिला जब वहां रुका तो आम जनों ने उन्हें घेर लिया। राहुल गांधी इस दौरान सबका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। कुछ देर तक राहुल गांधी जब जीप से बाहर नहीं निकले तो वहां अफरा तफरी जैसा माहौल बन गया। लोगों को संभालने के लिए राहुल गांधी को जीप से उतरना पड़ा और उसके बाद वे बोनट पर बैठ गए। इस दौरान कई लोगों ने उनके साथ अपनी तस्वीरें ली।

यात्रा में पीछे छूट गए महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस

रामगढ़ की धरती महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस की वजह से ही ऐतिहासिक स्थल बनी है। यही वजह थी कि महात्मा गांधी का अस्थि कलश के साथ यहां उनकी समाधि बनाई गई है। देश की आजादी के लिए एक बहुत बड़ा निर्णय कांग्रेस ने इसी धरती से लिया था। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी यहां पहुंचे तो वह उस इतिहास को याद करना भूल गए। अपनी यात्रा में रामगढ़ में ना तो उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और ना ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस को ही पुष्प अर्पित किया। उन दोनों महान नेताओं की याद में ही गांधी चौक और सुभाष चौक यहां बनाया गया है।

राहुल गांधी ने रामगढ़ में स्वतंत्रता सेनानियों का किया अपमान : सुनीता चौधरी

रामगढ़। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर आजसू विधायक सुनीता चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि राहुल गांधी ने रामगढ़ में स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने की कांग्रेसियों की पुरानी आदत है। रामगढ़ महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस की धरती है, यह केवल बैनर और पोस्टर में ही नजर आया। रामगढ़ से गुजरने के कर्म में झारखंड के प्रख्यात सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिके रजरप्पा मंदिर दरबार में वे नहीं गए। रामगढ़ में स्थापित लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा, महात्मा गांधी की प्रतिमा, महात्मा गांधी के समाधी स्थल, बाबा भीम राव डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा, हृदय स्थल सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा और ना ही वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

'मेरे तीसरे कार्यकाल में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी अर्थव्यवस्था' : मोदी

नई दिल्ली : पीएम मोदी बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव करते हुए अपने तीसरे कार्यकाल के प्रति आश्वस्त दिखे। इस दौरान उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े बदलावों पर चर्चा की और विपक्ष पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा कि 10 साल के शासन के अनुभव के आधार पर हम कह सकते हैं कि आज देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। पीएम ने कहा कि आज भारत जिस तेज गति से प्रगति कर रहा है, उसे देखकर मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति होगा। यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने यह भी कहा कि 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, ये देश के सामर्थ्य को दिखाता है।



तीसरा कार्यकाल भी अब 100-125 दिन दूर

सदन में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले कार्यकाल में यूपीए के गड्ढे भरे गए। दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी गई। तीसरा कार्यकाल भी अब महज सौ-सवा सौ दिन दूर है। हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसलों का होगा। मैंने लाल किले से कहा था, मैंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी कहा था कि मैं देश को अगले हजार वर्षों तक समृद्ध और सिद्धि के शिखर देखना चाहता हूं। तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा।

जब भी कांग्रेस सत्ता में आई, महंगाई साथ लाई : पीएम

महंगाई पर बोलते हुए पीएम ने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आई है, महंगाई ही साथ लाई है। हमारी सरकार ने महंगाई को नियंत्रण में रखा है। वैश्विक स्तर पर दो-दो युद्ध और सौ साल में आई सबसे बड़ी महामारी के बावजूद हमारी सरकार ने महंगाई को बहुत हद तक नियंत्रण में रखा है।

कांग्रेस ने विपक्ष में ही रहने का संकल्प लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अंतरिम बजट के बाद लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला और कहा कि विपक्ष ने विपक्ष में ही रहने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कहा, "मैं लंबे समय तक विपक्ष में बने रहने के विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं। जिस तरह से आप कई दशकों तक यहां (सरकार में) बैठे रहे, उसी तरह आपने वहां (विपक्ष में) बैठने का संकल्प लिया। जनता निश्चित रूप से आपको अपना आशीर्वाद देगी।₹ प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहा है और देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है।

नौ दिन चले, ढाई कोस

पीएम ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, नौ दिन चले, ढाई कोस...ये कहावत पूरी तरह कांग्रेस को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम ने कहा कि आज देश में जिस रफ्तार के साथ काम हो रहा है, कांग्रेस सरकार इस रफ्तार की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए इसमें से 80 लाख पक्के मकान शहरी गरीबों के लिए बने। अगर कांग्रेस की रफ्तार से काम हुआ होता तो इतना काम होने में 100 साल लगते, 100 पीढ़ियां बीत जातीं।

10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ

लोकसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलने ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते। पीएम ने कहा, हमने 17 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए हैं, अगर कांग्रेस की रफ्तार से चलते तो इस काम को करने में और 60 साल लग जाते हैं। तीन पीढ़ियां धुएं में खाना बनाने-बनाते गुजर जाती। पीएम ने कहा कि 2014 में जब अंतरिम बजट पेश किया गया था, तब वित्त मंत्री ने कहा था कि जीडीपी के मामले में भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, और यह गर्व की बात थी। उन्होंने आगे कहा था कि भारत अगले तीन दशकों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। इसका मतलब है कि उन्हें उम्मीद थी कि भारत 2044 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह उनकी दृष्टि थी। हम इतना समय नहीं लगने देंगे। मेरे अगले कार्यकाल में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

'देश के भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई कर रही हैं जांच एजेंसिया'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने पहले के मुकाबले दो गुना से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में ईडी ने पांच हजार करोड़ की संपत्ति को पकड़ा था। हमारे कार्यकाल में ईडी ने एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की है। जिनका इतना माल पकड़ा जाता है। नोटों के ढेर पकड़े जाते हैं। देश नोटों के ढेर देखकर चौंक गया है। यहां पर बहुत गुस्सा व्यक्त किया गया है। जितना सख्त शब्दों में गुस्सा व्यक्त किया गया है। उनका दर्द मैं समझता हूं। उनकी मुसीबत और गुस्सा मैं समझता हूं..क्योंकि तीर निशाने पर लगा है। भ्रष्टाचार पर एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। उसको लेकर भी इतना गुस्सा..क्या-क्या शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। दस साल पहले हमारे सदन का पूरा समय घोटाले के चर्चों पर जाती थी। भ्रष्टाचार की चर्चा पर जाता था। लगातार कार्रवाई की मांग होती थी और आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं। इनके समय में एजेंसियों का सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल किया जाता था। उनको काम नहीं करने दिया जाता था।

'कब तक समाज को बांटते रहोगे, कुछ तो सीमा रखो'

बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा सदन में पीएम मोदी अपने संबोधन में विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए गुस्से में भी दिखाई दिए। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर परिवारवाद और समाज को बांटने के आरोप लगाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कब तक टुकड़ों में सोचते रहोंगे। कब तक समाज को बांटते रहोगे। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अब तो सीमा रखो, बहुत तोड़ा देश को।



अलायंस का तो एलाइमेंट ही बिगड़ गया

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि विपक्षी अलायंस का एलाइनमेंट बिगड़ा हुआ है। 100से 125 दिनों बाद हमारा तीसरा कार्यकाल होगा और उस कार्यकाल में कई बढ़े फैसलें होंगे। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 सीटें और एनडीए 400 पार होगी। देश कह रहा है अबकी बार 400 पार। हमनें अगले हजारों साल की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि हम देश को शिखर पर देखना चाहते हैं।

हम वोट से परे, दिलों से जुड़े हैं

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा सदन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान हमनें 80 करोड़ लोगों को राशन दिया। जिन्हें कोई नहीं पूछता है, उन्हें मोदी पूछता है। हमनें गरीबों को साधन, संसाधन और सम्मान दिया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के आखिरी गांव को हमने पहला गांव बनाया। हम वोट से परे, दिलों से जुड़े हैं। हमारे लिए गरीब का कल्याण, राष्ट्र का कल्याण है। कांग्रेस ने ओबीसी नेताओं का अपमान किया है। लेकिन हमनें उन्हें भारत रत्न देकर सम्मान दिया है। कांग्रेस को अति पिछला वर्ग का व्यक्ति पसंद नहीं है। जब कांग्रेस आती है तो महंगाई आती है। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई पर भी कांग्रेस में गुस्सा है। तीर निशाने पर लगा इसलिए कांग्रेस में गुस्सा है। कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाती है। भ्रष्टाचार के आरोप में जिसे सजा मिले उन्हीं का महिमामंडन कांग्रेस करती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। पीएम मोदी ने सदन में अपने संबोधन के दौरान सख्त लहजें में कहा कि मुझे भले ही कुछ भी कह दें लेकिन देश की सेना के खिलाफ एक भी शब्द बर्दाश्त नहीं करूंगा। मुझे मेरी सेना पर पूरा भरोसा है। सुरक्षा के क्षेत्र में देश पूरी तरह से सशक्त हुआ है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 06 फरवरी, 2024

मेष : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानांतरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-२-५-६

वृष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

मिथुन : पुरुषार्थ और कर्म बल पर सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धि कारक रहेगा। शुभांक-४-५-६

कर्क : मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -४-६-८

सिंह : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-३-५-६

कन्या : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्व पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-५-७-८

तुला : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-१-५-८

वृश्चिक : विवादों से राहत मिलेगी। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-५-७-९

धनु : अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-३-५-७

मकर : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-२-५-८

कुंभ : हरि करे सो खरी, अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-३-४-६

मीन : इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्व पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-२-४-७

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6



'चुनाव लड़ने का हौसला खो चुके कई विपक्षी नेता'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कहा, आप (विपक्ष) लोग जिस तरह से इन दिनों मेहनत कर रहे हैं, मैं पक्का मानता हूं कि ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन आपको जरूर आशीर्वाद देगी। आप जिस ऊंचाई पर हैं, उससे भी ऊंचाई पर जाएंगे और दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। पीएम मोदी ने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि आपमें से बहुत से लोग चुनाव लड़ने का हौंसला भी खो चुके हैं। मैंने सुना है कि बहुत सारे लोगों ने पिछली बार भी सीट बदली थी, इस बार भी सीट बदलने की फिराक में हैं। मैंने सुना बहुत सारे लोग लोकसभा से राज्यसभा में जाने वाले हैं। स्थितियों का आकलन करके वे अपना रास्ता ढूंढ रहे हैं।

'विपक्ष का दायित्व निभाने में विफल रही कांग्रेस'

उन्होंने कहा, 'कब तक टुकड़ों में सोचते रहोगे, कब तक समाज को बांटते रहोगे, बहुत तोड़ा देश को... अच्छा होता कि जाते-जाते तो कम से कम इस चर्चा के दरम्यान कुछ सकारात्मक बातें होती, कुछ सकारात्मक सुझाव आते। लेकिन हर बार की तरह आपने देश को काफी निराश किया।' पीएम मोदी ने कहा, आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

विचार रखने के लिए सांसदों का जताया आभार

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति का भाषण तथ्यों के आधार पर एक बहुत बड़ा दस्तावेज है। जो देश के सामने राष्ट्रपति ने रखा है। इस दस्तावेज को आप देखेंगे तो उन हकीकतों को समेटने का प्रयास किया गया है, जिससे देश किस गति से प्रगति कर रहा है। किस पैमाने पर गतिविधियों विस्तार हो रहा है, उसका लेखा जोखा राष्ट्रपति ने पेश किया है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए चार मजबूत स्तंभों पर हम सबका फोकस किया है। उनका सही आकलन है कि देश के चार स्तंभ जितने ज्यादा मजबूत होंगे, विकसित होंगे, समृद्ध होंगे... हमारा देश उतनी ही तेजी से समृद्ध होगा। उन्होंने देश की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब भाई-बहन और देश के किसान की चर्चा की है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन साठ सदस्यों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार रखे हैं। मैं सभी सांसदगण का विनम्रता से आभार व्यक्त करता हूं।

'कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का मुकाबला नहीं'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'नौ दिन चले, ढाई कोस...ये कहावत पूरी तरह कांग्रेस को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है। आज देश में जिस रफ्तार के साथ काम हो रहा है, कांग्रेस सरकार इस रफ्तार की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमने गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए इसमें से 80 लाख पक्के मकान शहरी गरीबों के लिए बने। अगर कांग्रेस की रफ्तार से काम हुआ होता तो इतना काम होने में 100 साल लगते, 100 पीढ़ियां बीत जातीं।' उन्होंने कहा, '10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलने ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते।' उन्होंने कहा, 'हमने 17 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए हैं, अगर कांग्रेस की रफ्तार से चलते तो इस काम को करने में और 60 साल लग जाते हैं। तीन पीढ़ियां धुएं में खाना बनाने-बनाते गुजर जाती।' कांग्रेस की जो मानसिकता है, जिसका देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी भरोसा नहीं किया, वो अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के लिए भुवनेश्वर पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम

भुवनेश्वर,(हि.स.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंची। टीम पिछले सीजन में पोडियम फिनिश से चूक गई थी और नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाली है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक खेला जाएगा।

भारत सीजन के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड से भिड़ेगा। थोड़े समय के ब्रेक के बाद, वे 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे, और फिर वे 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड का सामना करेंगे।

पांच राष्ट्रीय टीमें - आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया - एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लहम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां हमने प्रो लीग शुरू करने के लिए फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ खेला था। इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

हरमनप्रीत ने कहा, हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने का मतलब न केवल एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी योग्यता होगी, बल्कि ये खेल पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण होंगे।

इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं, गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : रोहित शर्मा

विशाखापत्तनम (हि.स.)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 106 रनों की जीत हासिल करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की सराहना की।

चौथे दिन के खेल में डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए और 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 292 रन पर ऑल आउट कर दिया।

बुमराह, जिन्होंने पहली पारी में 45 रन देकर 6 विकेट लिए और भारत को पहली पारी में 143 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई, ने दूसरी पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने विशाखापत्तनम टेस्ट में 91 रन देकर 9 विकेट लिए, जो इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर किसी भारतीय तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।

वहीं, अश्विन ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 72 रन देकर 3 विकेट लिए और अब वह 500 टेस्ट विकेट तक पहुंचने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लेकर भारत को हैदराबाद में 28 रन की हार से उबरते हुए विशाखापत्तनम में जोरदार जीत दिलाई।

मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, बुमराह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है, उसने कुछ समय के लिए काम किया है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने बेहतर किया।

बल्ले से, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने पहली पारी में शानदार 209 रन बनाए और रोहित ने उनके प्रयासों की सराहना की। रोहित ने आगे कहा, यशस्वी बहुत अच्छे खिलाड़ी लगते हैं, अपने खेल को समझते हैं। निःसंदेह, उन्हें अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह असाधारण पारी थी. उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बने रहेंगे। विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था, बहुत से बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की लेकिन रन नहीं बना सके। वे युवा हैं, इस प्रारूप में नए हैं, इसमें कुछ समय लगेगा। विशाखापत्तनम में श्रृंखला बराबर करने वाली जोरदार जीत का मतलब है कि भारत हैदराबाद में 28 रन की हार से उबरने में कामयाब रहा। सीरीज का अगला मैच 15 फरवरी को राजकोट के एससीए स्टेडियम में होगा, जिससे दोनों टीमों को दस दिन का ब्रेक मिलेगा।

रोहित ने कहा, यह जीत हमें काफी आत्मविश्वास देती है। ऐसी युवा टीम का मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है। हम चाहते हैं कि इन लोगों को बीच में समय मिले। यह एक अच्छी चुनौती है, इंग्लैंड अच्छा क्रिकेट खेल रहा है। आसान सीरीज नहीं होगी, अभी तीन और मैच बाकी हैं, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम ज्यादातर चीजें सही करें।"

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बुमराह ने मैच में जादुई गेंदें डालीं - जैसे खतरनाक यॉर्कर से ओली पोप के मिडिल और लेग स्टंप को गिराना।

बुमराह ने कहा, मैं संख्याओं को नहीं देखता। यदि आप संख्याओं के बारे में सोचते हैं तो बहुत दबाव होता है। मुझे बहुत खुशी है कि हम जीते और इसमें योगदान दिया। एक युवा खिलाड़ी के रूप में वह पहली गेंद थी जिसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था (जिस गेंद से पोप आउट हुए)। मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है।

विशाखापत्तनम टेस्ट : भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी

विशाखापत्तनम (हि.स.)। भारत ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। जसप्रीत बुमराह (पहली पारी में 6 विकेट, दूसरी पारी में 3 विकेट) को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

इंग्लैंड ने पहला मैच 28 रन से जीता था। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जयसवाल (209) के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी में 396 रन बनाए थे, जवाब में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (76) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 253 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) के शतक की बदौलत 255 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 399 रनों की लक्ष्य रखा।

399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को जैक क्रॉली और बेन डकेट ने एक बार फिर सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने डकेट को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। डकेट ने 28 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 95 के कुल स्कोर पर रेहान अहमद को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लिश टीम को दूसरा झटका दिया। रेहान ने 23 रन बनाए। 132 के कुल स्कोर पर अश्विन ने ओली पोप को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। पोप ने 23 रन बनाए। जो रूट कुछ खास नहीं कर सके और केवल 16 रन बनाकर अश्विन का शिकार बने। कुलदीप यादव ने इसके बाद 194 के कुल स्कोर पर डटकर खेल रहे क्रॉली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। क्रॉली ने 73 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसी स्कोर पर बुमहार ने जॉनी बेयरस्टो (26) को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड को छठा झटका दिया। 220 के कुल स्कोर पर श्रेयस अय्यर ने सीधे थ्रो पर बेन स्टोक्स को रन आउट कर भारत की जीत के द्वार खोल दिये। स्टोक्स ने 11 रन बनाए।

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल: मेजबान दक्षिण अफ्रीका की कठिन चुनौती के लिए तैयार भारत

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट टीम बेनोनी में मंगलवार को आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

भारत अब तक पूरे टूर्नामेंट में एक ताकत रहा है, टीम ने न केवल अपने प्रत्येक पांच मैच जीते हैं, बल्कि पांच में तीन मैच 200 से अधिक रनों के अंतर से जीता है।

भारत को बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान देने वाले खिलाड़ी मिले हैं, लेकिन यह उनकी बल्लेबाजी क्षमता ही है जो टूर्नामेंट में सबसे अलग रही है। उल्लेखनीय रूप से, टूर्नामेंट में अब तक पांच अलग-अलग खिलाड़ियों ने शतक बनाए हैं।

सौम्या पांडे के शानदार चार विकेट की बदौलत भारत ने बांग्लादेश पर 84 रन की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की।

आयरलैंड के खिलाफ अगले मैच में, मुशीर खान के शतक ने भारत को 300 रन के आंकड़े से आगे बढ़ाया, इसके बाद नमन तिवारी ने 4 विकेट लेकर भारत की 201 रन की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारतीय टीम ने इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ एक बार फिर 300 रन का आंकड़ा पार किया, इस बार सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी ने शतक लगाया, इसके बाद एक बार फिर नमन ने चार विकेट लिए और भारत ने मैच एक बार फिर 200 के अंतर से मैच जीता।

इसके बाद सुपर सिक्स चरण शुरू हुआ, और न्यूजीलैंड के खिलाफ, मुशीर खान ने टूनार्मेंट में अपने दूसरे शतक के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कीवी टीम के सामने 296 का लक्ष्य रखा। सौम्य पांडे के चार विकेटों की बदौलत भारतीय टीम ने ब्लैककैप्स को सिर्फ 81 रन पर सिमेट दिया और एक बार फिर 200 से ज्यादा रनों से जीत दर्ज की।.

कप्तान उदय सहारन और सचिन धस के शतकों की बदौलत भारत ने नेपाल के खिलाफ अपने अंतिम सुपर सिक्स मैच में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया। पांडे की बाएं हाथ की स्पिन ने एक बार फिर कहर बरपाया, जिससे भारत ने 131 रन से जीत हासिल कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

हालाँकि, भारतीय टीम को अभी तक दक्षिण अफ्रीका के स्तर के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं करना पड़ा है, जिसका नेतृत्व टूनार्मेंट के शीर्ष विकेट लेने वाले क्वेना मफाका कर रहे हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आसानी से विरोधी बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया है और अब तक तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाजों, स्टीव स्टोक और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने असाधारण फॉर्म का प्रदर्शन किया है और बल्लेबाजी में दक्षिण अफ्रीकी टीम की कमान संभाली है।

दक्षिण अफ्रीका टूनार्मेंट में केवल एक बार ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ लड़खड़ाया है। लेकिन मेजबान टीम ने उसके बाद प्रमुख जीत के साथ अपनी टीम को गति दी है - उनके मुख्य आकर्षण में स्कॉटलैंड के खिलाफ 27 ओवरों में जीत के लिए 273 रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्व हासिल करना शामिल है।

दोनों देशों की संभावित टीमें इस प्रकार हैं-:

भारतः आदर्श सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), प्रियांशु मोलिया, सचिन धस, अरावेली अवनीश (विकेटकीपर), मुरुगन अभिषेक, नमन तिवारी, राज लिम्बानी, सौम्य पांडे। दक्षिण अफ्रीकाः लुआन-ड्रे प्रीटोरियस (विकेटकीपर), स्टीव स्टोक, डेविड टीगर, रिचर्ड सेलेट्सवेन, दीवान मराइस, रोमाशैन पिल्ले, जुआन जेम्स (कप्तान), रिले नॉर्टन, ट्रिस्टन लुस, नकोबानी मोकोएना, क्वेना मफाका।

बिजनेस

आवास ऋण में बढ़ोतरी से ऋण वृद्धि में आई तेजी

चेन्नई। शीर्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि में प्रमुख योगदान देने वाली घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2011-12 के बाद से गिरावट आ रही है और वर्तमान में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का औसतन लगभग 30 प्रतिशत है।

आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने बताया, नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 तक वर्तमान बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 30.2 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2011-12 से यह प्रवृत्ति गिरावट पर है जब बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 34.6 प्रतिशत थी। पिछले दशक में बचत दर औसतन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 32 प्रतिशत थी।हाजरा ने कहा कि घरेलू बचत अर्थव्यवस्था में निवेश में योगदान करती है। उच्च बचत दर निवेश के माहौल को बाहरी वित्तपोषण पर सीमांत निर्भरता के साथ घरेलू वित्तपोषण पर निर्भर होने की सुविधा प्रदान करती है।बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया, घरेलू बचत होना इसलिए उपयोगी है कि हम अभी भी बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जैसे विदेशी

फंडों के साथ विकास को वित्तपोषित कर सकते हैं, लेकिन उनके पास अन्य मुद्दे भी होंगे। जिन देशों को उच्च स्तर के निवेश की आवश्यकता है, वे बचत पर निर्भर होंगे। इसके अलावा यहां तक कि सरकारी उधार को बैंकों और वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा सदस्यता के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है, लेकिन अंततः घरेलू कॉरपोरेट्स और अन्य की बचत से वित्त पोषित किया जाता है।हाजरा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू क्षेत्र की शुद्ध वित्तीय बचत में गिरावट देखी गई। लेकिन सकल वित्तीय बचत मजबूत बनी हुई है। भौतिक बचत मजबूत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी कुल बचत जीडीपी का लगभग 30 प्रतिशत होने की उम्मीद है।हाजरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बचत का बचत में प्रमुख योगदान रहा है। वित्त वर्ष 2014-15 में परिवारों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 65 प्रतिशत हो गई।हाजरा ने कहा, विशेष रूप से घरेलू क्षेत्र में वित्तीय बचत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पिछले वर्ष को छोड़कर जहां भौतिक बचत अधिक थी।

गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 354 अंक लुढ़का

नई दिल्ली (हि.स.)। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 फीसदी की गिरावट के साथ 71,731.42 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्ससचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 82.10 अंक यानी 0.38 फीसदी लुढ़कर 21,771.70 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 7 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आज कारोबारी सत्र के दौरान एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच बीएसई सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी में बिकवाली से शेयर बाजार नीचे आया। हालांकि, टाटा मोटर्स के शेयर में 5.80 फीसदी की तेजी रही। कारोबार के दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान में रहीं।

देश का कोयला उत्पादन जनवरी में 99.73 मीट्रिक टन पर पहुंचा

नई दिल्ली (हि.स.)। देश का कोयला उत्पादन जनवरी महीने में सालाना आधार पर 10.30 फीसदी बढ़कर 99.73 मीट्रिक टन (एमटी) पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में भारत का कोयला उत्पादन 90.42 मीट्रिक टन रहा था।

कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि देश का कोयला उत्पादन जनवरी में सालाना आधार पर 10.3 फीसदी बढ़कर 99.73 मीट्रिक टन रहा है। पिछले साल की समान अवधि में भारत का कोयला उत्पादन 90.42 करोड़ टन रहा था।

मंत्रालय के मुताबिक जनवरी महीने में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन भी बढ़कर 78.41 मीट्रिक टन हो गया, जो जनवरी 2023 के 71.88 मीट्रिक टन की तुलना में 9.09 फीसदी की वृद्धि है। कोयला मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जनवरी के दौरान कोयला का उत्पादन सालाना आधार पर 12.18 फीसदी की वृद्धि के साथ 698.99 मीट्रिक टन से बढ़कर 784.11 मीट्रिक टन (अनंतिम) हो गया।

कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस साल जनवरी में देश का कोयला आपूर्ति सालाना आधार पर 6.52 फीसदी की वृद्धि के साथ 82.02 मीट्रिक टन से बढ़कर 87.37 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। इसी तरह 31 जनवरी तक कोयला कंपनियों के पास कोयले का भंडार बढ़कर 70.37 मीट्रिक टन तक पहुंच गया। यह 47.85 फीसदी की वार्षिक वृद्धि को दशार्ता है।

ऑटोमेटिकली अकाउंट रिपोर्ट बनाएगा व्हाटसएप

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नया फीचर विकसित कर रहा है जो एंड्रॉइड पर अकाउंट्स और चैनलों दोनों के लिए स्वचालित रूप से रिपोर्ट बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

डब्ल्यूएबीटाइंफो द्वारा देखा गया नया फीचर सक्षम होने पर स्वचालित रूप से एक मासिक रिपोर्ट तैयार करेगा, जो अकाउंट्स और चैनलों की गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, यूजरों को हर महीने स्वचालित रूप से खाता और चैनल रिपोर्ट तैयार करने की अनुमति देना इस प्लेटफॉर्म पर सुविधा की एक परत जोड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यूजरों को हर बार अपने खाते और चैनल गतिविधियों पर अपडेट चाहने पर प्रक्रिया को याद रखने या मैन्युअल रूप से शुरू करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह स्वचालित सुविधा किसी भी यूजर के हस्तक्षेप के बिना प्रासंगिक जानकारी की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करती है, जिससे समय और प्रयास की बचत होती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, यह सुविधा



यूजरों को उनके खाते के लिए उत्पन्न मासिक रिपोर्ट की तुलना करके उनके खाते की जानकारी में परिवर्तनों को आसानी से ट्रैक करने की भी अनुमति देगी। स्वचालित रूप से खाता रिपोर्ट बनाने की सुविधा विकासाधीन है और यह ऐप के भविष्य के अपडेट में उपलब्ध होगी। इस बीच, व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नई फ़ाइल साझाकरण सुविधा पर काम कर रहा है जो यूजरों को आस-पास के लोगों के साथ आसानी से फ़ाइलें साझा करने की अनुमति देगा। दोनों यूजरों को फ़ाइलें भेजने और प्राप्त करने

कृति सेनन ने गुलाबी साड़ी में बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स हुए कायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी खूबसूरती और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपने स्टाइलिश फोटोज शेयर कर उन्हें दीवाना बनाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह गुलाबी साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में कृति सेनन ने गुलाबी रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जो उनके ऊपर काफी जंच रही है. उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है, जो उनके चेहरे पर एक अलग ही निखार ला रहा है. उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स लट्टू हो गए हैं और प्यार की बारिश कर रहे हैं.शाहिद कपूर और कृति सैनन इन दिनों फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में हैं। पहली बार पर्दे पर यह जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसे लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं।शाहिद और कृति इन दिनों अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं और कई दिलचस्प खुलासे कर रहे हैं।हाल ही में दोनों ने फिल्म और एक-दूसरे के साथ काम करने के अनुभव पर बात की। कृति ने कहा, पहले मुझे यह सामान्य प्रेम कहानी वाली फिल्म लगी थी। मुझे तो बाद में पता चला कि इसमें मेरा किरदार रोबोटिक होने वाला है। आज हम एआई के युग में जी रहे हैं। आने वाले समय में हो सकता है कि रोबोट हमारे आस-



पास घूमें और हमें पता ही न चले। फिल्म की कहानी अनोखी लगी, इसलिए मैंने हामी भर दी।कृति ने इंटरव्यू में शाहिद की भी जमकर तारीफ की।अभिनेत्री बोलीं, शाहिद मेरे सीनियर हैं। हालांकि, उन्होंने मुझे कभी यह महसूस नहीं कराया। वह हमेशा बिंदास रहते थे। सेट पर काफी अच्छा माहौल बनाकर रखते थे। शाहिद को मैं उनकी पहली फिल्म से ही देख रही हूं।उन्होंने कहा, शाहिद के इंटरव्यू देखती हूं तो सोचती हूं कि ये आदमी कितना बुद्धिमान है। हम दोनों दिल्ली के हैं, इसलिए एक जुड़ाव भी है। मुझे शाहिद की इश्क विश्क, कमीने, हैदर और जब वी मेट जैसी फिल्में बहुत पसंद हैं।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

इंडियन पुलिस फोर्स ने बनाया ये अनोखा रिकॉर्ड

भारतीय सिनेमा के शानदार निर्देशकों में से एक रोहित शेट्टी ने अपनी पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के साथ इस साल की धमाकेदार शुरुआत की है।सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत सीरीज के जरिए रोहित ने अपने कॉप यूनिवर्स को और बड़ा बनाया है, जिसको दर्शकों ने खुले दिल से प्यार दिया।प्रशंसकों के प्यार का ही नतीजा है कि यह किसी भी भारतीय सीरीज का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पहला सीजन बन गया है। इंडियन पुलिस फोर्स के हाथ एक बहुत बड़ी उपलब्धि लगी है। रोहित निर्देशित सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुए किसी भी भारतीय शो का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पहला सीजन बन गया है।दिलचस्प बात यह है कि यह शो की रिलीज के महज 1 हफ्ते बाद ही हो गया है। यह दुनियाभर के 65 देशों में टॉप 10 लिस्ट पर भी ट्रेंड कर रही है।इंडिय पुलिस फोर्स दुनियाभर के दर्शकों का दिल जीत रही है। रोहित ने अपनी सीरीज के हाथ लगी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और प्रशंसकों का धन्यवाद दिया।निर्देशक बोले, प्राइम वीडियो के साथ जुड़ना और भारतीय

न्यूज गैलरी

संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव का पदभार संभाला

नई दिल्ली (हि.स.) आईएएस अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया। संजय जाजू वर्ष 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य तेलंगाना में कार्यरत थे। इस पद पर पहले कार्यरत अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अपूर्व चंद्रा महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं।

रखरखाव कार्य के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रोका गया

जम्मू (हि.स.)। कुछ समय के लिए खुलने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से रोक दिया गया है, क्योंकि रामबन जिले के दलवास में मार्ग के रखरखाव का काम किया जा रहा है। इससे पहले भारी बारिश के कारण हुए रामबन में हुए भूस्खलन के चलते राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि सड़क के रखरखाव के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग रामबन जिले के दलवास में दोनों तरफ से यातायात रोक दिया गया है। यात्रियों से इस दौरान यातायात पुलिस के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

उप्र बजट : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेश किया 07 लाख 36 हजार 437 करोड़ का बजट

लखनऊ (हि.स.)। उत्तर प्रदेश विधान मंडल बजट सत्र के दौरान सोमवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई पढ़ने के साथ विधानसभा में वर्ष 2024-25 का 07 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश किया। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रुपए) की नई योजनाएं सम्मिलित की गई है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था का राज कायम हुआ है। इन्वेस्टर समिट हुई है। लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर सिटी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमने विकास गाथा लिखी है। हमारी सरकार में रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया। गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। निराश्रित महिला पेंशन में वृद्धि की गई है। युवक मंगल दल का गठन किया है। यह बजट युवाओं के लिए है। समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाएं हैं। उन्होंने बताया कि बजट में कुल प्राप्तियां 07 लाख 21 हजार 333 करोड़ 82 लाख रुपये (7,21,333.82 करोड़ रुपये) अनुमानित है। कुल प्राप्तियों में 06 लाख 06 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 01 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तिया सम्मिलित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 04 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 02 लाख 70 हजार 86 करोड़ रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 02 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2,18,816.84 करोड़ रुपये) सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2024-2025 में कुल व्यय 07 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) अनुमानित है। कुल व्यय में 05 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5,32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है तथा 02 लाख 03 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए (2,03,782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। बजट रखते हुए उन्होंने कहा कि समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के पश्चात 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। जबकि लोक लेखे से 05 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां अनुमानित हैं। उन्होंने बताया कि समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 09 हजार 603 करोड़ 89 लाख रुपये (9,603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74,147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जबकि राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की कर्मठता, उनकी भविष्यलक्षी दूरदृष्टि, समाज को संगठित कर खुशहाली के मार्ग पर आगे ले चलने की क्षमता और समाज के हर वर्ग के लिए समदृष्टि के प्रति यह बजट संकल्पित है। उन्होंने बजट का गुणगान करते हुए कहा कि यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं- तुम्हारी शख्सियत से ये सबक लेंगी नई नस्लें, वहीं मंजिल पर पहुंचा है जो अपने पांव चलता है। डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का, किसी के नाम से मशहूर होकर गांव चलता है।

दिल्ली में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मिलेंगे केंद्रीय नेतृत्व से, लोकसभा चुनाव पर चर्चा संभव

भोपाल (हि.स.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली प्रवास पर हैं । वह रविवार देर रात दिल्ली पहुंचे। उनकी आज (सोमवार) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात होगी। बताया जाता है कि यादव का यह दिल्ली प्रवास लोकसभा चुनाव को लेकर है। भाजपा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए माइक्रो स्तर पर तैयारी कर रही है, ताकि कहीं चूक न रह जाए। भाजपा ने अब तक अपनी खास तैयारियों में मध्य प्रदेश की 29 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार की है। इसके तहत राज्य में 2019 के लोकसभा चुनाव में जिन विधानसभा सीटों पर भाजपा को हार मिली, उन सीटों की कमान केंद्रीय नेतृत्व संभाले इसकी योजना बनाई गई है। जल्द ही केंद्रीय मंत्रियों की जिम्मेदारी तय की जानी है।चुनाव अभियान की रूपरेखा, खास मुद्दे, समेत कई विषयों पर लगातार विमर्श जारी है । इसके साथ ही गांव चलो, विकसित भारत संकल्प यात्रा और लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम की समीक्षा भी सतत चल रही है । सभी 29 संसदीय सीटें जीतने के साथ वोट शेयर 68 प्रतिशत पार ले जाने का लक्ष्य इस बार का मध्य प्रदेश के लिए पार्टी ने तय किया है। वहीं, भूपेंद्र सिंह-ग्वालियर, कैलाश विजयवर्गीय-जबलपुर, विश्वास सारंग-उज्जैन, जगदीश देवड़ा-इंदौर, राजेंद्र शुक्ला-भोपाल, प्रहलाद पटेल-रीवा, नरोत्तम मिश्रा-सागर की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे कि पूर्व योजना और पूर्ण योजना पर चलते हुए भाजपा अपने तय लक्ष्य को हासिल कर सके। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री यादव आगे विस्तार से बात करने एवं अभी तक की हो चुकी तैयारियों को लेकर चर्चा करने के लिए दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने पहुंचे हैं।

अग्निवीर भर्ती के लिए जवान बहा रहे पसीना

■ **रक्षित केन्द्र बेमेतरा में हुआ अग्निवीर भर्ती उन्मुखीकरण**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विगत दिनों जिलें के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा बेमेतरा जिले के युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती होने के लिए बेमेतरा पुलिस की अभिनव पहल उड़ान के तहत फिजिकल एवं लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रक्षित केन्द्र बेमेतरा में किया गया है। बेमेतरा पुलिस ने एक अच्छी पहल करते हुए युवाओं को पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक और बौद्धिक तौर पर मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। बेमेतरा पुलिस युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर में भर्ती होने के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण की शुरूआत की है। जहां युवा रोज सुबह से ही पसीने बहा रहे है। ताकि क्षेत्र के युवा पुलिस एवं अग्निवीर सेना में भर्ती होकर अपने माता पिता और जिले का नाम रोशन कर सकें। बेमेतरा पुलिस प्रशासन ने विगत दिनों अभिनव पहल उड़ान शुरू की है। छत्तीसगढ़ में पुलिस में भर्ती और भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर

की भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी हैं, उन्हें निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आज 3 फरवरी को पुलिस लाइन (रक्षित केन्द्र बेमेतरा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को भारतीय थल एवं वायु सेना में अग्निवीर भर्ती संबंधित सेवाओं के संबंध जानकारी देने के संबंध मे एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन (रक्षित केन्द्र बेमेतरा) मे किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सब मेजर एसएम सतीश थलसेना व भारतीय वायु सेना भोपाल रीजनल ऑफिस सार्जेंट डीएस मराठे, कार्पोरल यु संतोष, प्रमोद जैन जिला रोजगार अधिकारी उपस्थित थे।

एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को अग्निवीर भर्ती के तहत थलसेना व वायुसेना में भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया और महत्वपूर्ण क्षमताओं, उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही भूमिकाओं को सबके सामने रखा गया और युवाओं को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, उम्र सीमा, छूट तथा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया।

एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने युवाओं को कठिन परिस्थितियों से निकलने और अपनी मंजिल को पाने के टिप्स भी दिए और अपने अनुभव भी साक्षा किये। इस अवसर पर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, जिला रोजगार कार्यलय से महेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, आरक्षक तारण घितोडे, पारसमणी साहू, महिला आरक्षक निकिता वैष्णव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

डॉ. भागवत 7 दिनों के मध्य प्रदेश प्रवास पर, संघ कार्यों की समीक्षा करेंगे

भोपाल (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहनराव भागवत आगामी सात दिन मध्य प्रदेश में गुजारेंगे। वे यहां मुख्य रूप से तीन प्रान्त मालवा, मध्य भारत और महाकौशल के संघ पदाधिकारियों एवं मुख्य कार्यकताओं, प्रचारकों की बैठक तो लेंगे ही साथ में विविध संगठनों के स्वयंसेवकों के साथ भी अलग से विमर्श करेंगे। संगठन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरएसएस सरसंघचालक डॉ. भागवत का इस बार का प्रवास मुख्य तौर पर प्रचारकों के कार्य एवं उसके विस्तार, समेत विविध संगठनों में समन्वय को लेकर है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले साल से हिन्दवी स्वराज्य स्थापना का 350वाँ वर्ष मना रहा है, इसके कार्यक्रम गत वर्ष शुरू होकर अभी भी चल रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के उन महान व्यक्तित्वों में एक हैं, जिन्होंने समाज को सैकड़ों वर्षों की दासता की मानसिकता से मुक्त कर समाज में आत्मविश्वास व आत्मगौरव का भाव जगाया था। ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को उनका राज्याभिषेक हुआ तथा हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना हुई। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मार्च 2023 में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय किया गया था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस पावन अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज का पुण्य स्मरण करते हुए स्वयंसेवक तथा सभी समाज घटकों से आह्वान करता है कि ऐसे सभी आयोजनों में भाग लेकर हिन्दवी स्वराज की स्थापना जैसी युगप्रवर्तक घटना का पुनःस्मरण करें।

अब आगे कुछ ही माह छत्रपति शिवाजी महाराज के स्थापित किए गए हिन्दवी स्वराज्य स्थापना वर्ष आयोजन उत्सव के शेष बचे हैं, ऐसे में डॉ. भागवत मध्य प्रदेश में संघ प्रचारकों समेत विविध संगठनों से यह जानेंगे कि उन्होंने जन जागरण के लिए राज्य भर में पिछले महीनों में क्या कुछ किया और समाज में उनके इन प्रयासों से क्या परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

उप्र : कानपुर देहात में अनियंत्रित होकर कार नाले में गिरी, छह की मौत

कानपुर देहात (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद के सिकन्दरा थानाक्षेत्र में रविवार व सोमवार के बीच अर्ध रात्रि मध्यप्रदेश से वापस लौट रहे कार संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और नाले में जा गिरी। दुर्घटना देख रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को निकालते हुए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो बच्चों का उपचार जारी है। सिकन्दरा थानाक्षेत्र में बीती देर रात इटावा की ओर से एक सफेद रंग की कार जनपद की ओर आ रही थी। कार अचानक सिकन्दरा संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और गहरे चौड़े नाले में जा घुसी। घटना को देखकर वहां से जा रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से गाड़ी में सवार लोगों को उपचार के लिये सीएचसी सिकन्दरा ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने कार में सवार कानपुर देहात के डेरापुर थानाक्षेत्र के मुर्रा गांव में रहने वाले विकास (42), खुशबू (17), संजय (55) व प्राची (13) के साथ कानपुर के शिवराजपुर थानाक्षेत्र के बैरी सवाई में रहने वाले गोलू (16) व प्रतीक (10) को मृत घोषित कर दिया।

उत्तराखंड : विधानसभा का सत्र निधन निदेश के साथ शुरू, यूसीसी बिल लाया जाएगा

देहरादून (हि.स.)। विधानसभा का सत्र सोमवार को निधन निदेश के साथ शुरू हो गया। सदन नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि दी। यह सत्र 05 से 08 फरवरी तक यूसीसी बिल लाने के लिए आयोजित हो रहा है।

इस मौके पर सदन के नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के मंगलोर सीट से विधायक रहे दिवंगत सरवत करीम अंसारी,पूर्व मंत्री मोहन सिंह गांववासी,पूरन चंद शर्मा, लक्सर के पूर्व विधायक कुंवर नरेन्द्र सिंह, नैनीताल से पूर्व विधायक किशन सिंह तड़ागी, पूर्व विधायक धनी राम सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इन लोगों जाना हमारे लिए दुःखद है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरवत करीम अंसारी हमेशा दलगत भावनाओं से अलग मिलते थे। उनका शेरों शायरी कई मौके पर सुनने मिलता था और वो मुझे भी शायरी सुनाने को कहते थे।

मोहन सिंह गांववासी का जीवन सादगी था। वो फक्कड़ थे और भाजपा को मजबूत करने का काम किये। वो हमेशा आधार स्तंभ रहेंगे। गांव-गांव का भर्मण से उनकी अलग पहचान थी। 1975 के आपातकाल में जेल भी गए। आरएसएस के प्रचारक, हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता, भाजपा में विभिन्न दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ काम किया। वे खुद के लिए नहीं समाज के लिए कार्य किये। उनका विशिष्ट बात उनका सादगी था। उनको सोचता हूं तो मन भावुक हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री पूरन चंद शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन यात्रा हमेशा संघर्ष भरा रहा। आपातकाल में वो संघर्ष किये। कुंवर नरेंद्र सिंह हमेशा समाज में किये कार्य के लिए याद किये जायेंगे। वो लक्सर विधानसभा से विधायक रहे। कृष्ण सिंह तड़ागी,धनी राम नेगी का जीवन हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, वित्त व संसदीय मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निश्चित ही इन लोगों का नहीं रहना दुखद है।

सत्र से पहले उप नेता भुवन कापड़ी ने पत्रकारों से बातचीत ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता की मूल आवाज भू-कानून सहित राज्य की ज्वलंत विषय है। अवाम की आवाज से सरकार दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि यूसीसी ड्राफ्ट आने के बाद ही कुछ कहना सही होगा। इस ड्राफ्ट को कैसे तैयार किया गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह सत्र विशेष नहीं है। पिछले सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है। जो विधायकी व्यवस्था है उसी के अनुसार सत्र चलना चाहिए। विधायकी कार्य में प्रश्नकाल भी होगा। सत्र नियम के तहत संचालन होना चाहिए। भाजपा सरकार जबरजस्ती अपना एजेंडा ला रही है।

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से जबरदस्त बर्फबारी

शिमला (हि.स.)। हिमाचल प्रदेश में फरवरी के महीने में पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। इस भारी बर्फबारी से राज्य के चार हाईवे के साथ ही 645 सड़कें अवरुद्ध हो गई और 1416 ट्रांसफॉर्मर ठप होने से कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बंद है। बर्फबारी से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। अब अगले पांच दिन तक मौसम साफ रहने के आसार हैं।

विंटर सीजन में शुक्रवार से लेकर रविवार रात तक राज्य के लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, शिमला और चंबा जिलों सहित पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। बर्फबारी की वजह से चार नेशनल हाइवे पर भी आवाजाही प्रभावित है। इसके अलावा प्रदेशभर में 645 सड़कें और 1416 बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार शिमला जिले में

सबसे ज्यादा 242 सड़कें बंद हैं। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में पिछले पांच दिनों से बस सेवा ठप पड़ी है। इसके अलावा लाहौल-स्पीति में 157, कुल्लू में 93, चम्बा में 61, मंडी में 51, किन्नौर में 24 और सिरमौर में 16 सड़कें बंद हैं। लाहौल स्पीति और कुल्लू जिलों में दो-दो नेशनल हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पिछले करीब एक हफ्ते से ठप है। बर्फबारी का बिजली आपूर्ति पर भारी असर पड़ा है। राज्य में 1416 बिजली ट्रांसफॉर्मर के बंद होने से सैकड़ों परिवार अंधेरे में हैं, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी में लोग परेशान हैं। कुल्लू जिला में 485, चंबा में 319, सिरमौर में 245, मंडी में 221, शिमला में 113 और किन्नौर जिला में 30 ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस बर्फबारी की वजह से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त होने से लोगों की परेशानियां बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार शिमला जिले के चिडगांव में 35, खदराला में 30 और नारकंडा में 25 सेंटीमीटर ताजा बर्फ गिरी है। वहीं, कुल्लू जिले के पर्यटन स्थल मनाली में 23, गुंडला में 16 और केलांग व शिलारू में 15-15 सेंटीमीटर बराबरी दर्ज की गई है।

पांच दिन मौसम रहेगा साफ

मौसम विभाग शिमला के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में अगले पांच दिन मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में सोमवार को बारिश और उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 6 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रदेशभर में मौसम साफ बना रहेगा।

शिमला सहित छह शहरों का माइनस में पारा

राज्य में बर्फबारी से प्रचण्ड ठंड पड़ रही है। राज्य के छह शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस में चला गया है। लाहौल-स्पीति जिला का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम पारा -6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा शिमला में -0.1, कल्पा में -2.4, मनाली में -0.9, नारकंडा में -3.6 डिग्री, समधो में -2.8 और कुफरी व सराहन में शून्य और भरमौर में 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

हिप्र के ऊना से अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना, अनुराग ठाकुर ने दिखाई झंडी

ऊना (हि.स.)। केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर ने आज (सोमवार) सुबह 6:00 बजे हिमाचल प्रदेश के ऊना के अम्ब स्टेशन से अयोध्या के लिएआस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस ट्रेन में हिमाचल प्रदेश से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि 500 वर्षों की साधना-प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में बने भव्य-दिव्य राम मंदिर को देखने के लिए दुनिया भर से रामभक्तों का तांता लगा है। राम लला के दर्शन के लिए लोगों में अपार उत्साह है। हर कोई अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम के बाल रूप को नयनों में बसाने के लिए आतुर है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देवभूमि हिमाचल से रामभक्त अयोध्या जाकर



रामलला के दर्शन कर सकें इसके लिए आज अपने संसदीय क्षेत्र के अंब-अन्दौरा रेलवे स्टेशन से सैकड़ों रामभक्तों से भरी आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम की ओर गतिमान करने का सौभाग्य मिला। देवभूमि के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है, और इस शुभ दिन पर हिमाचल प्रदेश को इतनी बड़ी सुविधा देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैश्नव का हृदय तल से आभारी हूं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अयोध्या धाम में हिमाचल से कोई भी भाई-बहन जब रामलला के दर्शन करेगा, मैं हर बार यही समझूंगा कि आपके माध्यम से प्रभु श्रीराम के चरणों में मेरी भी उपस्थिति लग गई। पहले यह ट्रेन 29 जनवरी को जाने वाली थी लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से इसे आज रवाना किया गया है। आज ऊना से चलने वाली यह ट्रेन 6 फरवरी को तड़के तीन बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में आस्था स्पेशल सात फरवरी को 00 : 30 बजे चलेगी और उसी रात शाम 7:00 बजे वापस ऊना पहुंचेगी।

आस्था स्पेशल ट्रेन के प्रभारी भाजपा के युवा नेता नवीन शर्मा ने बताया कि इस ट्रेन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के श्रद्धालु हैं। इस ट्रेन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 1074 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे हैं।

एक्टिंग में अपना करियर बनाना चाहती है सुष्मिता सेन की बड़ी बेटी रेने

मुंबई। बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक सुष्मिता सेन की शादी नहीं हुई है, लेकिन उनकी दो बेटियां रेनी और अलीसा हैं। इन दोनों लड़कियों को सुष्मिता ने गोद लिया था। अलीसा तो अभी छोटी है, लेकिन रेने 24 साल की है। रेनी अपनी मां की तरह एक्टिंग में अपना करियर बनाना चाहती हैं। इस बात का खुलासा खुद सुष्मिता ने किया है।

हाल ही में मीडिया से बात करते हुए सुष्मिता सेन ने कहा, रेनी एक्ट्रेस बनना चाहती हैं और वह बहुत अच्छी एक्ट्रेस बनेंगी। उसकी तैयारी चल रही है। सुष्मिता ने अपनी बेटियों को अकेले बड़ा करने के बारे में कहा, मेरी बेटियों को कभी भी पिता न होने की कमी महसूस नहीं होती। उन्हें पिता की जरूरत नहीं है। आप उन्हीं चीजों को मिस करते हैं जो आपके पास हैं। आप उस चीज को कैसे खो सकते हैं जो आपके पास कभी नहीं थी। रेनी की बात करें तो उन्होंने 2021 में शॉर्ट फिल्म सुट्टाबाजी में काम किया था। रेने ने सुष्मिता की वेब सीरीज ताली में महामृत्युंजय मंत्र को भी आवाज दी थी। रेनी और अलीसा के साथ सुष्मिता की बेहद खूबसूरत बॉन्डिंग है। सुष्मिता अपनी बेटियों के साथ कई इवेंट्स में जाती हैं।

दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं से होता है कैंसर

कवर्धा/नवप्रदेश। तंबाकू शराब के अलावा कई वस्तुएं कैंसर का कारण बनती हैं। जिला अस्पताल में अब तक 25 कैंसर मरीजों ने कीमोथेरिपी की सुविधा ली। जिन्हें 50 से अधिक कीमो थैरेपी दिया गया।

सिविल सर्जन डॉ महेश सूर्यवशी ने बताया कि डां हर्षित टुवानी जिला अस्पताल में कैसर के मरीजों का इलाज कर रही है। वह बताती है कि यहां आने वालें मरीजों में मुख्यतः मुंह , गलें , ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैसर के मरीज है। कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू और शराब का सेवन से माना जाता है पर हममें से कई लोगों को नहीं पता कि दैनिक जीवन में ऐसे



कई चीजों का उपयोग हमारे द्वारा किया जाता है जो शरीर में कैंसर पैदा करने का मुख्य कारण होता है। साथ ही कैंसर को लेकर कई सारी भ्रांतिया है, जिसके कारण लोग अपना पूरा इलाज नही करवातें है। अगर सही समय में कैसर की पहचान कर सही तरीके से इलाज करवाई जाए तो उससे पूर्ण रूप से छुटकारा पाया जा सकता है।

कैंसर के संकेत डां बतातें है कि आंत्र या मूत्राशय की आदतों में परिवर्तन ,घाव जो लम्बें समय के बाद भी ठीक न हो, असमान्य रक्तस्त्राव ,स्तन या अन्य जगह गांठ या सूजन , तेज खांसी या आवाज का बदलना है। पैक्ड फूड एवं मच्छर नाशक दवाईया भी होती है।

हानिकारक-तम्बाकू और शराब के सेवन के साथ ही मोटापा होना, कुछ वायरल संक्रमण जैसे भ्प्ट और ीमचंजपजपे अपतने पेस्टिसाइड, इंसेक्टेसाइड का अधिक उपयोग, मच्छर मारने वाली दवाइयां, रेडिएशन विकरण से संपर्क में आना जिसमें सूर्य के पराबैंगनी विकिरण कैंसर का मुख्य कारण होता है। डॉक्टर ने बताया कि कैसर के लक्षण होने पर अस्पताल जाकर जांच करवाएं, जिला अस्पताल में कीमोंथैरेपी एवं इलाज संभव है। जांच के बाद सर्जरी , दवाईयां से लेंकर कीमोंथैरेपी से इलाज करवा सकतें है। जिला अस्पताल में अभी लगभग 15 दवाइयां से कैंसर का उपचार किया जा रहा हैं। फर्स्ट लाइन दवाइयों से कैंसर का इलाज संभव है।

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत में बिताए पल संजोये, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह सम्मान की बात

नई दिल्ली (हि.स.)। कर्तव्य पथ पर छब्बीस जनवरी को देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रहे फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अपनी स्मृतियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। मैक्रों ने इस असाधारण यात्रा बताया है। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, "आपका भारत में होना सम्मान की बात।" फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अपनी भारत यात्रा के कुछ लम्हों को एक वीडियो में संजोकर इसे एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, "भारत की एक असाधारण यात्रा पर एक नजर।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस वीडियो को एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, "राष्ट्रपति जी (इमैनुएल मैक्रों), आपका भारत में होना सम्मान की बात है। आपकी यात्रा और गणतंत्र दिवस समारोह में भागीदारी से निश्चित रूप से भारत-फ्रांस मित्रता को बढ़ावा मिला है।"

अयोध्या के दूसरे श्रीराम

जहां हो रही है 120 सालों से गरीबों और वंचितों की सेवा

नई दिल्ली/ए.। सरयू नदी के किनारे बसी अयोध्या नगरी हर रामभक्त को अपनी तरफ खींचती है। रामलला की जन्मस्थली के नाम से मशहूर इस शहर में एक ऐसे श्री राम भी हैं, जो बीते 120 सालों से गरीबों और बीमारों की सहायता कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं यहां स्थित श्री राम अस्पताल की, जो नवनिर्मित भव्य राम मंदिर से एक किमी से भी कम दूरी पर स्थित है और शहर के केंद्र में स्थित राम पथ से जुड़ा हुआ है।

राम मंदिर के नजदीक स्थित है अस्पताल

आपको बता दें कि राममंदिर में 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद इसे 23 जनवरी से आम लोगों के लिए खोल दिया गया था। तब से अब तक लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन कर चुके हैं।सिंह ने बताया, उद्घाटन के पहले दिन, एक भक्त जो बेहोश हो गया था, उसे एम्बुलेंस में हमारे अस्पताल में लाया गया और उसे चिकित्सा सहायता दी गई, अन्य भक्त जिन्होंने सांस लेने में समस्या की शिकायत की थी, उसका भी इलाज कराया गया।

1902 में शुरू हुआ था अस्पताल

फैजाबाद पर 1960 के गजेटियर में भी श्री राम अस्पताल का उल्लेख है। इसमें लिखा गया है, अस्पताल की इमारत का निर्माण और निर्माण 1902 में रसूलपुर के एक प्रमुख वकील और तालुकदार श्री राम द्वारा किया गया था। इसने 12 अप्रैल, 1902 से काम करना शुरू कर दिया था। तब यह जिला बोर्ड के अधीन था। बाद में राज्य सरकार ने इसे अपने अधीन कर दिया। 1953 में एक एक्स-रे प्लांट यहां लगाया गया। सिंह ने बताया कि अस्पताल में सामान्य सेवाएं और आपातकालीन सेवाओं के अलावा चिकित्सा, बाल चिकित्सा, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी, दंत चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, अन्य उपचार किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सुविधाओं कड्डु बढ़ाने की भी योजना है।

अधिकांश को नहीं पता है इतिहास

अस्पताल परिसर के पीछे की सीमा, मंदिर परिसर क्षेत्र की सीमा से लगी हुई है। एक संतरी एक चौकी की रक्षा करता था जो हमारी सीमा के करीब स्थित थी। श्री राम अस्पताल अभी भी सुरक्षा की दृष्टि से येलो जोन में आता है। प्रभु श्री राम और इस स्वास्थ्य संस्थान का निर्माण करने वाले श्री राम के बीच यही घनिष्ठ संबंध है। अस्पताल के रिकॉर्ड में इसके निर्माता और लाभार्थी के नाम और योगदान का उल्लेख है, लेकिन इसके रिकॉर्ड में शायद ही कोई दस्तावेज़ उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे में जानकारी रखते हैं। पुरानी पीढ़ी के लोग जानते हैं कि अस्पताल का नाम उस व्यक्ति के नाम पर रखा गया है जिसने इसे बनाया था और नई पीढ़ी के कुछ लोग भी इस बारे में जानते हैं लेकिन अयोध्या भगवान राम की नगरी के रूप में जानी जाती है, यही एक कारण है कि कई लोग मानते हैं कि इसका नाम प्रभु राम के नाम पर रखा गया है।

कई जिलों के मरीजों का होता है इलाज

मुख्य ब्लॉक की एक दीवार में लगी पुरानी संगमरमर की पट्टिका पर एक शिलालेख है, जिसमें लिखा गया है - माननीय राय श्री राम बहादुर द्वारा अयोध्या के गरीबों के लिए निर्मित यह अस्पताल 5 नवंबर 1900 को शुरू किया गया था तब इसकी आधारशिला फैजाबाद डिवीजन के आयुक्त, आईसीएस जे हूपर द्वारा रखी गई थी।

शिलालेख में आगे लिखा है कि इसे 12 अप्रैल 1902 को आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के लेफ्टिनेंट गवर्नर एचएच सर जेम्स डिग्गेस लाटौचे, केसीएसआई द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला गया था। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने बताया कि अस्पताल में अयोध्या और फैजाबाद शहरों के अलावा गोंडा और बस्ती जिलों से भी मरीज आते हैं। यश प्रकाश ने बताया कि अस्पताल उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है और इलाज मुफ्त में किया जाता है और कई लोग यह भी सोचते हैं कि यह एक निजी अस्पताल है। अपनी स्थापना के बाद से, अस्पताल, जिसे अब आधिकारिक तौर पर राजकीय श्री राम अस्पताल कहा जाता है।

न्यूज गैलरी

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात

नई दिल्ली (हि.स.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेडी नड्डा से सोमवार को यहां मुलाकात की। मुलाकात के बाद यादव ने एक्स पर लिखा कि आज संसद भवन में उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। सूत्रों के अनुसार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री यादव ने राज्य के विकास कार्यों से गृह मंत्री शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अवगत कराया है साथ ही इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की है।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने की जेपी नड्डा और अमित शाह से मुलाकात

नई दिल्ली (हि.स.)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने दिल्ली में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस मौके पर माणिक साहा ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि हमने आगामी लोकसभा चुनाव और राज्य के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। त्रिपुरा में फिर से दूसरी बार कमल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार को नए संसद भवन में माणिक साहा ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान त्रिपुरा की विकासात्मक विषयों पर चर्चा की और आगामी लोकसभा 2024 के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला 10-18 फरवरी तक, सऊदी अरब होगा मुख्य अतिथि

नई दिल्ली/रियाद (हि.स.)। भारत और सऊदी अरब के मध्य हमेशा से ही प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। दोनों देशों के पारंपरिक रिश्तों के बीच 10-18 फरवरी तक होने वाले दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। सऊदी अरब इस पुस्तक मेले में सम्मानित अतिथि के रूप में हिस्सा लेगा। मेले में सऊदी अरब अपनी भरपूर उपस्थिति दर्ज करने के लिए तैयार है। सऊदी अरब में भारत के राजदूत सुहैल एजाज खान ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले-2024 के लिए सऊदी अरब को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। यह बहुत खुशी की बात है। इससे दोनों देशों के आपसी संबंधों को और मजबूती मिलेगी। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला दोनों देशों को और करीब लाने का एक सशक्त माध्यम साबित होगा। यह एक तरह से सऊदी विजन-2030 के तहत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का हिस्सा है। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला में सऊदी अरब अपने साहित्य के साथ-साथ अपनी मालामाल सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन भी करेगा। सऊदी अरब के साहित्य, प्रकाशन और अनुवाद आयोग के नेतृत्व में किंगडम अपनी विस्तृत सांस्कृतिक झलक पेश करेगा। पुस्तक मेले में विरासत आयोग, संगीत आयोग, फिल्म आयोग, भोजन कला आयोग, फैशन आयोग और किंग अब्दुल अजीज फाउंडेशन फॉर रिसर्च एंड आर्काइव्स सहित विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्र अपने देश की समृद्ध विरासत, कलाकृतियां, संस्कृति और कला को भारतीय दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे। एनडीडब्ल्यूबीएफ-2024 में किंगडम की भागीदारी में विभिन्न सांस्कृतिक, कलात्मक, साहित्यिक और ज्ञान क्षेत्रों पर चर्चा, सेमिनार और पैनल सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम के अलावा सऊदी पकवानों और पारंपरिक कला का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

ऋषि सुनक ने माना, इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के वादे में विफल

लंदन (हि.स.)। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को माना कि वह इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के अपने वादे में विफल रहे। टॉकटीवी के साथ साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस संबंध में की गई प्रतिज्ञा पूरी करने में अपनी विफलता स्वीकार की। द गार्डियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इस साक्षात्कार को सोमवार को पियर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड यूट्यूब चैनल पर दोपहर 2 बजे और टॉकटीवी पर रात आठ बजे प्रसारित किया जाएगा। सुनक ने साक्षात्कार में कहा कि इस दिशा में हमने पर्याप्त प्रगति नहीं की। यह पूछे जाने पर कि क्या इसका मतलब यह है कि वह विफल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दियाः हां, हम विफल हो गए हैं। इस संबंध में शैडो हीथ सेक्रेटरी लेबर के वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, "ऋषि सुनक ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया जो वर्षों से बाकी सब स्वीकार करने में हिचकते रहे हैं।

राष्ट्रपति ने उन्हें इन कार्यों को करने के लिए लगातार बदलती और उन्नत होती प्रौद्योगिकी की दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने की सलाह दी

अरुण जेटली वित्तीय प्रबंधन संस्थान के 31वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली (हि.स.)। अरुण जेटली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट में प्रोबेशनर्स ट्रेनिंग कोर्स के 31वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। ये अधिकारी भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा और भारतीय पीएंडटी (वित्त और लेखा) सेवा से हैं।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है। वे जिस संगठित वित्तीय सेवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन पर एक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली बनाने और बनाए रखने का दायित्व है जो सरकार के कुशल कामकाज को चलाने में मदद करता है। इसलिए, प्रशासन में उनकी भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें शासन में औचित्य और विवेकशीलता सुनिश्चित करनी होती है। राष्ट्रपति ने उनसे अपनी क्षमताओं को प्राप्त करके और उनका उपयोग करके इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वे ऐसे समय में लेखा सेवा में शामिल हुए हैं जब देश डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। जनता के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के साथ-साथ सेवा वितरण में अधिक दक्षता की अपेक्षा बढ़ रही है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, सरकारी विभागों के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करना और शासन प्रणाली को नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका काम न केवल वित्तीय संसाधनों की उपयोगिता को अधिकतम करने तक सीमित है, बल्कि नीतिगत परिवर्तनों के प्रभाव का विश्लेषण करना और वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों सहित शासन की विभिन्न प्रणालियों में सुधार के लिए सुधारों का प्रस्ताव करना भी शामिल है। राष्ट्रपति ने उन्हें इन कार्यों को करने के लिए लगातार बदलती और उन्नत होती प्रौद्योगिकी की दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रयास नवीनतम तकनीक का उपयोग करने और हमारी लेखांकन और लेखा परीक्षा प्रणालियों को निर्बाध बनाने के लिए तंत्र विकसित करने का होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने ग्रैमीज में 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' पुरस्कार जीतने के लिए

उस्ताद जाकिर हुसैन और अन्य को बधाई दी

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर संगीतकार उस्ताद जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगणेश वी और गणेश राजगोपालन को बधाई दी। उनके बैंड 'शक्ति', एक फ्यूजन म्यूजिक ग्रुप ने 'दिस मोमेंट' के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है, जिससे भारत गौरवान्वित हुआ है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगनेश वी और गणेश राजगोपालन को ग्रैमीज में आपकी अभूतपूर्व सफलता पर बधाई। आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है ! ये उपलब्धियां आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

> **आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है! ये उपलब्धियां आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगा**

उस्ताद जाकिर हुसैन ने सोमवार को अमेरिका में प्रस्तुत 66वें ग्रैमी अवार्ड्स में तीन पुरस्कार जीते हैं। तबला वादक और संगीतकार ने 'पश्तो' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन' श्रेणी में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।

मुंबई से गिरफ्तार करके मौलाना अजहरी को जूनागढ़ लेकर पहुंची गुजरात एटीएस

जूनागढ़ (हि.स.)। जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुंबई से गिरफ्तार मौलाना अजहरी को लेकर गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) सोमवार को अहमदाबाद पहुंची है। सुबह एटीएस मुख्यालय लाने के बाद मौलाना को जूनागढ़ ले जाया गया है।

जूनागढ़ के नरसिंह विद्यालय में मुस्लिम समाज के लोगों में 31 जनवरी को व्यसन मुक्ति को लेकर सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में वक्ता के तौर पर मुंबई के मुफ्ती सलमान अजहरी को बुलाया गया था। आरोप है कि अजहरी ने अपने वक्तव्य के दौरान समूह को भड़काने का प्रयास किया। इनके भाषण के कई अंश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए।

इसके बाद जूनागढ़ पुलिस हरकत में आ गई और आयोजकों को पकड़ा गया। घटना की जानकारी मिलने पर गुजरात एटीएस ने भी तत्काल मुंबई जाकर स्थानीय पुलिस की मदद से रविवार की रात मौलाना को घाटकोपर स्थित उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। मुंबई से मौलाना को सीधे अहमदाबाद लाया गया, जहां से जूनागढ़ रवाना कर दिया गया। मौलाना अजहरी विवादित और भड़काऊ बयानों के लिए पहले भी चर्चित हो चुके हैं।

मौलाना की गिरफ्तारी के बाद समर्थक घाटकोपर थाने के बाहर इकट्ठा हो गए थे। यहां मौलाना ने समर्थकों से शांति बनाए रखने की आपील की। मौलाना के विरुद्ध आईपीसी की धारा 153 बी और 505 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चुनाव के दौरान कैंपेन में बच्चों के उपयोग को लेकर आयोग सख्त, निर्देश जारी

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनाव आयोग ने चुनावों के दौरान कैंपेन में बच्चों का उपयोग करने को लेकर सख्ती दिखाते हुए पार्टियों, उम्मीदवारों और अपनी चुनावी मशीनरी को सख्त निर्देश जारी किए हैं। पत्र में उन्हें इस पर आयोग की जीरो टालरेंस की नीति से अवगत करा दिया गया है।

आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी तरह से राजनीतिक अभियानों और रैलियों में बच्चों का उपयोग करने से बचना चाहिए।

आयोग का कहना है कि राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि वे बच्चों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान में शामिल न करें, जिसमें रैलियां, नारे लगाना, पोस्टर या पैम्फलेट का वितरण या कोई अन्य चुनाव-संबंधी गतिविधि शामिल है। राजनेताओं और उम्मीदवारों को किसी भी तरह से प्रचार गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना चाहिए, जिसमें बच्चे को गोद में लेना, वाहन में बच्चे को ले जाना या रैलियों में शामिल करना शामिल है।

यह निषेध कविता, गीत, बोले गए शब्दों, राजनीतिक दल/उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की उपलब्धियों को बढ़ावा देने या प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों की आलोचना करना सहित किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों के उपयोग तक फैला हुआ है।

आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों और मशीनरी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वे चुनाव-संबंधी कार्य या गतिविधियों के दौरान किसी भी क्षमता में बच्चों को शामिल करने से बचें।

मध्याह्न भोजन खाने से बच्चों के तबीयत खराब

बेतिया। बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बांसगांव परसौनी में मध्याह्न भोजन खाने से बच्चों के अचानक तबीयत खराब होने की सूचना जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है। इस विद्यालय के बच्चों को हल्का पेट दर्द एवं उल्टी की शिकायत पर ईलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में 102 बच्चों को, रामनगर में 77 बच्चों को तथा जीएमसीएच, बेतिया में 05 बच्चों को डॉक्टरों की निगरानी में ऑब्जर्वेशन में रखा गया। फिलवक्त इनकी तबीयत सामान्य है और अपने घर पहुंच गए हैं। जीएमसीएच में 05 बच्चे तथा बगहा अस्पताल में 05 बच्चे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। ये बच्चे भी शीघ्र अपने घरों को चले जायेंगे। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय जीएमसीएच पहुँच कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मिले। डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि सभी बच्चे ठीक हैं। आज सुबह तक बच्चे अपने घर चले जायेंगे। जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण द्वारा उक्त घटना की जाँच के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी जाँच कर रिपोर्ट देंगे। जाँच रिपोर्ट के आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही फूड सेम्पल सुरक्षित थाने में रखा गया है, जिसे जाँच हेतु भेजा जाएगा। जिलाधिकारी स्वयं स्थिति का लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं तथा घटना पर नजर बनाए हुए हैं।

रोकथाम | **अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं**

परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्रीय कार्मिक मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 लोकसभा में प्रस्तुत किया। लोक परीक्षा विधेयक का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है। इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केन्द्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। केंद्र सरकार के पास जांच को किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की शक्तियां होंगी।

विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और दस लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। परीक्षा से जुड़ी सेवायें देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुमार्ना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति कुर्क हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पिछले दिनों सरकार की विधेयक लाने संबंधित मंशा को आगे रखा था। उन्होंने कहा था कि परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों से युवाओं को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)